www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, शनिवार, 22 अगस्त 2026 शुक्ल पक्ष-दशमी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 193 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

बड़ी सौगातः अब मड़वा ताप विद्युत गृह से सीधे रोशन होगी राजधानी, सप्लाई ग्रिड से जुड़ा संयंत्र

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर की विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 400 के.वी. रायता (धरसीवां) उपकेंद्र से रायपुर के दलदलसिवनी स्थित निर्माणाधीन 220 के.वी. उपकेंद्र तक लगभग 27 किलोमीटर लंबी 220 के.वी. अति उच्च दाब डबल सर्किट विद्युत लाइन सफलतापूर्वक चालू कर दी गई है। इससे राजधानी का सप्लाई ग्रिड सीधे मड़वा प्लांट से जुड़ गया है।

मुख्यमंत्री और चेयरमैन ने दी बधाईः लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस लाइन के माध्यम से राजधानी रायपुर की लगभग 40 प्रतिशत विद्युत आपूर्ति अब जांजगीर-चांपा जिले के अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह, मड़वा से सीधे की जा सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। वहीं, चेयरमैन सुबोध कुमार सिंह ने इसे राजधानी की विद्युत व्यवस्था के लिए मील का पत्थर बताया है।

मड़वा से सीधी बिजलीः 400 के.वी. रायता उपकेंद्र से दलदलसिवनी तक 220 के.वी. डबल सर्किट लाइन चालू, राजधानी का ग्रिड सीधे मड़वा प्लांट से जुड़ा।

40% बिजली आपूर्ति : लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस लाइन से रायपुर की 40 फीसदी बिजली की जरूरत अब सीधे मड़वा (जांजगीर-चांपा) से पूरी होगी।

इन क्षेत्रों को मिलेगा फायदाः घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ उरला, सिलतरा और मेटल पार्क जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों को मिलेगी उच्च गुणवत्तापूर्ण व निर्बाध बिजली।

50 हजार उपभोक्ताओं को लाभः दलदलसिवनी में निर्माणाधीन उपकेंद्र के जल्द शुरू होने से राजधानी के 50 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

प्रबंध निदेशक ने किया सफल चार्जिंग : छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने कंप्यूटर पर क्लिक कर रायता उपकेंद्र से इस नई लाइन का चार्जिंग कार्य संपन्न कराया। यह लाइन कुशल, सिलियारी, पथरी, टोर, बरबंदा, नेवरा, मटिया, दोंदेखुर्द, सेमरिया, गिरहोली, मांढर, गिरौद, बरौदा, टेकरी और उरकुरा समेत विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी है। दलदलसिवनी में 2×160 एम.वी.ए. क्षमता के उपकेंद्र का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है, जिसके पूर्ण होने से रायपुर की उच्च दाब अधोसंरचना और अधिक मजबूत हो जाएगी।

औद्योगिक क्षेत्रों और घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह, मड़वा में 500-500 मेगावाट क्षमता की दो आधुनिक इकाइयाँ संचालित हैं। रायपुर में सामान्यतः 500 से 700 मेगावाट तक बिजली की मांग रहती है। इस नई लाइन के शुरू होने से न सिर्फघरेलू व गैर-घरेलू उपभोक्ताओं को, बल्कि उरला, सिलतरा और मेटल पार्क के औद्योगिक क्षेत्रों को भी उच्च गुणवत्ता और स्थिर वोल्टेज के साथ बिजली मिल सकेगी।

आज बेबाक

निकल गई हेकड़ी। ऊंट की तरह हथिनी भी आ गई पहाड़ के नीचे। सोचा था भारतीय सेना का अपमान कर बहुत बड़ा काम किया है। भले ही बदनाम होगी पर नाम होगा। दिमागी नक्सलियों से इनाम मिला तो आम के आम गुठलियों के दाम भी मिल जाएंगे। उस बदतमीज ने सपने में भी नहीं सोचा था कि सोशल मीडिया पर देशभक्त जेन जी उसकी ऐसी बैंड बजाएंगे कि वह कहीं अपना थोबड़ा दिखाने लायक नहीं रह जाएगी।अब बैलबुद्धि घड़ियाली आंसू बहा कर माफी मांग रही है। इसकी सजा मिलेगी, बरोबर मिलेगी। ये तो ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है।

राहुल गांधी के 5 घंटे धरने के बाद दिल्ली पुलिस ने मानी मांग

पैलेट गन मामले में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली (ए.)। छात्र आंदोलन के दौरान पैलेट गन के कथित इस्तेमाल से उपजा विवाद अब कानूनी जांच के दायरे में आ गया है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा कड़ा रुख अपनाए जाने और संसद मार्ग थाने के बाहर धरना दिए जाने के लगभग पांच घंटे बाद, दिल्ली पुलिस ने घायल छात्र साहिल लोचव की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्णय लिया है।

शिकायत अनसुनी होने पर थाने पहुंचे राहुल

कांग्रेस के अनुसार, पीड़ित छात्र साहिल ने वकीलों के माध्यम से 14 अगस्त को दिल्ली पुलिस को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन आरोप था कि पुलिस ने न तो कोई औपचारिक पावती दी और न ही जांच अधिकारी के विवरण साझा किए। इसके बाद 17 अगस्त को ईमेल और फोन के जरिए भी संपर्क किया गया, लेकिन जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो 21 अगस्त को राहुल गांधी खुद साहिल और उसकी मां के साथ पुलिस अधिकारियों से मिलने पहुंचे। मांग पूरी न होने पर राहुल गांधी संसद मार्ग पुलिस थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान उनके साथ प्रियंका गांधी वाड्रा भी धरने में शामिल हुईं।

राहुल गांधी का धरना
घायल छात्र साहिल लोचव को न्याय दिलाने की मांग को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल संसद मार्ग थाने के बाहर धरने पर बैठे थे।

गंभीर चोट का आरोप
प्रदर्शन के दौरान 19 वर्षीय छात्र साहिल की आंख और शरीर पर गंभीर चोटें आई थीं, जिसे लेकर कांग्रेस लगातार हमलावर थी।

प्रियंका गांधी की मौजूदगी
धरने के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अन्य कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी समर्थन में धरना स्थल पहुंचे थे।

क्या था पूरा मामला?

यह पूरा विवाद 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद की ओर निकाले गए छात्र मार्च से जुड़ा है। यह आंदोलन मुख्य रूप से नीट पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर शुरू हुआ था। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तनाव बढ़ने के बाद कार्रवाई की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि पुलिस ने छात्रों पर अत्यधिक बल का प्रयोग किया और पैलेट गन का इस्तेमाल किया। इस कार्रवाई में 19 वर्षीय छात्र साहिल लोचव गंभीर रूप से घायल हो गया था। कांग्रेस और राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि साहिल के शरीर में बड़ी संख्या में पैलेट (छर्रे) लगे, जिससे उसकी एक आंख की रोशनी पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है और उसे सर्जरी से भी गुजरना पड़ा है।

अंततः बढ़ते राजनीतिक और कानूनी दबाव के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

न्यायिक सेवा के नियमों में बदलाव, अब एक साल की वकालत करने वाले भी बन सकेंगे जज

नई दिल्ली/वार्ता। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत में न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति से जुड़े नियमों में बड़ा और दूरगामी संशोधन किया है। अदालत ने पेशेवर अनुभव और युवा प्रतिभाओं के बीच संतुलन बनाते हुए वकालत का अनुभव अनिवार्य रखने के सिद्धांत को तो कायम रखा है, लेकिन इसकी न्यूनतम अवधि तीन साल से घटाकर एक साल कर दी है। अब न्यायिक सेवा परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवारों को केवल एक साल की सक्रिय वकालत की आवश्यकता होगी।

हाईकोर्ट जज के साथ क्लर्कशिप करना अनिवार्यः नए नियमों के तहत परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों के लिए कड़े और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत चयनित उम्मीदवारों को राज्य न्यायिक अकादमी में एक साल का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महत्वपूर्ण बदलाव

सुप्रीम कोर्ट ने संक्रमण अवधि के संबंध में राहत देते हुए स्पष्ट किया है कि 31 मार्च 2027 तक लागू रहने वाली इस अवधि के दौरान सभी कानून स्नातक आवेदन करने के पात्र होंगे और उन्हें अलग से प्रैक्टिस का प्रमाणपत्र देने की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान इस बात पर जोर दिया था कि लंबी प्रैक्टिस की शर्त से युवा प्रतिभाओं और विशेष रूप से महिला उम्मीदवारों को पारिवारिक व सामाजिक परिस्थितियों के चलते जो परेशानियां आती हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है।

वंदे मातरम् पर कांग्रेस का निर्णय असंवैधानिक और भविष्य में गंभीर संकट पैदा करने वाला : राजनाथ

नई दिल्ली (वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के पूर्ण गायन के स्थान पर केवल शुरुआत के दो अंतरे गाए जाने से जुड़े कांग्रेस पार्टी के निर्णय पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस कदम को असंवैधानिक, दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय करार देते हुए चेतावनी दी है कि यह राजनीतिक दृष्टिकोण से भविष्य में एक गंभीर संकट पैदा करने वाला है।

संविधान और संसद सर्वोपरि
सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो संदेश में रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस द्वारा वंदे मातरम् का सम्मान करने से औपचारिक रूप से मना करना और इसका विरोध करना अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय संविधान के अनुसार संसद देश की सर्वोच्च संस्था है और उससे पारित कोई भी कानून हर व्यक्ति के लिए बाध्यकारी होता है। यदि कोई इस व्यवस्था को नहीं मानता है, तो संविधान के प्रति उनकी निष्ठा और राष्ट्रगीत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कट्टरपंथ के आगे समर्पण पर रक्षा मंत्री ने जताई चिंता

इतिहास का हवाला देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस 1937 के जिस प्रस्ताव का हवाला देती है, उसे तब मुस्लिम लीग की कट्टरपंथी मांगों के आगे झुककर पारित किया गया था, जिसका परिणाम देश को विभाजन के रूप में भुगतना पड़ा था। उन्होंने कहा कि आज एक बार फिर कट्टरपंथी तत्वों के आगे इस प्रकार का समर्पण देश के भविष्य के लिए गंभीर खतरे के संकेत देता है।

सरकार उन स्पेस स्टार्टअप्स के साथ खड़ी रहेगी जो रोजगार देगा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पेस स्टार्टअप्स को भरोसा दिलाया कि भारत सरकार उनके साथ खड़ी रहेगी, वे भविष्य के लिए भारत की क्षमताएं विकसित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत स्पेस सेक्टर में दुनिया को एक मज़बूत, इनोवेटिव और कमर्शियली फायदेमंद मॉडल दे सकता है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को सेवा तीर्थ में 20 अंतरिक्ष स्टार्टअप के सीईओ और संस्थापकों के साथ बातचीत की। इसके बाद, सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, ÷भारत के स्पेस सेक्टर की 'युवा ऊर्जा' से मिलकर बहुत अच्छा लगाÿऐसे युवा उद्यमी और इनोवेटर जिन्होंने एक नए और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में कदम रखकर अद्भुत साहस दिखाया है।

गरमा-गरम

भारत और सिंगापुर में रणनीतिक साझेदारी उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत और सिंगापुर के बीच चौथी मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक गुरुवार को सिंगापुर में हुई जिसमें दोनों पक्षों के मंत्रियों ने उन्नत विनिर्माण, कनेक्टिविटी, डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, कौशल विकास और स्थिरता जैसे क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि मंत्रियों ने हरित अर्थव्यवस्था, औद्योगिक पार्क, खाद्य सुरक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी और फिनटेक, सेमीकंडक्टर तथा हरित शिपिंग में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने यूपीआई - पे नाउ लेनदेन में वृद्धि, सिंगापुर में भारतीय जेनेरिक दवाओं के पंजीकरण के पायलट प्रोजेक्ट, भारतीय लीची, आम, चेरी और बेर के निर्यात, प्रसंस्कृत पोल्ट्री उत्पादों के निर्यात के लिए मंजूरी, चेन्नई में राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्र के विकास, चौथे सिंगापुर-भारत हैकाथॉन, सेमीकंडक्टर के लिए आगामी ग्रीन लेन पहल, हरित हाइड्रोजन आपूर्ति श्रृंखला और बेंगलुरु में सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन के कार्यालय के खुलने सहित विभिन्न ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इंस्टाग्राम पर शाह और अफसरों पर आपत्तिजनक पोस्ट, एफआईआर दर्ज

■ **'मोटू-पतलू' नाम के इंस्टाग्राम आईडी पर मामला दर्ज**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में सोशल मीडिया के दुरुपयोग का एक गंभीर मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम पर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ के प्रशासनिक अधिकारियों और अन्य विशिष्ट लोगों के खिलाफअश्लील, आपत्तिजनक और भ्रामक पोस्ट शेयर किए जा रहे हैं। इस मामले में रायपुर के सिविल लाइन थाने में आधिकारिक तौर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

क्या है पूरा मामला?

शिकायतकर्ता अमन यादव (निवासी - श्याम नगर, तेलीबांधा) ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि इंस्टाग्राम पर मोटू-पतलू नाम से बने अकाउंट्स का इस्तेमाल करके लगातार आपत्तिजनक वीडियो और संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। आरोप है कि इन पोस्ट के जरिए छत्तीसगढ़ की जनता, समाज और शासन से जुड़े प्रतिष्ठित लोगों के खिलाफअभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कुछ प्रमुख अधिकारियों के वीडियो को एडिट कर या उनके साथ गलत संदर्भ जोड़कर उनकी छवि को सोशल मीडिया पर धूमिल करने की कोशिश की जा रही है।

शिकायतकर्ता की मांग और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता : शिकायतकर्ता ने स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यक्ति या सरकार की नीतियों पर आलोचना करना या अपनी बात रखना 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' का हिस्सा हो सकता है, लेकिन जानबूझकर झूठी, अश्लील, अपमानजनक और भ्रामक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जम्मू-कश्मीर : पुंछ में बड़ा हादसा टला

एलओसी के पास मिले जिंदा मोर्टार को सेना ने किया नष्ट

नई दिल्ली/ए.। सेना ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास मिले एक जिंदा मोर्टार शेल को सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सेना ने पुंछ में एलओसी के मनकोट सेक्टर में मिले एक जिंदा मोर्टार शेल का पता लगाया और उसे सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया। डबराज इलाके में सेना के बम डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीएस) ने एक कंट्रोल्ड डिस्पोजल ऑपरेशन के जरिए इस मोर्टार शेल को निष्क्रिय किया। अधिकारियों ने बताया कि इस ऑपरेशन में किसी के घायल होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास के इलाकों में ग्रामीणों और किसानों को अक्सर बिना फटे जिंदा मोर्टार शेल मिलते हैं। ये शेल खेती के दौरान या भारी बारिश के कारण जमीन से बाहर आ जाते हैं, जो पहले हुई सीमा-पार गोलाबारी का हिस्सा होते हैं। सेना के बम डिस्पोजल स्क्वाड नियमित रूप से इन खतरनाक पुराने हथियारों को सुरक्षित और नियंत्रित तरीके से नष्ट करते हैं। लोगों को सलाह दी जाती है कि वे बिना फटे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

चमोली सुरंग हादसे में मृतकों के परिजनों को पांच लाख की मदद

रायपुर/कोंडागांव। उत्तराखंड के चमोली जिले में एक निर्माणाधीन सुरंग के भीतर अचानक पानी भरने की दुर्घटना ने छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के चार परिवारों को गहरे शोक में डुबो दिया है। इस भीषण हादसे में कोंडागांव के चार श्रमिकों की जान चली गई, जबकि दो अन्य श्रमिक घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही छत्तीसगढ़ शासन स्तर पर त्वरित संवेदना और सहायता के कदम उठाए गए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जताया गहरा दुखः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस दर्दनाक हादसे पर गहरी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मृतकों और घायलों का विवरण

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले श्रमिक कोंडागांव जिले के ही विभिन्न गांवों के रहने वाले थे। इनमें ग्राम धनसुली के दो, मदनार का एक और दहीकोंगा का एक श्रमिक शामिल है। हादसे में घायल हुए दो अन्य श्रमिकों का भी उचित इलाज सुनिश्चित किया जा रहा है। सभी दिवंगत श्रमिकों के पार्थिव शरीर उनके गृह ग्राम कोंडागांव लाए गए, जहां शोकाकुल परिजनों और ग्रामीणों की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

11 आईएफएस अधिकारियों की नई पदस्थापना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय वन सेवा के 11 अधिकारियों के प्रभार बदले हैं। इसमें कई टाइगर रिजर्व और राष्ट्रीय उद्यानों के अफसर शामिल हैं। जारी सूची के अनुसार, सौरभ सिंह ठाकुर को हाथी रिजर्व सरगुजा, दिनेश कुमार पटेल को अचानकमार टाइगर रिजर्व लोरमी, गणेश यू.आर. को अनुसंधान एवं विस्तार बिलासपुर (अतिरिक्त प्रभार बायोस्फियर रिजर्व), अभिनव कुमार को मोहला, एस. नवीन कुमार को पश्चिम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नई दिल्ली के वर्ल्ड लीडर्स फोरम में गूंजा छत्तीसगढ़ का विजन

युवाओं को 'जॉब सीकर' नहीं, 'जॉब क्रिएटर' बना रही साय सरकार

रायपुर/नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ अब अपनी पारंपरिक खनिज और औद्योगिक पहचान से आगे बढ़कर युवा शक्ति, नवाचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टार्टअप, ग्रीन एनर्जी और आधुनिक विनिर्माण पर आधारित नई अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय प्रतिष्ठित वर्ल्ड लीडर्स फोरम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वैश्विक आर्थिक जगत की प्रमुख हस्तियों के समक्ष छत्तीसगढ़ की तेजी से बदलती आर्थिक तस्वीर और भविष्य का विजन प्रस्तुत किया। इस फोरम में

नई औद्योगिक नीति और बंपर निवेश प्रस्ताव : मुख्यमंत्री ने निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश का खुला आमंत्रण देते हुए कहा कि राज्य में पारदर्शी और सुगम वातावरण तैयार किया गया है। 'वन क्लिक सिंगल विंडो सिस्टम 2.0' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस अधिनियम-2026' के तहत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

6.31 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था और मजबूत विकास दर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति का ब्योरा देते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 में राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 6.31 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है और आर्थिक वृद्धि दर 11.57 प्रतिशत दर्ज की गई है। प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 1 लाख 79 हजार 244 रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है।

ग्लोबल मंच पर छत्तीसगढ़ का रोडमैप : नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय वर्ल्ड लीडर्स फोरम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की युवा-केंद्रित अर्थव्यवस्था और भविष्य के विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया।

'जॉब क्रिएटर' बनने पर जोर : प्रदेश के युवाओं को रोजगार तलाशने वाला नहीं, बल्कि नवाचार और उद्यमिता के बल पर दूसरों के लिए रोजगार पैदा करने वाला ('जॉब क्रिएटर') बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

8 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव : नई औद्योगिक नीति 2024-30 और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधारों के बाद राज्य को 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

एआई और स्टार्टअप को बढ़ावा : वर्ष 2030 तक 5 हजार स्टार्टअप का लक्ष्य, 6 लाख विद्यार्थियों को एआई प्रशिक्षण और नवा रायपुर में 1,000 करोड़ की लागत से एआई डेटा सेंटर पार्क का निर्माण किया जा रहा है।

बस्तर में विकास के नए द्वार : सुरक्षा में सुधार के बाद बस्तर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिल रही है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति लेंजवारा
(पं.क्र.-387) जिला- बेमेतरा
दीनदयाल साहू — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
तिलक राम साहू — प्रबन्धक- समिति सहायक
कमल नारायण शर्मा — शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति अकलवारा
(पं.क्र.-365) जिला- बेमेतरा
कलाराम वर्मा — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
योगेश पटेल — प्रबन्धक- समिति सहायक
मनोज कुमार चन्द्राकर — शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति चोंगी खपरी
(पं.क्र.-377) जिला- बेमेतरा
हरेन्द्र यादव — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
नरसिंह साहू — प्रबन्धक- समिति सहायक
मनोज कुमार चन्द्राकर — शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति देवकर
(पं.क्र.-1606) जिला- बेमेतरा
बुधारू राम साहू — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
लक्ष्मी नारायण साहू — प्रबन्धक- समिति सहायक
मनोज कुमार चन्द्राकर — शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति चेचानमेटा
(पं.क्र.-368) जिला- बेमेतरा
नथमल कोठारी — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
लोमेश साहू — प्रबन्धक- समिति सहायक
रामकिशुन वर्मा — शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति कठिया
(पं.क्र.-1138) जिला- बेमेतरा
ताराचंद साहू — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
गोपी किशन साहू — प्रबन्धक- समिति सहायक
एमसी अनन्त — शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति कुसमी
(पं.क्र.-570) जिला- बेमेतरा
मोहन साहू — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
रूपेश कुमार साहू — प्रबन्धक- समिति सहायक
रमेश ठाकुर — शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति केहका
(पं.क्र-2513) जिला- बेमेतरा
देवनारायण साहू — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
रामजी साहू — प्रबन्धक- समिति सहायक
एमडी मस्तके — शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति मोहतरा
(पं.क्र.-512) जिला- बेमेतरा
लव कुमार साहू — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
कोमल पाण्डेय — प्रबन्धक- समिति सहायक
श्रवण कुमार जांगड़े — शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति किरितपुर
(पं.क्र.-386) जिला- बेमेतरा
सुंदर यादव — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
तेजराम साहू — प्रबन्धक- समिति सहायक
एमसी अनन्त — शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति जेवरा
(पं.क्र.-583) जिला- बेमेतरा
प्रबल सिंह ठाकुर — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
वरुण सिंह — प्रबन्धक- समिति सहायक
एमसी अनन्त — शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति बेरला
(पं.क्र.-922) जिला- बेमेतरा
शैलेश माहेश्वरी — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
एसके कुम्भकार — प्रबन्धक- समिति सहायक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति बांसा
(पं.क्र.-) जिला- बेमेतरा
प्रह्लाद पप्पू वर्मा — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
खिलेन्द्र कुमार कुर्रे — प्रबन्धक- समिति सहायक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति थान खम्हरिया
(पं.क्र.-1111) जिला- बेमेतरा
विनय कुमार जौहाआंस — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
आशीष राजपूत — प्रबन्धक- समिति सहायक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति सलधा
(पं.क्र.-378) जिला- बेमेतरा
बिसन साहू — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
लेखराम साहू — प्रबन्धक- समिति सहायक
हीरालाल पटेल — शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति डंगनिया-ब
(पं.क्र.-379) जिला- बेमेतरा
रामकुमार साहू — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
भागवत साहू — प्रबन्धक- समिति सहायक
हीरालाल पटेल — शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति बारगाँव
(पं.क्र.-382) जिला- बेमेतरा
नरेंद्र वर्मा — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
अनिल यादव — प्रबन्धक- समिति सहायक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति कोंगियाकला
(पं.क्र.-2531) जिला- बेमेतरा
नन्दिनी पटेल — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
डोमार जायसवाल — प्रबन्धक- समिति सहायक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति टकसींवा
(पं.क्र.-2023) जिला- बेमेतरा
जगदीश प्रसाद कुर्रे — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
सन्तोष रजक — प्रबन्धक- समिति सहायक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति मंजगाँव
(पं.क्र.-373) जिला- बेमेतरा
राजाराम सिंह ठाकुर — अध्यक्ष, प्राधिकृत समिति
चुरामनी साहू — प्रबन्धक- समिति सहायक

गंज मंडी प्रोजेक्ट, पुराना नगर निगम भवन के पुनर्विकास की केन्द्र को दी जानकारी

- **प्रमुख सचिव बोरा ने केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव सत्येन्द्र सिंह से नई दिल्ली में की मुलाकात**
- **मिशन अमृत को सभी निकायों में लागू करने का किया आग्रह**

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव सोनमणि बोरा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव सत्येन्द्र सिंह से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान केन्द्रीय सचिव को राज्य के नगरीय निकायों में भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। श्री बोरा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) की प्रगति से अवगत कराए जाने पर आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य में इसके प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की। श्री बोरा ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के

कार्यों को विस्तारित कार्यावधि के भीतर पूर्ण कराने के लिए राज्य शासन द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना की जानकारी दी। राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल भी इस दौरान मौजूद थे।

'संकल्प भवन' में हुई मुलाकात के दौरान श्री बोरा ने छत्तीसगढ़ में विभिन्नि केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं अरबन चैलेंज फण्ड, मिशन अमृत और स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राज्य की ओर से समयबध्द् तरीके से इन योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रति प्रतिबद्धता जताई। श्री बोरा ने केन्द्र सरकार के सचिव को बताया कि अरबन चैलेंज फण्ड के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को 6000 करोड़ रुपए के केन्द्रीय एलोकेशन में से 1500 करोड़ रुपए की राशि आबंटन के लिए प्रावधानित की गई है। अरबन चैलेंज फण्ड के तहत रायपुर में गंज मण्डी , टर्शरी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, नवीन मार्केट रिडेवलपमेंट, पुरानी म्यूनिसिपल बिल्डिंग के पुनर्विकास एवं भिलाई-दुर्ग क्लस्टर में हाइब्रिड मॉडल में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लां ट का चिन्हांकन किया गया है। इसके लिए राज्य स्तर पर हुडको से वित्तीय सहायता एवं क्षमता विकास के लिए कार्ययोजना पर द्रुतगति से कार्य किया जा रहा है। प्रमुख सचिव ने अरबन चैलेंज फण्ड अंतर्गत समय-सीमा के भीतर भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

आग्रह पर 100 करोड़ त्वरित जारी

श्री बोरा ने मिशन अमृत 2.0 के कार्यों के अद्यतन प्रगति की जानकारी देते हुए इसके तहत लिए गए कार्यों को चरणबद्ध रूप से अगले डेढ़ वर्षों में पूर्ण किए जाने की विस्तृत कार्ययोजना साझा की। उन्होंने भारत सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राप्त100 करोड़ रुपए के संपूर्ण व्यय से अवगत कराते हुए इसकी अग्रिम किस्त की राशि जारी करने का अनुरोध किया। उनके अनुरोध पर भारत सरकार ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 100 करोड़ रुपए राज्य को जारी किए। श्री बोरा ने राज्य के ऐसे नगरीय निकायों जहां अभी अमृत मिशन के अंतर्गत कार्ययोजना स्वीकृत नहीं है, वहां मिशन अमृत लागू करने एवं अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने का भी आग्रह भारत सरकार से किया। नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव श्री बोरा ने केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव सत्येन्द्र सिंह को राज्य में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 की घटकवार प्रगति से अवगत कराते हुए मिशन की अवधि समाप्त होने में बचे कम समय को देखते हुए प्रगतिरत सभी कार्यों को विशेष कार्ययोजना बनाकर निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का प्रयास करने की बात कही।

न्यूज गैलरी

छतीसगढ़ में यूसीसी के प्रारूप पर मंथन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता लागू करने और इसका प्रारूप तैयार करने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की उपस्थिति में आगामी 27 अगस्त 2026 को राजधानी के कन्वेंशन हॉल, न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइन, रायपुर में एक राज्य स्तरीय परिचयात्मक बैठक आयोजित की जा रही है। इस महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय पर व्यापक विचार-विमर्श करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 200 प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधि और विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों के विचार, अनुभव और सुझाव कानून के भावी स्वरूप को गढ़ने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

भाजपा युवाओं के सपनों के साथ खड़ी है : चिमनानी

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कांग्रेस के पिछले कार्यकाल और वर्तमान भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली की तुलना करते हुए कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया है।उन्होंने कहा, कांग्रेस युवाओं का भविष्य चौपट करने वालों के साथ खड़ी रही,उनका संरक्षण किया,कोई कार्यवाही नहीं कि जबकि भाजपा ने तत्काल कार्यवाही कर युवाओं को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करने वालों को कड़ा संदेश दिया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री चिमनानी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में पीएससी का बड़ा घोटाला कर प्रदेश के युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेलने का काम किया था। उस दौरान किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई तो दूर, कांग्रेस सरकार ने यह मानने से भी इनकार कर दिया था कि कोई घोटाला हुआ है।

साइबर जागृति एवं 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी से बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष साइबर जागृति अभियान के अंतर्गत पुलिस कमिश्नरेट रायपुर के नॉर्थ जोन में आज विभिन्न स्कूलों में साइबर जागृति एवं ÷संवाद से समाधान÷ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 1080 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाया गया। पुलिस आयुक्त डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित तुकाराम कांबले के मार्गदर्शन में, पुलिस उपायुक्त नॉर्थ जोन श्रीमती दीपमाला कश्यप एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नॉर्थ जोन श्री आदित्य पांडे के पर्यवेक्षण में आयोजित कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के नए तरीकों एवं उनसे बचाव के व्यवहारिक उपायों के प्रति जागरूक करना रहा।

शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और विद्यार्थी-केंद्रित बनाने पर सरकार का विशेष जोर

शिक्षकों के पांच हजार पदों पर सीधी व तीन हजार पदों पर संविदा भर्ती की प्रक्रिया जारी

- **स्कूल शिक्षा विभाग की उपलब्धियों पर मंत्री गजेंद्र यादव ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस**

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग की विगत दो वर्षों की विभागीय गतिविधियों एवं उपलब्धियों को लेकर आज छत्तीसगढ़ संवाद के ऑडिटोरियम, अटल नगर, नवा रायपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस को स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। इस दौरान विभाग द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षकों की उपलब्धता एवं पदोन्नति, भर्ती प्रक्रिया, विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं, विद्यालय अधोसंरचना, बहुभाषी शिक्षा तथा तकनीक आधारित मॉनिटरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने बताया कि विगत दो वर्षों में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा व्यवस्था को अधिक गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी, तकनीक-सक्षम, समावेशी एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के प्रावधानों के अनुरूप 10,538 विद्यालयों का समायोजन किया गया। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से 15,165 शिक्षकों एवं प्राचार्यों का समायोजन किया गया। 453 शिक्षकविहीन विद्यालयों में शिक्षकों की पूर्ति तथा 4,729 एकल शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। शिक्षकों की पदोन्नति के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। टी संवर्ग में 1,335 तथा ई संवर्ग में 1,478, कुल 2,813 पदों पर प्राचार्यों की पदोन्नति की गई। टी संवर्ग में 1,798 व्याख्याताओं की पदोन्नति तथा विगत दो वर्षों में विभिन्न पदों पर 7,000 से अधिक पदोन्नतियां की गई हैं।

शिक्षक भर्ती को मिली गति

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल एजुकेटर के 848 पद स्वीकृत किए गए। वर्ष 2025 में 62 पदों पर सीधी भर्ती से नियुक्ति की गई। विगत दो वर्षों में 2,104 शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती की गई है। इसके अतिरिक्त 5,000 शिक्षकीय पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा प्रक्रिया में है। स्वामी आत्मानंद एवं विवेकानंद विद्यालयों में 3,000 से अधिक पदों पर संविदा भर्ती प्रक्रिया भी जारी है।

पारदर्शी एवं तकनीक आधारित भर्ती प्रक्रिया

मंत्री श्री यादव ने बताया कि

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय एवं अन्य शासकीय संस्थाओं में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक संविदा पदों की भर्ती के लिए राज्य स्तरीय ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की शुरुआत की गई है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के 1,895 तथा स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय के 1,171, कुल 3,066 पदों पर संविदा भर्ती प्रक्रिया प्रचलित है। सीबीटी के माध्यम से भर्ती में पारदर्शिता और कम समय में परीक्षा परिणाम उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है।

नई शिक्षा नीति एवं पाठ्यपुस्तकों में नवाचार

15 जुलाई 2024 से विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू की गई। कक्षा 1 एवं 2 की हिंदी पुस्तकों में बारहखड़ी को शामिल किया गया। कक्षा 1 एवं 2 के लिए 16 स्थानीय तथा 4 अंतरराज्यीय भाषाओं में पाठ्यपुस्तकों का निर्माण किया गया। कक्षा 1, 2, 3 एवं 6 के विषयों की एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों का अनुकूलन किया गया है। कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए सहायक वाचन सामग्री भी विकसित की गई ।श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ भाषा-चित्रण करने वाला देश का पहला राज्य है। बस्तर संभाग में बच्चों की भाषा के कक्षा में उपयोग के लिए 2,700 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। सरगुजा संभाग में 2,368 शिक्षकों का प्रशिक्षण किया गया है। कक्षा 1 से 3 तक छत्तीसगढ़ी, गोंडी, हल्बी और सादरी को शिक्षा के माध्यम के अनुरूप पाठ्यपुस्तक निर्माण की प्रक्रिया जारी है।

अप्रारंभ कार्यों को तत्काल शुरू कर समय-सीमा में पूरा करें

- **अधिकारी एवं कर्मचारी मैदानी स्तर पर पूरी सक्रियता और मुस्तैदी के साथ कार्य करें-कलेक्टर**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में पंचायत एवं विकास विभाग की योजनाओं एवं ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन ने वीबी-जी राम जी, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, 15वें वित्त आयोग, समर्थ पंचायत पोर्टल, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाले ग्रामीण विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को अप्रारंभ कार्यों को तत्काल शुरू कराने, प्रगतिरत कार्यों को गति देने और पूर्ण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में वीबी-जी राम जी के तहत स्वीकृत कार्यों की पंचायतवार समीक्षा की गई। स्वीकृत शौचालयों में कार्य प्रारंभ होने की स्थिति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने जहां कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए। बालिका शौचालय, सोकपिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, किचन गार्डन, किचन शेड सहित अन्य स्वीकृत कार्यों की भी समीक्षा की गई।

'वन्दे मातरम्' का अपमान देश के स्वाभिमान पर सीधा प्रहार : तोखन

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' को लेकर कांग्रेस के रुख की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कहा है कि जिस 'वन्दे मातरम्' के उद्घोष ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में लाखों क्रांतिकारियों को मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने का साहस दिया, उस राष्ट्रगीत के प्रति कांग्रेस का रवैया उसकी संकुचित मानसिकता और वोट बैंक की राजनीति को दर्शाता है। केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री साहू ने कहा कि 'वन्दे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता, संस्कृति और करोड़ों भारतीयों की राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। कांग्रेस द्वारा इस पावन गीत के प्रति उपेक्षा दिखाना अमर बलिदानियों और राष्ट्रीय प्रतीकों का खुला अपमान है। श्री साहू ने कहा कि सत्ता और तुष्टीकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस लगातार ऐसे मुद्दों पर राष्ट्रहित के विपरीत खड़ी नजर आती है। एक वर्ग विशेष को साधने के लिए देश की सांस्कृतिक पहचान और गौरव के साथ समझौता करना पूरी तरह अस्वीकार्य है।

भारत की जनता अपने राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उसे 'माँ भारती' की वंदना और राष्ट्रीय स्वाभिमान के इस अमर मंत्र से परहेज क्यों है? श्री साहू ने कहा कि राष्ट्रहित, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगीत राजनीति से परे हैं और इन पर किसी भी तरह का समझौता भारत के लोकतांत्रिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के विरुद्ध है।

इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के दौरान किशोर महानंद का खिलाड़ियों ने किया सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में आयोजित इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के दौरान खेल जगत से जुड़े खिलाड़ियों एवं आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों ने वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर महानंद का सम्मान किया। खिलाड़ियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और खेलों के प्रति उनके सहयोग एवं प्रोत्साहन की सराहना की। इस अवसर पर किशोर महानंद ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत 7,230 नए आवासों को मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) घटक के तहत छत्तीसगढ़ में 7,230 नए आवासों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्तों और नगर पालिका व नगर पंचायतों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इससे पहले पिछले महीने 11,477 नए आवासों के निर्माण को स्वीकृति मिली थी। केंद्र सरकार से अब तक बीएलसी घटक के तहत प्रदेश में 55,953 आवासों के निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की केंद्रीय स्वीकृति एवं अनुश्रवण समिति की आठवीं बैठक छह अगस्त को हुई थी। इसमें 106 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

281.24 करोड़ रुपए की परियोजना लागत

स्वीकृत 7,230 आवासों के लिए कुल परियोजना लागत 281.24 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। इसमें केंद्रांश के रूप में 108.45 करोड़ रुपए और राज्यांश के रूप में 72.30 करोड़ रुपए का प्रावधान है। वहीं हितग्राही अंशदान 23.75 करोड़ रुपए रहेगा।
सूडा ने स्पष्ट किया है कि आवास निर्माण केंद्र और राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही किया जाएगा। हितग्राहियों को संबंधित नगरीय निकाय से भवन अनुज्ञा प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

चार किस्तों में मिलेंगे 2.50 लाख रुपए: पीएम आवास निर्माण के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से हितग्राहियों को चार किस्तों में कुल 2.50 लाख रुपए दिए जाएंगे। निर्माण की प्रगति के अनुसार राशि जारी की जाएगी। हितग्राहियों को आवंटित राशि का 70 प्रतिशत उपयोग करने के बाद निर्धारित प्रारूप में उपयोगिता प्रमाण पत्र देना होगा। इसके बाद ही अगली किस्त जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत निर्धारित 18 महीने की समयसीमा में आवास का निर्माण पूरा करने वाले हितग्राहियों को राज्य सरकार की ओर से 32,850 रुपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। इस तरह पात्र हितग्राही को कुल 2 लाख 82 हजार 850 रुपए की राशि प्राप्त होगी।

30 से 45 वर्गमीटर का आवास बनाना अनिवार्य : योजना के तहत आवास निर्माण के लिए 30 से 45 वर्गमीटर कारपेट क्षेत्रफल निर्धारित किया गया है। हितग्राहियों के लिए इसी क्षेत्रफल के अनुरूप आवास निर्माण करना अनिवार्य होगा।

स्कूली बस की चपेट में आकर मासूम की मौत, क्षेत्रवासियों ने घेरा थाना

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में मंगलवार की सुबह एक सड़क हादसा हो गया। निजी स्कूल बस ने विधानसभा रोड में 2 साल की मासूम को चपेट में ले लिया। हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और क्षेत्रवासियों ने आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए विधानसभा थाने का घेराव कर दिया। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित परिवार विधानसभा क्षेत्र के अंडरब्रिज के पास रहता है। सुबह करीब 8 बजे निजी स्कूल के बस छात्रों को लेकर जा रही थी। इस दौरान सर्विस रोड में 2 साल का मासूम चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दर्दनाक हादसे के बाद बस्ती और परिजन विधानसभा थाना पहुंचे। बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए थाने का घेराव किया. पुलिस ने परिजनों को आरोपी चालक के खिलाफ उचित कार्रवाई का भरोसा दिया.

छत्तीसगढ़ कम्प्रेस्ड बायोगैस नीति-2026 से स्वच्छ ऊर्जा और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति

कम्प्रेस्ड बायोगैस, ग्रीन हाइड्रोजन व जैव ईंधन से खुलेंगे निवेश के नए अवसर

- **क्लस्टर आधारित मॉडल से किसानों, स्व-सहायता समूहों और स्थानीय समुदायों की बढ़ेगी आय**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध कृषि अवशेष, वन संसाधन, पशुधन अपशिष्ट और नगरीय जैव अपशिष्ट को स्वच्छ ऊर्जा में परिवर्तित कर प्रदेश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था में रोजगार और आय के नए अवसर तैयार किए जा सकते हैं। कम्प्रेस्ड बायोगैस, ग्रीन हाइड्रोजन, बायो एथेनॉल और अन्य जैव ईंधनों के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं का योजनाबद्ध उपयोग छत्तीसगढ़ को देश की उभरती जैव ऊर्जा अर्थव्यवस्था में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित कर सकता है।

इन्हीं संभावनाओं और भावी कार्ययोजना पर व्यापक विचार-विमर्श के लिए छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र, इसके टेक्निकल पार्टनर सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) तथा छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में अरण्य भवन, नवा रायपुर अटल नगर के सभागार में ऊर्जा सुरक्षा एवं आर्थिक विकास में जैव ऊर्जा की भूमिका पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित की गई।

बायोमास को अपशिष्ट नहीं, आर्थिक संसाधन के रूप में देखने की जरूरत : सरकार

छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित सरकार ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि ऊर्जा सुरक्षा तथा सामाजिक और पर्यावरणीय विकास के लक्ष्यों को एक साथ हासिल किया जा सकता है। इसके लिए बायोमास को केवल कृषि अवशेष अथवा अपशिष्ट के रूप में देखने के बजाय ऊर्जा आधारित आर्थिक विकास और हरित रोजगार के महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में विकसित करना होगा।उन्होंने कहा कि कम्प्रेस्ड बायोगैस, बायोएथेनॉल और अन्य बायोफ्यूल जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इनके उपयोग से उद्योगों के कार्बन उत्सर्जन को कम करने के साथ संसाधनों के पुनः उपयोग पर आधारित सर्कुलर इकोनॉमी को भी मजबूत किया जा सकता है।

ट्रक में 19.10 लाख का गांजा जब्त, पश्चिम बंगाल के दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर कमिश्नरेट की सूखे नशे के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में तेलीबांधा थाना पुलिस और एएनटीएफ की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने ट्रक से 19 लाख रुपए से ज्यादा का गांजा जब्त किया है। साथ ही दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। यह पूरा मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, तेलीबांधा थाना पुलिस और एएनटीएफ की टीम ने सूचना पर अग्रसेन धाम के पास सर्विस रोड पर अशोक लीलैंड ट्रक को पकड़ा, जिसके अंदर से 191 किलो गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजे की कीमत 19 लाख 10 हजार रुपए बताई जा रही है। इतना ही नहीं ट्रक को भी जब्त कर लिया गया है।

एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज: इसी के साथ ही टीम ने पश्चिम बंगाल के 2 आरोपी मोहम्मद लाल और मोहम्मद रूस्तम को भी गिरफ्तार किया है, जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया है। साथ ही टीम ने आगे की कार्रवाई भी शुरु कर दी है।

नवप्रदेश
रायपुर, शनिवार, 22 अगस्त 2026
Email: navpradesh@gmail.com

सुविचार

जिंदगी तब बेहतर होती है जब हम खुश होते हैं लेकिन उस समय जिंदगी बेहतरीन हो जाती है हमारी वजह से दूसरे खुश होते हैं।

सोशल मीडिया की बढ़ती ताकत

सोशल मीडिया की बढ़ती ताकत का एहसास अब देश विरोधी और अराजक तत्वों को भी होने लगा है। नई दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट पेपरलीक मामले को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन में घुसपैठ करने वाले आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अराजक तत्वों और गालीबाज गैंग को सोशल मीडिया में ही देशभक्त लोगों ने बेनकाब कर उनकी अक्ल ठिकाने लगाई थी जिसका असर यह हुआ कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गालीबाज लोगों को माफ किये जाने के बावजूद लोगों ने गालीबाज गैंग को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया। नतीजतन वे गालीगलौज करने वाले लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आकर ही अपनी गलती की मांफी मांगने के लिए मजबूर हुए। इसी क्रम में एक महिला ने लद्दाख और कश्मीर की सीमा पर भारतीय सेना के बारे में अनरगल बातें कहीं और सेना के जवानों का अपमान करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। उस बददिमाग और बदतमीज महिला का वह वीडियो सोशल मीडिया पर इस कदर वायरल हुआ और देशभक्त लोगों ने उसकी ऐसी क्लास लगाई की उसे भी अपने किये की माफी मांगनी पड़ी। खबरिया चैनल पर आकर उसने भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ ही पूरे देश से माफी मांगी है। उसने टसुए बहाते हुए कहा है कि पता नहीं कैसे उसे इतना गुस्सा आ गया था कि वह अपना आपा खो बैठी और भारतीय सेना के खिलाफ जो मुंह में आया बोल गई इसके लिए वह दिल से शर्मिंदा है और अपने फौजी भाइयों से हाथ जोड़कर माफी मांगती हूं क्योंकि फौजी भाइयों की वजह से ही हमारा देश सुरक्षित है। जाहिर है भारतीय सेना तो इस बददिमाग का तो माफ कर भी चुकी होगी। सरकार भी शायद माफ कर दें लेकिन देशभक्त लोग इसे कतई माफ नहीं करेंगे। इसके माफी मांगने के बाद भी सोशल मीडिया पर इसे जमकर ट्रोल किया जा रहा है। यह न सिर्फ इसी महिला के लिए सबक है बल्कि उन अराजक तत्वों के लिए कड़ा सबक है जो भारतीय सेना का अपमान करना अपनी शान समझते हैं। ऐसे लोगों को सोशल मीडिया के योद्धा कभी माफ नहीं करेंगे। करना भी नहीं चाहिए। एसे लोगों को सोशल मीडिया पर ही सबक सिखाया जा सकता है और इनका दिमाग ठिकाने पर लाया जा सकता है। ऐसे गालीबाज लोगों को जो सोशल मीडिया पर अपना वीडियो वायरल करके चर्चा में आना चाहते हैं उन्हें यह बात याद रखनी चाहिए कि यदि वे देशविरोधी ऐजेन्डा चलाएंगे या भारतीय सेना की शान में गुस्ताखी करने की हिमाकत करेंगे तो उन्हें सोशल मीडिया में ही लोग उन्हीं की भाषा में जवाब देंगे और ऐसा करारा जवाब देंगे कि उनकी बोलती बंद हो जाएगी। वे कहीं मुंह दिखाने के काबिल नहीं रह जाएंगे। बेहतर होगा कि ऐसे लोग अब सबक लें।

कॉकरोचों की छापामार कार्रवाई का विरोध

कॉकरोच जनता पार्टी ने नीट पेपरलीक मामले को लेकर आंदोलन किया और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देने के लिए बाध्य कर दिया। इसके बाद अब कॉकरोच जनता पार्टी ने सरकारी स्कूलों की बदहाली को उजागर करने के लिए अभियान शुरू किया है। उनका यह अभियान गलत नहीं है। सरकारी स्कूलों की अव्यवस्था और खामियां सामने आनी भी चाहिए। यदि कॉकरोच जनता पार्टी ईमानदारी से ऐसा करती है तो इसमें कोई हर्ज नहीं है किन्तु इस नाम पर यदि वह अपनी सियासत चमकाने का प्रयास करेगी। तो उसका विरोध होना स्वभाविक है। राजस्थान के जयपुर में सीजेपी के कार्यकर्ता एक गांव के स्कूल में छापामार कार्यवीाही करने पहुंच गये और कहा कि वे स्कूल का ऑडिट करने आये हैं। उनकी इस कार्यवाही से वहां पढ़ाई कर रहे छात्रों के अध्ययन में भी व्यवधान पड़ा। नतजीतन वहां बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गये और उन्होंने कॉकरोचों को वहां से खदेड़ कर भगा दिया। ग्रामिणों का कहना है कि इस स्कूल में समस्याएं तो बहुत है लेकिन इसे हम स्थानीय लोग ही सरकार से दूर कराएंगे। हम स्कूल को राजनीति का अखाड़ा बनने नहीं देंगे और किसी बाहरी लोगों को इसमें हस्तक्षेप नहीं करने देंगे। वहां से कॉकरोचों को मुंह लटकाकर लौटना पड़ा। इसी तरह महाराष्ट्र के हिंगोली गांव के एक सरकारी स्कूल में कॉकरोच जनता पार्टी के अभीजित दीपके मीडिया का लाव लस्कर लेकर पहुंचे और वहां पढ़ाई कर रहे छात्रों के बीच बैठकर नेतागिरी झाड़ने लगे और कहा कि वे स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण करने के लिए आये हैं। यहां पर सवाल उढ़ता है कि क्या अभीजित दीपके कोई विधायक या सांसद हैं या शिक्षा अधिकारी हैं जो वे अकास्मिक निरीक्षण करने पहुंच गये थे। समझ में नहीं आता कि स्कूल वालों ने उन्हें बच्चों की पढ़ाई के दौरान स्कूल में घुसने ही क्यों दिया। कायदे से तो स्कूल प्रबंधन के खिलाफ ही कार्यवाही की जानी चाहिए। मजे की बात तो यह थी अभीजित दीपके के लोगों ने उस स्कूल में भीड़ बढ़ाने दूसरे स्कूलों के छात्रों को भी बैठा दिया था। इसी से स्पष्ट है कि कॉकरोच सिर्फ अपनी राजनीति चमकाने का अभियान चला रहे हैं। जिसकी वजह से उनका विरोध भी हो रहा है। इन कॉरोचों को ऐसी मनमानी की छूट देना समझ से परे है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1827- जोसे डे ला मार पेरू के राष्ट्रपति बने थे. 1846- मेक्सिको को दूसरा संघीय गणराज्य स्थापित किया गया था. 1851-ऑस्ट्रेलिया में सोने के क्षेत्रों की खोज हुई थी. 1902 - कैडिलैक मोटर कंपनी की स्थापना हुई थी. 1921-राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई थी 1934- ऑस्ट्रेलिया के बिल वुडफुल एशेज कप को दो बार हासिल करने वाले एकमात्र क्रिकेट कप्तान बने थे। 1944- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और चीन के प्रति?निधियों ने संयुक्त राष्ट्र के गठन की योजनाओं को लेकर मुलाकात की थी। 1953 - डेविल द्वीप पर दंड कॉलोनी स्थायी रूप से बंद हो गयी थी। 1962-ओएएस ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति चार्ल्स डी गॉल की हत्या का प्रयास किया था। 1968 -पोप पॉल ङ्कढ्ढ, कोलंबिया के बोगोटा में आता है. यह लैटिन अमेरिका के लिए पोप की पहली यात्रा थी। 1969 - अमेरिका में समुद्री तूफान आने से 255 लोगों की मौत हुई थी। 1971- जे एडगर हूवर और जॉन मिशेल ने कैमडेन 28 में से 20 की गिरफ्तारी की घोषणा की थी। 1972 -रोड्सिया को आईओसी द्वारा अपनी जातिवादी नीतियों के लिए निष्कासित कर दिया गया था।

'वंदे मातरम' गान का स्वरूप और ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

डॉ. प्रवीण दाताराम

भारतीय स्वतंत्रता-संग्राम का शायद ही कोई दूसरा गीत "वन्दे मातरम" जितना भावात्मक, राजनीतिक और ऐतिहासिक रहा हो। बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय जी की यह रचना केवल साहित्य नहीं अपितु वह स्वदेशी आन्दोलन, क्रांतिकारियों और राष्ट्रीय जागरण का उद्भट उद्घोष बनी थी। 15 अगस्त, 2026 को कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में कारित घृणित कृत्य से कांग्रेस का इस्लामिक डीएनए पुनः सिद्ध हो गया है। वंदे मातरम् के इस अपमान के समय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, दशक भर कांग्रेस अध्यक्ष रही सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे उपस्थित थे। दुस्साहस और दुर्भाग्य का विषय यह है कि इन तीनों ने ही वंदे मातरम् के अपमान के इस दुष्कृत्य को प्रारंभ किया था।

एक बंगाली कहावत है - "मायेर स्तबेर अर्धेक ग्रहण, अर्धेक बर्जन, ए कैमन सन्तानेर भक्ति?"

मातृभूमि के स्तुति गीत को आधा स्वीकारना और आधा त्यागना, यह किस प्रकार की संतान की भक्ति है? भद्र बंगाल की सौ वर्षों की व्यथा, वेदना ही इस लोकोक्ति रूप में प्रकट हुई है।

इस दुर्भाग्यजनक घटना के बाद कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं ने देश को स्पष्टीकरण देना प्रारंभ किया कि - ÷सोनिया गांधी ने वंदे मातरम् का अपमान नहीं किया बल्कि वे बुजुर्ग खड़गे जी को खड़े होने के कारण असहज होता देखकर उनके लिए कुर्सी मंगा रही थी÷। यहीं से कांग्रेस नेतृत्व की मूढ़ता, राष्ट्र अनास्था व मुस्लिम तुष्टिकरण के पक्ष में दुराग्रह रखने के चरित्र की पुनरावृत्ति दिखाई पड़ती है।

इस घटनाक्रम के अंतरतत्व को समझिए। कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं को अपने नेतृत्व द्वारा 'वंदे मातरम्' का यह अपमान बुरा लगा इसलिए ही उन्होंने बिना केंद्र या प्रदेश नेतृत्व के कहे ही इस घटना पर कांग्रेस नेतृत्व का बचाव प्रारंभ कर दिया था। हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर लाखों पोस्ट डाली और कांग्रेस नेतृत्व का बचाव किया। यह 'वंदे मातरम्' और 'मुस्लिम तुष्टिकरण की कांग्रेसी प्रवृत्ति' के विरोध का प्रतीक था। इस मनोभाव को कांग्रेस के इटालियन नेतृत्व ने समझने का प्रयास ही नहीं किया। कांग्रेस ने इस घटना पर अपने कार्यकर्ताओं की भावनाओं को नहीं समझा तो भी कोई बात नहीं होती। कांग्रेस ने तो अपनी हठधर्मिता, अड़ियलपन, मति मूढ़ता की हद तो तब दिखा दी जब उसने अपनी राष्ट्रीय वर्किंग कमेटी में 'वंदे मातरम्' को पूर्ण रूप में नहीं गाने के लिए प्रस्ताव ही पारित कर दिया। 'वंदे मातरम्' के हाल ही में किए गए

अपराध और अपमान के संदर्भ में कांग्रेस के प्रवक्ता और आधिकारिक व्यक्तव्य जो कह रहे हैं उसमें वे गांधी जी, नेताजी सुभाषचंद्र, गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर आदि का नाम लेते हुए इस गीत के विभाजन को उनकी से हुआ बता रहे हैं। यह एक भ्रमजाल और झूठ का पहाड़ है। गांधी जी तो इस बात के पक्षधर थे कि यह गीत संपूर्ण देश को जोड़ने वाला प्राणतत्व है और इसे इसके पूर्ण वैभव के साथ संपूर्णतः स्वीकार किया जाना चाहिए। गांधी जी ने इसके समर्थन में अपनी स्पष्ट राय रखी थी, किंतु जवाहरलाल नेहरू ने तुष्टिकरण की अपनी राजनैतिक कुटिलताओं और प्राथमिकताओं के चलते गांधी जी की एक न चलने दी। इतिहास यह भी है कि, यह दुखद एतिहासिक पृष्ठ रहस्यमयी भी है। रहस्य यह कि - "अंततः वह कौन सी कमजोर नस थी,, जिसके आधार पर नेहरू जी ऐसे निर्णय भी गांधी जी से करवा लेते थे जिनके लिए गांधी जी कभी भी तैयार नहीं थे"। गांधी जी वंदेमातरम् विभाजन हेतु असहमत थे। गांधी जी बंग-भंग हेतु भी सहमत नहीं थे। गांधी जी ने कहा था कि "इस देश का विभाजन मेरी लाश पर होगा"। गांधी जी स्वतंत्रता पश्चात् कांग्रेस को विसर्जित करने हेतु भी संकल्पित थे। गांधी जी ने कहा था कि स्वतंत्रता पश्चात् हम एक बूँद की स्याही लेंगे और यह लिख देंगे - ÷इस देश में गौहत्या वैसा ही दंड होगा जैसा मानव हत्या के लिए होता है÷। स्वच्छता, हिंदी राष्ट्रभाषा, ग्रामवासी भारत आदि हेतु भी गांधी जी प्रतिबद्ध थे। कांग्रेस ने सात दशकों की सत्ता में इन विषयों को त्याज्य रखा। 'भारत में रामराज स्थापना' को कांग्रेस का लक्ष्य बनाया था किंतु 'नेहरू-गांधी कांग्रेस' मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए श्रीराम को ही कल्पना सिद्ध करने के प्रयास में लग गई। कांग्रेस स्वयं को सेकुलर सिद्ध करने के अनथक प्रयास करने लगी थी और 'रामेश्वरम् रामसेतु' के विध्वंस, विनाश, भंजन, खंडन हेतु मशीनें समुद्रतट पर भेज चुकी थी। 'मुस्लिम तुष्टिकरण' हेतु कांग्रेस ने न जाने कितने ही कांड इस देश में किया और सतत-निरंतर किए हैं। आश्चर्य और दुस्साहस का विषय यह है कि 'मुस्लिम तुष्टिकरण' के लिए देश भर से लताड़े जाने के बाद भी कांग्रेस नेतृत्व इस बात को समझ ही नहीं रहा है। हाँ, कांग्रेस का जमीनी कार्यकर्ता इस बात कोई समझ भी रहा है और वह कांग्रेस की 'मुस्लिम तुष्टिकरण' की नीति के विरोध में भी है, तब ही तो 'कार्यकर्ता बेचारे' ने सोशल मीडिया पर लाखों की संख्या में आकर यह कहा था कि ÷सोनिया जी वंदे मातरम् का गान रोक नहीं रही थी बल्कि खड़गे जी के लिए कुर्सी बुला रही थी÷। 'वंदे मातरम्' और 'मुस्लिम तुष्टिकरण' की यह कांग्रेस कार्यकर्ता की नैसर्गिक प्रतिक्रिया थी जिसे कांग्रेस नेतृत्व ने स्वीकार करना चाहिए थे किंतु कांग्रेस ने 'राम पथ' को नहीं बल्कि 'रोम पथ' को चुना हुआ है। 26 अक्टू.- 1 नव. 1937 की कलकत्ता कांग्रेस कार्यसमिति में 'वंदे मातरम्' गान के विभाजन की अनुशंसा और कुछ नहीं बल्कि एक 'इमोशनल राष्ट्रीय ब्लैक मेल' था। यह देश विभाजन में अपना हित देखने वाले नेताओं द्वारा निर्मित 'ब्लैकमेल' था। आदरणीय बंकिम बाबू ने जब भारतमाता को केवल एक भौगोलिक भू-भाग के रूप में नहीं, बल्कि साक्षात् देवी और जननी के रूप में देखा, तो उनके मानस में 'सोनार बांग्ला' और संपूर्ण भारतवर्ष का एक ऐसा दिव्य चित्र उभर आया, जिसने औपनिवेशिक दास्तां के अंधकार को चीरकर रख दिया। विडंबना, वंचना, विसंगति, विचित्र, यह है कि जिस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों, क्रांतिकारियों और हुतात्माओं को हँसते-हँसते फाँसी के फंदों को जयमाल मान लेने की असीम शक्ति दी, उसी महान कृति को स्वतंत्रता के पश्चात राजनीति और तुष्टिकरण के बवंडर में उलझा दिया गया। मुस्लिम तुष्टिकरण के मकड़जाल ने वंदेमातरम् को कोई एक सौ वर्षों तक, उसके पूर्ण गान से वंचित रखा।

प्राकृतिक खेती - सतत कृषि और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

डॉ. देवेश चतुर्वेदी

सरकार की मृदा स्वास्थ्य और उर्वरक योजना के तहत 26 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्डों का वितरण किया गया है। इससे प्राप्त डेटा के अखिल-इंडिया विश्लेषण से चिंताजनक बात सामने आई है कि मिट्टी में जैविक कार्बन (एसओसी) और अन्य जरूरी सूक्ष्म-पोषक तत्वों की भारी कमी है। स्वस्थ मिट्टी में एसओसी 1त्न से अधिक होना चाहिए, लेकिन यह औसतन 0.5त्न के आसपास है और कुछ क्षेत्रों में यह 0.3त्न तक के यह खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। कम मात्रा में एसओसी से मिट्टी की सरंध्रता कम हो जाती है, जिसका दोहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ता हैः पानी का जमीन में रिसाव और जल धारण क्षमता, दोनों में कमी आती है। परिणामस्वरूप, वर्षा और सिंचाई का पानी बह जाता है, जो ऊपरी मिट्टी को बहा ले जाता है और न तो यह जमीन के नीचे जाकर भूजल स्तर बढ़ा पाता है और न ही पौधों की वृद्धि के लिए आसानी से उपलब्ध रहता है। कम एसओसी का एक और नकारात्मक प्रभाव यह है कि ऐसे मिट्टी पर उगाए जाने वाले पौधों की पोषक तत्व अवशोषण क्षमता कम हो जाती है। समान उत्पादकता स्तर तक पहुँचने के लिए अधिक से अधिक उर्वरकों की आवश्यकता होती है। रासायनिक उर्वरकों की बढ़ी हुई खुराक उर्वरक उपयोग दक्षता को और कम कर देती है, जिससे मृदा-स्वास्थ्य का नुकसान होता है और देश रासायनिक उर्वरकों या उनके घरेलू उत्पादन के कच्चे माल को आयात करने में अपनी कीमती विदेशी मुद्रा खर्च करता है। अत्यधिक रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के असंतुलित उपयोग ने उन लाभकारी सूक्ष्मजीवों और कीड़ों को भी कम कर दिया है, जो मिट्टी की सरंध्रता को बेहतर बनाने और गहरी मिट्टी से पोषक तत्वों को ऊपरी मिट्टी तक स्थानांतरित करने में मदद करते हैं, ताकि पौधे उन्हें अवशोषित कर सकें। एक अन्य चिंताजनक प्रभाव उपज की गुणवत्ता और सुरक्षा पर पड़ता है। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से इस बात की संभावना बढ़ जाती है कि रसायन खाने-पीने और पशु चारे की श्रृंखला में पहुँच जायेंगे और आखिरकार मानव स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा करेंगे। ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें फलों, सब्जियों, अनाज और अन्य वाणिज्यिक फसलों में कीटनाशकों का न्यूनतम अवशेष स्तर तय सीमा को पार कर गया है, जिसके चलते निर्यात की खेपें रद्द होती हैं और वैश्विक बाजार में ब्रांड इंडिया की छवि पर बुरा पड़ता है। हालांकि ये चिंताएँ कुछ समय से व्यक्त की जा रही हैं, लेकिन सरकार ने वर्ष 2024 में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की शुरुआत की, जिसका मुख्य उद्देश्य सतत कृषि के लिए पशुधन या गाय आधारित रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा देना है, ताकि मिट्टी की सेहत खासकर एसओसी में सुधार हो सके, पौष्टिक तत्वों के अवशोषण की क्षमता बढ़ सके और रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों पर देश की निर्भरता कम हो सके।

प्राकृतिक खेती, जिसे इसके समर्थकों द्वारा आमतौर पर 'जीरो बजट खेती' कहा जाता है, एक ऐसी तकनीक पर आधारित है, जिसे किसानों ने कई सालों तक आज़माया और परखा है तथा इसे मान्यता दी है। इसके परिणाम भी बहुत उत्साहजनक रहे हैं। यह एक समग्र तकनीकी समाधान पर आधारित है, जिसमें स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्री का उपयोग किया जाता है, जैसे स्थानीय नस्ल की गाय का गोबर और गोमूत्र, जिनकी लागत किसान के लिए लगभग शून्य होती है। बीजों के उपचार में इस्तेमाल होने वाला बीजामृत सूत्र बेहतर अंकुरण और मजबूत पौधों में मदद करता है, जबकि जीवामृत, घन-जीवामृत और सप्तयांकुर का उपचार मित्र सूक्ष्मजीवों की मौजूदगी और मृदा-उत्पादकता को काफी बढ़ा देता है। पौधों के स्वास्थ्य की रक्षा सौंठास्त्र और खट्टी लस्सी के इस्तेमाल से की जाती है, जो बैक्टीरिया और फफूंद संक्रमण को रोकते हैं, जबकि विभिन्न प्रकार के कीड़ों और कीट को नियंत्रित करने के लिए 'नीमास्त्र', 'ब्रह्मास्त्र', 'अग्निअस्त्र' और 'दशपर्णी अर्क' का प्रयोग किया जाता है। उपरोक्त सभी उपचारों की सावधानीपूर्वक तैयारी और उचित मात्रा में उपयोग से मिट्टी की सेहत के बेहतर परिणाम मिले हैं और उत्पादकता पर भी कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है, जबकि उपज की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। मिशन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से प्रगति कर रहा है, जिसका लक्षित क्षेत्र 7.5 लाख हेक्टेयर से अधिक है और यह 18 लाख से अधिक किसानों को कम से कम 50 हेक्टेयर के क्लस्टर में कवर करता है। कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रशिक्षित वैज्ञानिकों की टीम, जिसे किसान प्रशिक्षक और कृषि सखी संसाधन व्यक्ति के रूप में सहायता प्रदान कर रहे हैं, किसानो को जागरूक कर रही है, प्रशिक्षण दे रही है और इस खेती को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। जिन किसानों के पास स्थानीय नस्ल की गायें हैं, उन्हें खेत पर ही इन उपचारों को तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। साथ ही, बड़ी संख्या में जैव-इनपुट संसाधन केंद्र भी मुख्य रूप से स्थानीय डेयरियों या पशु आश्रय गृहों के निकट स्थापित किए गए हैं, ताकि ये उपचार किसानों को मामूली कीमत पर उपलब्ध कराए जा सकें। यह मिशन विज्ञान-आधारित रणनीति के माध्यम से लागू किया जा रहा है, ताकि किसान इन प्रथाओं को बिना किसी संदेह या हिचकिचाहट के अपना सकें। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने क्षेत्र और फसल-विशिष्ट क्षमता मानचित्र विकसित किए हैं, जो यह दर्शाते हैं कि प्राकृतिक खेती कहाँ प्रभावी होगी।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आँखों से पीने वाले भी क्यू मयखानों में जाते हैं गुलाबी आँखें , शराबी आँखें , ये सब किताबी बातें हैं किसको कितनी धूप चाहिये , सूरज को यह क्या ख़बर कहीं तो फूल खिलते हैं कहीं पत्ते जल जाते हैं बादल कितना बरसेगा , यह आसमान को क्या पता कहीं पे घर ढह जाते हैं , कहीं बच्चे नहाते हैं चंदा तेरी चाँदनी से दिल भी जलते हैं कई कई अरमां सिसकते हैं और अश्कों में बह जाते हैं।

- अनु इंदु

प्रेम के रास्ते सरल कहाँ झेलनी पड़ती हैं त्रासदियां मुक्तक नहीं है ये जिंदगी न ही दोहा जैसी कहानियाँ कुंडली जैसा जीवन जी रहा हर दूसरा इंसान हर पल यहाँ सब्जबाग दिखाकर सपनों के सौदागर बनी है ज़िंदगानियां टेढ़े मेढ़े रास्तों पर चलकर सभी तो ढूँढ़ रहे हैं पगडंडियां कलेवा सुबह का या शाम का प्रश्न अनुत्तरित हैं सैकड़ों यहाँ।

- वर्षा वार्ष्णेय अलीगढ़

चमचे का आया नही,उन्हें नाम अब याद। खुशामदी की डालता, बेशक़ नित वो खाद द्व्य देश विरोधी हरकतें, ऊपर से तकरार। सुधरेंगे कब क्या पता,पाखंडी मक्कार।। चालबाज फिर देश में,बिछा न पाएं जाल। इसका होना चाहिए, हमें निरंतर ख्याल।। बेहूदा बातें कहीं,... बोली तुच्छ जुबान। वतन परस्ती से विलग,जब-तब दिए बयान।। - **रमेश शर्मा वरिष्ठ**

राह के पत्थर और कांटों से बचना सीख रहा हूं मैं, देख रहा हू सबकी हकीकत जीना सीख रहा हूं मैं, कुछ लोगों ने निभाया साथ, कुछ ने मुझको छोड़ दिया- जो है जितना अपना, उसका होना सीख रहा हूं मैं,, लुटा दिया अपना अब तक जो भी था पास मेरे, खोकर खुद को क्या मिलता है मुझे देख रहा हूं मैं,, कुछ पाने की चाहत में सिर्फ खुद को खो रहा था, स्व में साकार हो अब अपना होना सीख रहा हूं मैं।

- ललित उपाध्याय

सत्य यहीं है कि पसंदीदा औरत को उसकी गलती बताने और सॉरी बुलवाने की आशा से गया पुरुष उन चार गलतियों की भी माफी मांग कर लौटता है, जो उसने की भी नहीं होती। और ऐसे सत्य आपको शास्त्र में नहीं मिलेंगे।

- कुलदीप वर्मा

रात-रात भर चाँद को तकना, अब किस्मत का लेखा है... राग विरह का आँखों में पलना, अब किस्मत का लेखा है... एक खिलौना दिल को समझना, शामिल तेरी फित्तरत में... टूट के तुझको फ़िर भी चाहना, अब किस्मत का लेखा है ॥

- डॉ सविता वर्मा 'ग़ज़ल'

सुनो वक़्त बदलता है ज़रूर कभी कोई बैठ करता है इंतज़ार और दूसरा होता है अतिव्यस्त, तो कभी फुरसत में अतिव्यस्त परन्तु तब तक पहला व्यस्त, काश! बैठी होती दो रूहें एक साथ कभी किसी एक वक्फे में और हुआ होता उनमें रूहानी संवाद छोड़ तमाम दुनियादारी, तब शायद ख़त्म हो ही गये होते ज़माने भर के अनगिनत युद्ध, मगर खुली आँखों से देखे सपने सच होते हैं क्या कभी।

- शुचि 'भवि'

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से अशुभ रहेगा। सेहत में दिन भर उतार चढ़ाव लगा रहेगा। कार्य व्यवसाय एवं आर्थिक कारणों से मानसिक अशांति रहेगी।

वृषः आज के दिन आपको अपने अधिकांश कार्यो में विजय मिलेगी। सोच विचार कर ही किसी कार्य को करेंगे। आज धन लाभ प्रयास करने पर अवश्य होगा।

मिथुनः आज के दिन दौड़ धूप तो रहेगी लेकिन इसका सकरात्मक परिणाम भी मिलेगा। व्यवसाय में आज निश्चिन्त होकर कार्य करें जोखिम लेने से ना डरें मध्यान तक की मेहनत का फल संध्या के आस-पास मिलने लगेगा।

कर्कः आज के दिन आप अपने दिमाग पर कुछ ज्यादा ही जोर डालेंगे अनिर्णायक स्थिति रहने के कारण अधिकांश कार्य अधूरे रह जाएँगे या निरस्त भी करने पड़ सकते है।

सिंहः आज का दिन सावधानी से व्यतीत करें। आज आप बड़बोलेपन के कारण कलह को स्वयं ही आमंत्रण देंगे। प्रातः काल मे ही परिजन अथवा किसी आस-पड़ोसी से कलह के प्रसंग बनेंगे।

कन्याः आज के दिन आपको परिश्रम का उचित फल मिल सकेगा। कार्य व्यवसाय में थोड़ी मेहनत के बाद उत्साहजनक लाभ मिलेगा सहकर्मी आज आपसे ईर्ष्या करेंगे लेकिन आपकी दिनचार्य एवं व्यक्तित्व पर इसका कोई असर नही पड़ेगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए संतोषजनक रहेगा। आप आवश्यकता रहने पर भी आर्थिक मामलों को ज्यादा महत्त्व नही देंगे। सहज रूप से जितना मिल जाएगा उसी में संतोष कर लेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए सौभाग्य में वृद्धि करने वाला रहेगा। परिवार में सुख शांति रहेगी कार्य व्यवसाय में भी कई दिन से चल रही योजना के सफल होने पर उत्साह का वातावरण बनेगा।

धनुः आज का दिन आपको घर एवं बाहर कुछ ना कुछ हानि कराएगा। आज प्रत्येक कार्य को देख भाल कर ही करें। अतिआवश्यक कार्य यथा संभव आज टाल ही दें अन्यथा समय के साथ धन की भी बर्बादी होगी।

मकरः आपके लिए आज का दिन भी लाभदायक रहेगा। दिन के आरंभ में अवश्य थोड़ी सुस्ती रहेगी इसके बाद का समय व्यस्त रहेगा।

कुंभः आज का दिन पिछले दिनों की अपेक्षा राहत भरा रहेगा। शारीरिक रूप से भी आज पहले से बेहतर अनुभव करेंगे। बुजुर्गो की सेहत में सुधार आयेगा।

मीनः आज का दिन आपके लिए शांतिदायक रहेगा। ईश्वरीय आराधना भजन-पूजन में निष्ठा रहने से मानसिक रूप से विचलित नही होंगे। कार्य व्यवसाय भी पहले की अपेक्षा बेहतर चलेगा परन्तु धन की आमद होने में कुछ ना कुछ विघ्न अवश्य आएंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) रक्तहीन क्रान्ति के आंदोलन की शुरूआत किसने की थी?

2) किसने कहा था- दिल्ली अभी दूर है?

3) कृत्रिम खाद्य रंग आमतौर पर किससे तैयार किए जाते हैं?

4) छत्तीसगढ़ का प्रथम रामसर साइट कौन सा है?

5) फुटबॉल के दिग्गज भारतीय खिलाड़ी आई.अरूमैनायगम, जो 1962 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य थे,का नाम हाल ही में किस पुरस्कार के लिए घोषित किया गया है?

उत्तरमाला- (1) विनोबा भावे (2) सूफी संत हजरत निजामुद्दीन औलिया (3) पेट्रोलियम उत्पाद और कोल टार (4) कोपरा जलाशय (5) अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम)

कार्टून

शब्द सामर्थ्य -136



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 135 का हल

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए ईपीएफ सुविधा की मांग तेज

■ राज्य दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने ईएनसी को सौंपा ज्ञापन

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ 620 के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ईएनसी के.के. मरकाम से मुलाकात कर विभाग में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की सुविधा प्रदान करने की मांग की। संगठन ने इस संबंध में ईएनसी को ज्ञापन सौंपते हुए ईपीएफ की सुविधा जल्द से जल्द शुरू किए जाने का आग्रह किया।

प्रतिनिधिमंडल ने सबसे पहले दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को श्रम सम्मान की राशि प्रदान किए जाने पर विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। संगठन ने कहा कि श्रमिकों के हित में उठाया गया यह कदम कर्मचारियों के लिए सम्मान और प्रोत्साहन का विषय है।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही ईपीएफ संबंधी मांग को प्रमुखता से रखा। संगठन का कहना है कि विभाग में वर्षों से सेवाएं दे रहे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में ईपीएफ सुविधा महत्वपूर्ण कदम होगी। ईएनसी के.के. मरकाम ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता और सकारात्मकता से सुना। उन्होंने ईपीएफ सुविधा प्रारंभ करने के लिए आवश्यक कार्रवाई जल्द किए जाने का आश्वासन दिया।

जे.डी. तिवारी से भी की मुलाकात : प्रतिनिधिमंडल ने इसके बाद जे.डी. तिवारी से मुलाकात कर दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को श्रम सम्मान की राशि निर्विघ्न रूप से प्रदान किए जाने के संबंध में चर्चा की। संगठन की ओर से उनका मुंह मीठा कर आभार व्यक्त किया गया और आशीर्वाद प्राप्त किया गया। साथ ही कर्मचारियों के हित में ईपीएफसुविधा शुरू कराने के लिए सहयोग का आश्वासन भी मिला। प्रतिनिधिमंडल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात कर दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के हित में ईपीएफ सुविधा प्रारंभ कराने के लिए सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष मिलाप यादव, तीरथ साहू, गज्जू सिन्हा, मनेश बंजारे, गोपी किशन साहू, गोविंद साहू, किसुन चंद्राकर, ललित यादव, सुनील सोनी, रूपेश साहू, सुमीत सोनी, बहन अफ्शा खान सहित ईएनसी कार्यालय के सहयोगी उपस्थित रहे।

ईपीएफसुविधा संगठन की प्राथमिकता

संगठन ने कहा कि श्रम सम्मान की राशि के बाद अब दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए ईपीएफसुविधा शुरू कराना संगठन की प्राथमिकता है। इससे लंबे समय से विभाग में सेवा दे रहे कर्मचारियों को भविष्य के लिए सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा हासिल करने में मदद मिलेगी। संगठन ने उम्मीद जताई कि विभागीय स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर जल्द ही ईपीएफसुविधा लागू की जाएगी।

रक्षाबंधन पर रसोइया बहनों ने विधायक ओंकार साहू को बांधी राखी

धमतरी/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मध्यान्ह भोजन रसोइया महासंघ, छत्तीसगढ़ की बहनों ने आज रुद्री स्थित कार्यालय में धमतरी विधायक ओंकार साहू से भेंट कर उन्हें राखी बांधी। इस दौरान रसोइया बहनों ने अपनी विभिन्न मांगों, विशेष रूप से वेतन वृद्धि की मांग को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा। रसोइया बहनों ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा रसोइया के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि करने का वादा किया गया था, लेकिन सरकार बनने के बाद अब तक इस वादे को पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी गारंटी के तहत किए गए वादे पूरे नहीं होने से रसोइया बहनों में निराशा है। विधायक ओंकार साहू ने रसोइया बहनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनकी जायज मांगों को शासन के समक्ष रखने तथा हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों द्वारा राखी बांधे जाने पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि यह स्नेह और विश्वास का रिश्ता है। मध्यान्ह भोजन रसोइया बहनें बच्चों के पोषण और शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और अधिकारों का सम्मान होना चाहिए। उनकी जायज मांगों और समस्याओं के लिए आवाज उठाना हमारी जिम्मेदारी है।

आमदी कॉलेज में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाई गई

धमतरी/नवप्रदेश। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के कुशल दिशा निर्देश एवं डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल सहायक प्राध्यापक हिंदी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने इस अवसर पर तुलसीदास जी के व्यक्तित्व और उनकी रचनाओं में अभिव्यक्त ज्ञान, भक्ति, वैराग्य, आदर्श एवं नैतिक जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसीदास जी के विचारों को आत्मसात कर, उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक बनाएं। इस अवसर पर डॉग्गौकरण प्रसाद जायसवाल ने गोस्वामी तुलसीदास जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए हिंदी साहित्य में उनके योगदान को रेखांकित किया। आगे उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी हिंदी साहित्य आकाश के चमकते हुए नक्षत्र हैं। भक्ति काल की सगुण भक्ति काव्य धारा की राम भक्ति शाखा के आधार स्तंभ, लोकप्रिय कवि हैं।

भाजपा सरकार द्वारा लगातार बिजली की दरों में वृद्धि की जा रही है - लोकेन्द्र

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्य में लगातार बढ़ती बिजली की दरों और स्मार्ट मीटरों की कथित गड़बड़ियों से परेशान आम जनता के पक्ष में कांग्रेस खुलकर मैदान में उतर आई है गरियाबंद जिले के ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में विशाल जागरूकता रैली निकाली गई, आज गुरूवार को मैनपुर से 05 किमी दूर ग्राम जिडार में एक बड़ी जनसभा के रूप में हुआ। रैली के दौरान मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला महामंत्री एवं प्रभारी लोकेन्द्र सिंह कोमर्रा ने कहा छत्तीसगढ़ मे जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से बिजली के दामो मे लगातार वृद्धि से आम जनता परेशान हो गई है जबकि छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली वाला राज्य है यहां बिजली का उत्पादन होता है। स्मार्ट मीटर आम जनता को कंगाल बनाने की एक साजिश है। श्री कोमर्रा ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा एक तरफ सरकार महतारी वंदन योजना के नाम पर महिलाओ को प्रतिमाह एक हजार रूपये दे रही है लेकिन दूसरी ओर बिजली बिल के माध्यम से आम जनता से कई गुना राशि की वसूली की जा रही है।

12 औषधि प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण, 06 औषधि नमूने जांच के लिए रायपुर भेजे गए

नकली एवं अमानक दवाओं की रोकथाम के लिए सघन औषधि निरीक्षण अभियान जारी

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार राज्यव्यापी विशेष सघन प्रवर्तन अभियान के तहत जिले में नकली, अमानक एवं संदिग्ध औषधियों के विक्रय तथा अवैध आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संयुक्त निरीक्षण दल धमतरी द्वारा लगातार जांच एवं निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं मानक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा औषधि व्यवसाय में निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराना है।

अभियान के दौरान संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा जिले के कुल 12 औषधि प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। राज्य में ष्ट×स्न, डिपो एवं सुपर स्टॉकिस्ट की उपलब्धता के बावजूद औषधि विक्रेताओं द्वारा राज्य के बाहर से खरीदी गई औषधियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतते हुए खरीदी-बिक्री के दस्तावेज, बिल-वाउचर, स्टॉक एवं अन्य अभिलेखों की जांच की जा रही है। इसके साथ ही नारकोटिक एवं साइकोट्रॉपिक औषधियों के क्रय-विक्रय, भंडारण, स्टॉक तथा संबंधित अभिलेखों की भी गहन जांच की जा रही है।

औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस सप्ताह कुल 06 औषधि नमूने संकलित किए गए हैं। इनमें Tab. Elmo&-CV {wz LB, Tab. Onco-y, CC-GO DX Cough Syrup v®®ml, Bethasulide-P(R), Tab. Mokcan wz® DT एवं Tab. Ofi5 200 शामिल हैं। सभी नमूनों को जांच एवं विश्लेषण के लिए औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

संयुक्त टीम द्वारा औषधि भंडार शासकीय जिला अस्पताल धमतरी, सूर्या मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर्स नारी, गौतम फार्मा धमतरी, लक्ष्मी मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर्स धमतरी, मेहता मेडिकोज धमतरी, रमेश मेडिकल स्टोर्स धमतरी, स्वास्तिक मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर्स धमतरी, कबीर मेडिकल स्टोर्स छाती, दिनेश मेडिकल स्टोर्स प्रा. लिमिटेड धमतरी, गायत्री मेडिकल धमतरी, पवार मेडिकल एजेंसीज धमतरी एवं आरती मेडिकोज धमतरी का निरीक्षण किया गया। सूर्या मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर्स, नारी में अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले में औषधियों की गुणवत्ता, वैध आपूर्ति श्रृंखला एवं अभिलेखों की उपलब्धता पर सतत निगरानी रखी जा रही है। विभाग ने औषधि विक्रेताओं से निर्धारित नियमों का पालन करने तथा केवल अधिकृत स्रोतों से ही औषधियों का क्रय-विक्रय करने की अपेक्षा की है। आम नागरिकों के हित में यह विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

तेन्दुए की लगातार मौजूदगी को लेकर वन विभाग अलर्ट

■ 13 गांवों में निगरानी बढ़ाई, ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील

गरियाबंद/नवप्रदेश। वनमण्डल गरियाबंद के वन परिक्षेत्र गरियाबंद अंतर्गत बारूका एवं जड़जड़ा परिसर के विभिन्न ग्रामों में वन्यप्राणी तेन्दुए की लगातार मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। ग्रामीणों को संभावित जनहानि, जनघायल एवं पशुहानि से बचाने तथा लोगों को सतर्क करने के लिए वनमण्डल स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वन विभाग के अनुसार पंटोरा, चट्टानपारा, कोदोबतर, बारूका, जड़जड़ा, पेण्ड्रा, कोटरीघापर, भुईनाहाडेरा, कुरुंभाठा, खट्टी, सढ़ौली, चिखली एवं आमदी सहित आसपास के गांवों में लगातार निगरानी की जा रही है। विभागीय अमले द्वारा गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को तेंदुए से बचाव के संबंध में आवश्यक सावधानियां बरतने की समझाइश दी जा रही है।

जिन गांवों के आसपास तेन्दुए को प्रत्यक्ष रूप से देखा गया है, उनके नजदीकी जंगलों में पिंजरे लगाए गए हैं। वहीं आसपास के जंगलों में ट्रैप कैमरे लगाकर तेन्दुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर वन कर्मचारियों की तैनाती के साथ नियमित गश्त भी कराई जा रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे रात्रि के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। विशेष रूप से छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों का ध्यान रखें और उन्हें अकेले बाहर न जाने दें। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा तीन पालियों में गश्ती की जा रही है, जिसमें प्रातः 5:00 बजे से पूर्वाह्न 11:00 बजे तक, पूर्वाह्न 11:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक तथा रात्रि 11:00 बजे से सुबह 5:00 बजे तक निगरानी शामिल है। मोबाइल वाहन एवं अन्य सूचना तंत्रों के माध्यम से भी ग्रामीणों को तेंदुए से सुरक्षा के उपायों के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि तेन्दुए की गतिविधि अथवा किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर तत्काल वन विभाग को सूचित करें। तेंदुए से संबंधित सूचना के लिए वन मण्डल स्तर पर टोल फ्री नंबर 62681-77800 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा वनरक्षक देवेन्द्र तिवारी के मोबाइल नंबर 70003-28264 तथा वनरक्षक टेमन प्रसाद दुबे के मोबाइल नंबर 83193-00413 पर भी सूचना दी जा सकती है।

आईटीएस कॉलेज ने फर्जी एआई फोटो से दुष्प्रचार का लगाया आरोप, एसपी से की शिकायत

गरियाबंद/नवप्रदेश। इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेस (आईटीएस), गरियाबंद ने कॉलेज के संबंध में सोशल मीडिया पर कथित तौर पर भ्रामक एवं फर्जी प्रचार किए जाने की शिकायत पुलिस अधीक्षक गरियाबंद से की है। कॉलेज प्रबंधन ने आरोप लगाया है कि एआई की मदद से तैयार की गई भ्रामक तस्वीर को सोशल मीडिया पर प्रसारित कर संस्था की छवि खराब करने और विद्यार्थियों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।

कॉलेज की ओर से पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि गरियाबंद के कुछ महाविद्यालयों के शिक्षकों द्वारा व्हाट्सएप एवं अपने स्टेटस के माध्यम से यह प्रचार किया जा रहा है कि डिपार्टमेंट ऑफ नर्सिंग, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेस बंद हो गया है, जबकि संस्था आवश्यक मान्यताओं के साथ संचालित होने का दावा कर रही है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आईटीएस कॉलेज में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को कथित भ्रामक जानकारी देकर बहकाने तथा कॉलेज के खिलाफ दुष्प्रचार करने का प्रयास किया जा रहा है। कॉलेज प्रबंधन ने ऐसे दो व्हाट्सएप स्टेटस भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रस्तुत किए हैं, जिनमें कथित तौर पर भ्रामक सामग्री प्रसारित की गई थी।

कॉलेज का आरोप है कि शिवम कॉलेज के विद्यार्थियों को भी अपने-अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर एआई से तैयार की गई कथित भ्रामक तस्वीर साझा करने के लिए कहा गया। शिकायत के साथ संबंधित व्हाट्सएप स्टेटस की प्रतियां भी संलग्न की गई हैं।

आईटीएस कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि कॉलेज के खिलाफ दुष्प्रचार करने, विद्यार्थियों को गुमराह करने तथा एआई के माध्यम से कथित रूप से गलत पोस्ट तैयार कर प्रसारित करने में शामिल व्यक्तियों अथवा संस्थाओं की जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाए।

कॉलेज ने अपनी शिकायत के साथ व्हाट्सएप स्टेटस की प्रतियां तथा विद्यार्थियों से संबंधित पत्र भी पुलिस को उपलब्ध कराया है।

कुल्हाड़ी से घायल एवं हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मामला थाना शोभा क्षेत्र ग्राम पेंड्रा

गरियाबंद/नवप्रदेश। आज थाना शोभा को सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम पेंड्रा में एक व्यक्ति के द्वारा कुल्हाड़ी से एक घायल एवं एक व्यक्ति का हत्या कर दिया है। सूचना की तस्वीर पर घटना स्थल ग्राम पेंड्रा पुलिस स्टाफ के साथ रवाना हुआ घटनास्थल पर आरोपी हीरालाल नागेश के द्वारा कुल्हाड़ी अपने पास रखकर अपने घर में दरवाजा बंद कर छुप हुआ था। पुलिस टीम एवं ग्रामीणों की मदद से आरोपी को पुलिस हिरासत में लिया गया। आरोपी हीरालाल नागेश पिता रूपधर नागेश उम्र 35 वर्ष निवासी पेंड्रा थाना शोभा जिला गरियाबंद को घटना के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि आपसी विवाद के चलते आवेश में आकर घायल नरेंद्र सोरी के घर अंदर घुसकर जान से मारने की नियत से गंदी-गंदी गाली गलौज कर कुल्हाड़ी से नरेंद्र सोरी के ऊपर वार किया। घायल नरेंद्र सोरी का बीच बचाव करने के लिए मृतक खोलबहरा सोरी आरोपी के पास गया तो आरोपी हीरालाल नागेश आज तुझे भी जान से मार दूंगा कहते हुए हाथ में रखे कुल्हाड़ी से मृतक खोलबहरा सोरी के सिर, गला, गर्दन में प्राणघातक वार किया जिससे मृतक खोलबहरा सोरी पिता फगुराम सोरी उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम पेंड्रा थाना शोभा का घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गया। आरोपी हीरालाल नागेश के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर से आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 103(1),109(1) कोष्ठक में एक 332 (ए) ब्न्हस् के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया। आरोपी के द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर समक्ष गवाहन के आरोपी हीरालाल नागेश पिता रूपधर नागेश उम्र 35 वर्ष निवासी पेंड्रा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार आरोपी : हीरालाल नागेश पिता रूपधर नागेश उम्र 35 वर्ष निवासी पेंड्रा थाना शोभा जिला गरियाबंद।

आपदा से निपटने की तैयारियों का जिला स्तरीय मॉक अभ्यास

मॉक ड्रिल में परखी गई आपदा प्रबंधन की तैयारियां

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में आज जिला मुख्यालय गरियाबंद स्थित सर्किट हाऊस के समीप मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री बीएस उइके की उपस्थिति में प्राकृतिक आपदा एवं अन्य आपदा परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी बचाव एवं राहत कार्यों की तैयारियों को परखने के लिए जिला स्तरीय मॉक अभ्यास आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभ्यास के दौरान डोंगरीगांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर एलपीजी गैस से भरे वाहन एवं मिनी ट्रक के बीच टक्कर से गैस रिसाव एवं ब्लास्ट की काल्पनिक स्थिति निर्मित कर उससे निपटने का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने से लेकर घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने, प्रभावित क्षेत्र को सुरक्षित करने, गैस रिसाव की स्थिति में आवश्यक सावधानियां बरतने तथा संभावित आग एवं ब्लास्ट की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। अभ्यास के दौरान आपदा की स्थिति में संबंधित विभागों की तत्परता, संसाधनों की उपलब्धता तथा आपसी सामंजस्य से नागरिकों को बिना विचलित हुए सहयोग पहुंचाया जा सके।

मॉक अभ्यास के दौरान कलेक्टर श्री उइके ने व्यवस्थाओं एवं बचाव कार्यों का अवलोकन किया। इस अवसर पर एसडीओपी सुश्री निशा सिन्हा, एसडीएम सुश्री हितेश्वरी बाघे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा भेड़िया सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मॉक ड्रिल के दौरान अपनाई गई आपदा प्रबंधन प्रक्रिया का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पंचायत भवन का ताला तोड़कर इंडक्शन और एलईडी टीवी चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भोरिंग के भवन का ताला तोड़कर अज्ञात चोर पुराने उपयोग का इंडक्शन और एलईडी टीवी पार कर ले गए। मामले में तुमगांव पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पंचायत सचिव परमानंद को 14 अगस्त को चपरासी रामकुमार ढीढी ने सूचना दी कि ग्राम पंचायत भवन भोरिंग के मुख्य गेट के साथ अंदर रिकॉर्ड रूम और चार अलमारियों के ताले टूटे हुए हैं। जांच करने पर पंचायत भवन से पुरानी इस्तेमाल की हुई एक नग इंडक्शन और एक नग एलईडी टीवी गायब मिले।

शिकायत के आधार पर तुमगांव पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) एवं 305 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस द्वारा चोरी की घटना की जांच कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरमकेला में संचालित होगा 10 बिस्तरीय आदर्श सुपोषण केंद्र

विधायक एवं कलेक्टर ने किया सुपोषण केंद्र का शुभारंभ

एनआरसी बना कुपोषित बच्चों के लिए मददगार

सारंगढ़ बिलाईगढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले में कुपोषण उन्मूलन की दिशा में जिला प्रशासन के निरंतर प्रयास सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरमकेला में आदर्श सुपोषण गृह (एनआरसी) का शुभारंभ फीता काट कर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े, अध्यक्षता कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय नायक, नगर पंचायत अध्यक्ष सत्यभामा नायक, जनपद अध्यक्ष डॉ विद्या चौहान एवं जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिक अधिकारियों कर्मचारियों खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश पाणिग्राही के उपस्थित में भारत माता व भगवान धनवंतरी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े ने कहा कि बरमकेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज एनआरसी शुभारंभ हो गया है। इस क्षेत्र के कुपोषित बच्चों का यहां माताओं के साथ कमजोर बच्चों को डॉक्टरों के विशेष सहयोग से, कुपोषण से जूझ रहे बच्चों के स्वास्थ्य सुधार में यह केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यहां बच्चों को पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि कुपोषित बच्चों का सही समय पर उनके देखभाल कर सकते हैं और कुपोषण से बाहर ला सके इसी कड़ी में आज यहां 10 बिस्तरीय आदर्श सुपोषण केंद्र का शुभारंभ किया गया। सभी आम जनता से निवेदन है कि महिलाओं और कुपोषित बच्चों को यहां एनआरसी तक लाएं जिससे जिले में कुपोषित बच्चों की मृत्यु दर को कम कर सकते हैं। अपने कुपोषित बच्चों को शासन की इस सुविधा का लाभ लेकर कुपोषण मुक्त करें ताकि बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके।

इस अवसर पर उमेश कुमार साहू एसडीएम, शिक्षा शर्मा डिप्टी कलेक्टर, बरमकेला जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ विद्या चौहान, जिला पंचायत सदस्य डॉ. अभिलाषा नायक, सहोद्रा सिदार, गणमान्य नागरिक मनोहर पटेल, किशोर पटेल, ताराचंद पटेल, गरिमा पटेल, पुनीतराम चौहान पूर्व सदस्य अनुसूचित जाति आयोग छ.ग., गनेशी चौहान, राजकिशोर पटेल, डॉ अवधेश पाणिग्राही (खण्ड चिकित्सा अधिकारी), डॉ. संजय पटेल, डॉ. नारायण राठौर, ईश्वर प्रसाद दिनकर बीपीएम सहित सभी स्टाफ उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

मछली पकड़ने के विवाद में मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खुड़मुड़ी में मछली पकड़ने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। मामले में बागबाहरा पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम खुड़मुड़ी निवासी यादराम साहू ने शिकायत दर्ज कराई कि 18 अगस्त को मछली पकड़ने की बात को लेकर प्रीतम दीवान और उसके भाइयों के साथ विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे यादराम के माता-पिता के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। शिकायत के आधार पर बागबाहरा पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 115, 296 एवं 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

बस स्टैंड के पीछे जुआ खेलते 10 पकड़ाए

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा बस स्टैंड के पीछे सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 10 लोगों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से जुआरियों के कब्जे से 10 हजार 310 रुपए नकद जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, 19 अगस्त को कार्रवाई के दौरान प्रकाश डड़सेना, शेख अजीम, रमाकांत क्षेत्रपाल, सुभाष अग्रवाल, मीना कुमार सिन्हा, लिलेश डड़सेना, मुकेश अग्रवाल, हरीश कुमार साहू, गंगाराम सिन्हा और ओमकार सिंह को जुआ खेलते पकड़ा गया। इनके संयुक्त कब्जे से 10,310 रुपए बरामद किए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

ट्रांसफर के विवाद में रीजनल मैनेजर से गाली-गलौज और मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा स्थित एक कंपनी के कार्यालय में पूर्व कर्मचारी के ट्रांसफर को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि पूर्व कर्मचारी की मां ने कार्यालय पहुंचकर रीजनल मैनेजर से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बाद में उसका बेटा भी मौके पर पहुंच गया और दोनों ने मैनेजर के साथ मारपीट की। मामले में पिथौरा पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को मिडलेंड मार्कोफेन लिमिटेड के रीजनल मैनेजर अमरजीत भारद्वाज ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, 20 अगस्त की दोपहर करीब 12 बजे कंपनी के पूर्व कर्मचारी आकाश डड़सेना की मां कुमारी बाई डड़सेना उसके ट्रांसफर के संबंध में कार्यालय पहुंची थी। आरोप है कि बातचीत के दौरान उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आकाश डड़सेना भी कार्यालय पहुंचा। शिकायत के मुताबिक, दोनों ने मिलकर मैनेजर के साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। रिपोर्ट के आधार पर पिथौरा पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(3) एवं 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पंचायत भवन का ताला तोड़कर इंडक्शन और एलईडी टीवी चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भोरिंग के भवन का ताला तोड़कर अज्ञात चोर पुराने उपयोग का इंडक्शन और एलईडी टीवी पार कर ले गए। मामले में तुमगांव पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पंचायत सचिव परमानंद को 14 अगस्त को चपरासी रामकुमार ढीढी ने सूचना दी कि ग्राम पंचायत भवन भोरिंग के मुख्य गेट के साथ अंदर रिकॉर्ड रूम और चार अलमारियों के ताले टूटे हुए हैं। जांच करने पर पंचायत भवन से पुरानी इस्तेमाल की हुई एक नग इंडक्शन और एक नग एलईडी टीवी गायब मिले।

शिकायत के आधार पर तुमगांव पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) एवं 305 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस द्वारा चोरी की घटना की जांच कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

राजीव गांधी जयंती पर कांग्रेस ने मनाया सद्भावना दिवस

महासमुंद/नवप्रदेश। स्थानीय कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने राजीव गांधी को आधुनिक भारत का शिल्पकार बताते हुए कहा कि उन्होंने कंप्यूटर एवं सूचना क्रांति की नींव रखी तथा 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार देकर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी महामंत्री लक्ष्मण पटेल, जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर सहित अन्य नेताओं ने भी राजीव गांधी के योगदान को याद किया। अंत में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रेलवे की लापरवाही बनी मुसीबत! पंप हाउस बंद, अंडर ब्रिज बना तालाब

2024 से लाखों का बिजली बिल बकाया

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर से लगे ग्राम पंचायत कुर्रा-सोनेसिल्ली मार्ग पर रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आई है। कुर्रा के समीप रेलवे द्वारा बनाए गए अंडर ब्रिज में जल निकासी के लिए बनाए गए पंप हाउस की बिजली विगत कई महीनों से बंद है।

बताया जा रहा है कि रेलवे द्वारा विगत वर्ष 2024 से ही बिजली बिल जमा नहीं किया गया है, जिससे लाखों रुपए का बकाया हो गया है। बिल बकाया होने के कारण विद्युत विभाग ने पंप हाउस का कनेक्शन काट दिया है। इस संबंध में विद्युत विभाग द्वारा संबंधित रेलवे प्रशासन को कई बार पत्र भी भेजा गया है, लेकिन रेलवे द्वारा अब तक बिल जमा नहीं किया गया। बिजली बंद होने से पंप हाउस पूरी तरह ठप पड़ गया है और अंडर ब्रिज में भरा बारिश का पानी निकासी नहीं हो पा रहा है। पूरा अंडर ब्रिज तालाब में तब्दील हो गया है। इस मार्ग से

दर्जनों गांवों के लोगों का रोज आना-जाना होता है, लेकिन जलभराव के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों को गोबरा नवापारा और राजिम जाने के लिए अब लंबी दूरी तय कर घूमकर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इमरजेंसी हालात में यह जलभराव जानलेवा साबित हो सकता है। ग्रामीणों ने रेलवे और विद्युत विभाग से जल्द बकाया बिल का निराकरण कर पंप हाउस चालू करने और अंडर ब्रिज से पानी निकासी की मांग की है।

गुरुकुल स्कूल की मान्यता रद्द की जाए

कवर्धा/नवप्रदेश। गुरुकुल पब्लिक स्कूल मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम ने स्कूल प्रबंधन और प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि गंभीर मामले में स्कूल प्रबंधन के बयानों में विरोधाभास सामने आ रहा है। आखिर स्कूल प्रबंधन बार-बार अपना बयान क्यों बदल रहा है? किसे बचाने के लिए सच को दबाने की कोशिश की जा रही है? इसका जवाब स्कूल प्रबंधन को देना होगा।

बच्चों का फूटा गुस्सा, हाइवे पर चक्काजाम, मौके पर पहुंचा प्रशासन

स्कूल का शौचालय तोड़कर उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण!

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। नवापारा से पारागांव में स्वास्थ्य सुविधा के लिए बनने वाला उप स्वास्थ्य केंद्र अब विवाद का केंद्र बन गया है। ग्राम पंचायत पारागांव के शासकीय मिडिल स्कूल परिसर में उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण को लेकर ग्रामीणों, शिक्षकों और विद्यार्थियों में भारी नाराजगी है। आरोप है कि निर्माण के लिए छात्राओं और महिला शिक्षकों के उपयोग में आने वाले महिला शौचालय को ही तोड़ दिया गया।

छात्र छात्राओं ने कीया चक्काजाम

विवाद उस समय और बढ़ गया, जब शुक्रवार को स्कूल की 7वीं और 8वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने स्कूल में तालाबंदी कर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई और नवापारा थाना प्रभारी जितेंद्र दुबे समेत शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बच्चों को समझाइश देकर चक्काजाम समाप्त कराया।

28.51 लाख के निर्माण में जमीन को लेकर पेच

मामले में अब निर्माण की जमीन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करीब 28.51 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित है। इसके लिए प्रस्तावित जमीन का खसरा नंबर 1181 बताया जा रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि खसरा नंबर 1181 की जमीन बस्ती क्षेत्र का है, जबकि वर्तमान में जिस जगह निर्माण कराया जा रहा है, वह खसरा नंबर 1158 बताई जा रही है। इसी जमीन पर शासकीय मिडिल स्कूल एवं अन्य भवन संचालित है। यानी सवाल सीधे तौर पर यह है कि प्रस्ताव 1181 का और निर्माण 1158 में क्यों?

स्वास्थ्य केंद्र का स्कूल परिसर में निर्माण पर आपत्ति : ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र बनने से कोई आपत्ति नहीं है। उनका सवाल केवल इतना है कि जब गांव में दूसरी सरकारी जमीन उपलब्ध है तो स्कूल परिसर में ही निर्माण क्यों कराया जा रहा है। स्कूल परिसर में पहले से ही मिडिल स्कूल, प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, महिला भवन एवं उप स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग है।

पंचायत के प्रस्ताव और कार्रवाई विवरण में भी अंतर : बताया जा रहा है कि सरपंच सुरेश (भोले) सोनकर की ओर से खसरा नंबर 1158 की जमीन पर उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण के लिए प्रस्ताव पारित होने की बात कही जा रही है। दूसरी ओर पंचायत बैठक की कार्रवाई विवरण में खसरा नंबर 1181 दर्ज होने का दावा किया जा रहा है। इस कथित विरोधाभास ने पूरे मामले को और पेचीदा बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को पंचायत के प्रस्ताव, बैठक की कार्रवाई विवरण और निर्माण से जुड़े सभी दस्तावेजों की जांच करनी चाहिए, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

एसएमसी की आपत्ति के बाद भी निर्माण पर सवाल

स्कूल प्रबंधन समिति यानी एसएमसी की बैठक में भी स्कूल की जमीन पर भविष्य में किसी प्रकार के निर्माण की स्वीकृति नहीं देने की बात कही गई थी। इसके बावजूद स्कूल परिसर में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण शुरू होने से सवाल उठ रहे हैं।

महिला शौचालय टूटा तो छात्राओं का फूटा गुस्सा : इस पूरे विवाद में सबसे ज्यादा आक्रोश महिला शौचालय तोड़े जाने को लेकर है। स्कूल में छात्राओं और महिला शिक्षकों के लिए बनाए गए शौचालय को निर्माण के लिए तोड़ दिए जाने का आरोप है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों के स्कूल में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के बजाय मौजूद सुविधा को ही हटा देना उचित नहीं है।

नपं क्षेत्र में 580 फीट केबल वायर चोरी, थाने में शिकायत

छुरा/ नवप्रदेश। नगर पंचायत छुरा क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा तीन दिनों के भीतर दो अलग-अलग स्थानों से कुल लगभग 580 फीट केबल वायर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। चोरी की घटना के संबंध में नगर पंचायत कार्यालय द्वारा थाना छुरा में शिकायत दर्ज कराकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है।

जानकारी के अनुसार मुक्तिधाम स्थित पंप हाउस में लगे 5 नग बोर से लगभग 500 फीट केबल वायर अज्ञात चोरों द्वारा काटकर चोरी कर लिया गया। वहीं राजा तालाब के पास स्थित सामाजिक भवन के बोर कनेक्शन से लगभग 80 फीट केबल वायर भी चोरी किया गया।

दोनों घटनाओं को अज्ञात चोरों द्वारा महज तीन दिनों के भीतर अंजाम दिया गया। लगातार हो रही केबल चोरी से नगर पंचायत क्षेत्र में चिंता का माहौल है तथा सार्वजनिक जलस्त्रोतों और विद्युत उपकरणों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। नगर पंचायत द्वारा चोरी की घटना की सूचना थाना छुरा को दी गई है। पुलिस से अज्ञात आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने तथा चोरी गए केबल वायर की बरामदगी की मांग की गई है।

आवास योजना के तहत लाभार्थियों को भवन निर्माण अनुमति पत्र वितरित

छुरा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजन 2.0 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को स्वयं का पक्का मकान निर्माण करने के लिए भवन निर्माण अनुमति पत्रों का वितरण किया गया। नगर पंचायत सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लाभार्थियों को अनुमति पत्र प्रदान किए गए।इस अवसर पार्षद सलीम मेमन ने बताया गया कि आवास योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। एवं शासन से भुगतान प्रक्रिया को सरल किया जाय,भवन निर्माण अनुमति मिलने से हितग्राही नियमानुसार अपने आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ कर सकेंगे।कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे स्वीकृत राशि का सदुपयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण कराएं।

नाबालिग से दुष्कर्म और अश्लील वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को 20 साल का सश्रम कारावास

महासमुंद/नवप्रदेश। नाबालिग पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने तथा वीडियो को व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम पर वायरल करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को कठोर सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) सरायपाली श्रीमती वंदना दीपक देवांगन की अदालत ने आरोपी दीपक देवांगन पिता खगेश देवांगन, निवासी भंवरपुर, तहसील बसना को दोषी ठहराते हुए पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास सहित विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई। आरोपी पर सभी अपराधों के लिए कुल 4 लाख 90 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

आरोपी ने घटना का वीडियो अपने मोबाइल में बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता को लगातार ब्लैकमेल करता रहा। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता के साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध कई बार दैहिक शोषण किया। पीड़िता द्वारा आरोपी से मिलने से इनकार करने के बाद आरोपी ने कथित तौर पर अपने मोबाइल में बनाया अश्लील वीडियो व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया।

नाम/परिवर्तन

मेरे पुत्र (MOHD AYAN KHAN/ MOHAMMED AYAN KHAN) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता (MOHD UMAR AHMED KHAN/UMAR AHMAD KHAN) माता (SAIMA KHAN) निवासी 26/95, राजा तालाब, शिव मंदिर रोड पाँडरी, तह. व जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़) पिनकोड 492004 ने अपना नया नाम (MOHAMMED AYAN KHAN) पिता (UMAR AHMED) माता (SAYMA KHAN) रख लिया है कृपया समस्त संबंध पक्ष या व्यक्ति यत्रपश्चात समस्त समयों पर मेरे पक्षकार को इसी नाम से ही जाने व संबोधित करे।

मोहम्मद एहसान
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

में (MU. SOHEB/ MUHAMMA SHUAIB) (मु. सोहेब / मुहम्मद शुआइब) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता (TUFAIL AHMAD) (तुफैल अहमद) निवासी वार्ड नं. 41, नई मस्जिद के पास, केलाबाडी, तह. व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) ने अपना नया नाम (MOHAMMAD SHOAIB) (मोहम्मद शोएब) रख लिया है कृपया समस्त संबंध पक्ष या व्यक्ति यत्रपश्चात समस्त समयों पर मेरे पक्षकार को इसी नाम से ही जाने व संबोधित करे।

मोहम्मद एहसान
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104100159

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी आबिद हुसैन पिता/पति स्व. जाहिद हुसैन पता केलाबाड़ी दुर्ग, रजिया पिता/पति स्व. जाहिद हुसैन पता केलाबाड़ी दुर्ग, माजिद हुसैन पिता/पति स्व. जाहिद हुसैन पता केलाबाड़ी दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 662/52(0.0130) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता आबिद हुसैन पिता/पति स्व. जाहिद हुसैन पता केलाबाड़ी दुर्ग, माजिद हुसैन पिता/पति स्व. जाहिद हुसैन पता केलाबाड़ी दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.08.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

गुरुर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत धनेली में पंचायत एजेंसी में डिजिटल सेवा लोक केंद्र बिल्डिंग बन रहे हैं खुले आम भ्रष्टाचार देखने को मिला जिसमें सरपंच और सचिव को शिकायत करने के बावजूद भी काम में कोई सुधार नहीं सचिव की बड़ी ही लापरवाही देखने को मिला कार्य डिजिटल सेवा लोक केंद्र बिल्डिंग बन रहा है ग्राम पंचायत धनेली में हो रहे निर्माण डिजिटल सेवा केंद्र में कालम में राड की जगह लकड़ी का उपयोग करते दिखे शिकायत करने के बावजूद भी इंजीनियर मॉन आखिर जिम्मेदारी किसकी है जांच करने की बिल्डिंग के गुणवत्ता में उठे सवाल जांच करने की विषय आखिर इतनी लेट क्यों और इतनी बड़ी लापरवाही कैसे माना जा रहा है की पूरी बिल्डिंग ही गुणवत्ता ही से बनी हुई है गांव वालों का शिकायत करने के बाद बिल्डिंग में कोई सुधार नहीं ऐसे में सासन पर उठे बड़े सवाल इतनी बड़ी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं की जा सकती आप यह डिजिटल सेवा केंद्र नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का गढ़ छोटा सा नजारा देखने को मिला ग्राम पंचायत धनेली में हो रहे बिल्डिंग का निर्माण जिसमें ना तो बोर्ड लगाया गया जिसमें पदाधिकारी के नाम ठेकेदारों का नाम का नाम अभी तक कोई व्यवस्था नहीं है ठीक से की गई नहीं है।

कच्ची महुआ शराब एवं 200 किलो महुआ लाहन बरामद

कच्ची महुआ शराब के विक्रय पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

वाहन सहित 8.16 लाख रुपये से अधिक की सामग्री जब्त

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग ने 17 अगस्त 2026 को अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अन्य प्रांत हरियाणा की मदिरा का अवैध परिवहन करने तथा कच्ची महुआ शराब का विक्रय करने वाले कुल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में मदिरा, महुआ लाहन एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन सहित कुल 8 लाख 16 हजार 310 रुपये की सामग्री जब्त की गई है। आबकारी आयुक्त श्री पदुम सिंह एल्मा एवं कलेक्टर के निर्देश तथा प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी श्री मुकेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

कच्ची महुआ शराब एवं 200 किलो महुआ लाहन बरामद

इसी क्रम में जिला स्तरीय आबकारी उड़नदस्ता प्रभारी श्री राकेश सिंह कुर्रे द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गश्त के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर सिंघारी निवासी सियाराम धुर्वे के रिहायशी मकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 1.5 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 200 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। आबकारी विभाग द्वारा मदिरा एवं महुआ लाहन को विधिवत सीलबंद कर जब्त किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), (च) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी श्री मुकेश पाण्डेय ने बताया कि 17 अगस्त 2026 को आबकारी चेक पोस्ट चिल्फी के प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक श्री रामानंद दीवान द्वारा वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान चार पहिया वाहन क्रमांक एचआर 36 एबी 0487 की विधिवत तलाशी लेने पर वाहन से 5.25 बल्क लीटर विदेशी मदिरा, जिस पर सेल फॉर हरियाणा अंकित था, बरामद की गई। मदिरा को विधिवत जब्त करते हुए आरोपी विक्रम सिंह पिता आजाद सिंह, उम्र 41 वर्ष, निवासी ग्राम अमलीडीह, पोस्ट बरगड़ा, जिला बेमेतरा के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 यथा संशोधित की धारा 34(1)(क), 34(2), 59(क) एवं 36 के तहत गैर-जमानती प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। विभाग द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक श्री विद्यासिंह परमार, इम्तियाज खान तथा आबकारी आरक्षक भूपेंद्र साहू, सुश्री कामिनी भुआर्य, मेघा ध्रुव एवं सीमा नेताम का विशेष योगदान रहा।

अटलजी की कांस्य की प्रतिमा में दरार का खंडन

देवकर/नवप्रदेश। नगर पंचायत देवकर प्रशासन ने शासकीय एवं तकनीकी दस्तावेजों के आधार पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा में जगह-जगह दरार पड़ने की खबर का खंडन किया है।

एक विज्ञप्ति में नगर पंचायत प्रशासन ने कहा है कि समाचार पत्र में प्रतिमा की धातु की शुद्धता पर जो सवाल उठाए गए हैं, वे पूरी तरह निराधार हैं। उक्त प्रतिमा देश की प्रतिष्ठित कला विधा संस्था तथास्तु द आर्ट रायपुर द्वारा निर्मित है। इसकी प्रमाणिकता एवं गुणवत्ता प्रमाण पत्र कार्यालय में सुरक्षित है। इसके अनुसार प्रतिमा उच्च गुणवत्ता वाले शुद्ध कांस्य धातु से निर्मित है, जिसका कुल वजन 525 किलोग्राम है। अतः धातु में मिलावट या घटिया सामग्री का दावा तकनीकी रूप से पूरी तरह असत्य है।इसमें कहा गया है कि परिसर निर्माण की गुणवत्ता पूरी तरह शासकीय मानकों के अनुरूप है। ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा दुर्ग संभाग की अधिकृत शासकीय प्रयोगशाला द्वारा 16 अगस्त 2025 को जारी टेस्ट रिपोर्ट के अनुसार निर्माण कार्य में प्रयुक्त कंक्रीट (रू20 ग्रेड) की कंप्रेसिव

स्ट्रेंथ औसत 235.00 ह्मद्द/ष्द्बह्य पाई गई है, जो निर्धारित सरकारी मानकों से भी उत्कृष्ट है। संयुक्त निरीक्षण में प्रतिमा पूर्णतः सुरक्षित पाई गई थी। उक्त अटल परिसर एवं प्रतिमा का 03 अगस्त 2026 को निकाय के अधिकारियों द्वारा विस्तृत संयुक्त निरीक्षण किया गया था। जीपीएस छायाचित्रों से यह अकाट्य रूप से प्रमाणित है कि इस तिथि तक प्रतिमा और परिसर पूरी तरह सुरक्षित, अक्षुण्ण एवं सही स्थिति में थे। उसमें कहीं कोई दरार मौजूद नहीं थी।असामाजिक तत्वों द्वारा दुर्भावनापूर्ण खरोंच 03 अगस्त 2026 के सफल संयुक्त निरीक्षण के पश्चात, कुछ विशिष्ट चिन्हांकित असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर, सुनियोजित साजिश के तहत प्रतिमा के कुछ अत्यंत छोटे हिस्सों से केवल ऊपरी पेंट को खुरचा गया है।

कुरूद में भव्य कलश यात्रा का आगमन

बाबा बैद्यनाथ मंदिर में विधि-विधान से हुआ स्वागत

कुरूद/नवप्रदेश। देश भर में संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती ऐतिहासिक और भव्य रूप से मनाई जा रही है। इसी पावन उपलक्ष्य में धमतरी से निकली कलश यात्रा का कुरूद नगर में जोरदार स्वागत हुआ। यात्रा के तहत कुरूद मंडल एवं सिर्री मंडल का कलश नगर के प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचा।

मंदिर परिसर में भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश की अगवानी की। इसके पश्चात कलश को मंदिर के पूजा स्थल में आम श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए स्थापित किया गया।

गांव-गांव में भ्रमण करेगी यात्रा : दर्शन उपरांत संत रविदास जी की जयंती को अविस्मरणीय बनाने के लिए इस पवित्र कलश को क्षेत्र के प्रत्येक गांव में धूमधाम से भ्रमण कराया जाएगा। गांवों के प्रमुख मंदिरों और देव स्थलों में विधिपूर्वक पूजन-अर्चन के बाद कलश की वापसी रवानगी सुनिश्चित की जाएगी।

प्रमुख जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिलोक चंद जैन, कुरूद भाजपा प्रभारी भानु चन्द्राकर, सिर्री मंडल अध्यक्ष डॉ. लोकेश साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

जर्जर पंचायत भवन से बढ़ी परेशानी, नए भवन की मांग

वहां भी छत के ऊपर से पानी टपक रहा है

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत पाईभाटा का पंचायत भवन करीब 25 वर्ष पुराना बना हुआ मगर पिछले करीब 3 वर्षों से जर्जर स्थिति में है। जिसकी छत से प्लास्टर निकाल कर गिर रहे थे वही खतरा को देखते हुए पंचायत की हालत खराब होने के कारण पंचायत का संचालन पास स्थित सामुदायिक भवन से किया जा रहा है। वहीं, जिस सामुदायिक भवन में पंचायत का कामकाज संचालित हो रहा है, उसकी स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। बारिश के दौरान छत से पानी टपकने के कारण पंचायत कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पंचायत कर्मचारियों के अनुसार, हाल ही में हुई बारिश के दौरान सामुदायिक भवन की छत से पानी टपकने लगा, जिससे आवश्यक दस्तावेजों और कार्यालयीन कार्यों को लेकर भी दिक्कतें हुईं। पंचायत संबंधी कार्यों के लिए आने वाले ग्रामीणों को भी पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रही है।

ग्राम पंचायत के सरपंच ने बताया कि पंचायत भवन की जर्जर स्थिति को लेकर पूर्व सरपंच, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा कई बार शासन-प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। वहीं, सुशासन तिहार के दौरान भी भवन निर्माण एवं समस्या के निराकरण को लेकर आवेदन दिया गया था। इसके बावजूद अब तक नए पंचायत भवन की स्वीकृति नहीं मिलने से परेशानी बनी हुई है।

पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायत पाईभाटा के लिए नए पंचायत भवन की स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाए।

छत्तीसगढ़ पेंशन समाज तहसील शाखा नगरी में 80 वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया

नगरी/नवप्रदेश। तहसील शाखा नगरी में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस बड़े उल्लास के साथ मनाया गया सभी पेंशनर्स साथी बड़े उत्साह के साथ झंडा तोलन में उपस्थित रहे सर्वप्रथम हमारे अध्यक्ष श्री आर एल देव संरक्षक श्री ए एल बनपेल सदस्य श्री रमेश सार्वा सलाहकार श्री सिन्हा जोन प्रभारी एलएस गजपाल सभी ने छायाचित्र मां भारती और गांधी जी को चंदन बंधन और पुष्पमाला अर्पित कर तिरंगे झंडे की पूजा अर्चना की गई पश्चात अध्यक्ष आर एल देव द्वारा झंडा पहरा कर सलामी दी गई देश की आन बान शान के लिए राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान एक ही स्वर में गया गया सभी

पेंशनर्स साथी आपस में गले मिलकर एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी सभी साथी सभा कक्ष में उपस्थित होकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया के बाद सभी पेंशनर्स को मिष्ठान वितरण किया गया।

रक्षाबंधन पर बिहान की दीदियों ने थामा स्वावलंबन का धागा

मैनपुर में लगाए गए आकांक्षा हाट में 21 से 28 अगस्त तक विशेष राखी विक्रय स्टॉल

मैनपुर/नवप्रदेश। रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष जिले की बिहान से जुड़ी ग्रामीण दीदियों के लिए भाई-बहन के स्नेह के साथ स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर भी लेकर आया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चंद्राकर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाएं स्थानीय एवं पारंपरिक सामग्री से आकर्षक राखियों का निर्माण कर रही हैं। राखियों के विक्रय से महिलाओं को अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है और वे स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। मैनपुर विकासखंड में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा राखी निर्माण एवं विक्रय की गतिविधि संचालित कर रही है। समूह द्वारा 5 हजार 340 रुपये की लागत से राखियां तैयार कर अब तक 11 हजार 258 रुपये की बिक्री कर चुकी है। विकासखंड मैनपुर अंतर्गत आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी स्वसहायता समूह की दीदियों द्वारा सात दिवसीय ÷आकांक्षा हाट राखी उत्सव बाजार÷ का शुभारंभ आज 21 अगस्त से किया गया। मैनपुर स्थित एसडीएम कार्यालय के समीप मुख्य मार्ग पर लगाए गए इस हाट को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही लगातार बनी हुई है।

पेज 1 का शेष...

न्यायिक सेवा के नियमों ...

गहन प्रशिक्षण, इसके बाद छह महीने जिला न्यायाधीश / उच्चतर न्यायिक सेवा के अधिकारी के साथ क्लर्कशिप और छह महीने किसी मौजूदा हाईकोर्ट जज के साथ क्लर्कशिप करना अनिवार्य होगा।

वंदे मातरम् पर कांग्रेस का...

के प्रति सम्मान पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

कांग्रेस कार्यसमिति का निर्णय और कानूनी प्रावधान

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस कार्यसमिति की हालिया बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि पार्टी कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' का पूरा गायन नहीं किया जाएगा और केवल शुरुआती दो अंतरे ही गाए जाएंगे। दूसरी ओर, केंद्र सरकार ने मानसून सत्र के दौरान एक विधेयक पारित कर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को राष्ट्रगान के समान दर्जा देते हुए इसके अनादर पर सजा और दंड का प्रावधान किया है।

भारत और सिंगापुर में रणनीतिक ...

क्षेत्रों में हुई प्रगति का उल्लेख किया।

दोनों पक्षों ने खाद्य सुरक्षा सहयोग, समुद्री विरासत सहयोग तथा दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्र में नियामकीय सूचना के आदान-प्रदान से संबंधित दो समझौता ज्ञापनों और एक आशय पत्र का आदान-प्रदान किया। दोनों पक्षों ने भारतीय राज्यों और सिंगापुर के बीच संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई, जिसमें भारत के मुख्यमंत्रियों की सिंगापुर की नियमित यात्राएं शामिल हैं।

भारतीय मंत्रियों ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने परिवहन मंत्री और वित्त राज्य मंत्री जेफ्री सिओ से मुलाकात की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सिंगापुर के मंत्रियों के. षणमुगम और विवियन बालाकृष्णन के साथ बैठकें कीं और श्री बालाकृष्णन के साथ सिंगापुर में भारतीय उच्चायोग के नए चांसरी-सह-आवासीय भवन परिसर की आधारशिला रखी।

इंस्टाग्राम पर शाह और...

सामग्री फैलाना पूरी तरह से गैर-कानूनी है। उन्होंने पुलिस से इन सोशल मीडिया अकाउंट्स को तुरंत ट्रैक करने और इसके पीछे के असली चेहरों को बेनकाब करने की मांग की है।

पुलिस कार्रवाई और तकनीकी जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए सिविल लाइन थाना पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया है। थाना प्रभारी यामन देवांगन ने जानकारी दी है कि आईटी एक्ट और संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की विशेष तकनीकी टीम और साइबर सेल इंस्टाग्राम अकाउंट्स के सर्वर, आईपी एड्रेस और पोस्ट अपलोड करने वाले लोकेशंस की जानकारी जुटा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

एलओसी के पास...

शेल को छुएं नहीं, हिलाएं नहीं, लात न मारें और न ही उठाएं। उन्हें सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित दूरी बनाए रखें और दूसरों को भी दूर रहने के लिए सचेत करें। इसकी जानकारी तुरंत नजदीकी आर्मी कैंप या स्थानीय पुलिस स्टेशन को दें ताकि बीडीएस के जवान इसे सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर सकें।

चमोली सुरंग हादसे ...

संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता और मजबूती के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता और राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

11 आईएफएस ...

भानुप्रतापपुर, गौतम पादीभर को कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, श्वेता कम्बोज को गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व, सुमेध संजय सुरवणे को इंद्रावती टाइगर रिजर्व, और तन्मय कौशिक को मुंगेली का प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा, स्टायलो मंडावी उत्तम कुमार गुप्ता के कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात केवल प्रभारी मुख्य वन संरक्षक (प्रादेशिक), जगदलपुर के पद पर रहेंगी और शेष अतिरिक्त प्रभारों से मुक्त हो जाएंगी।

युवाओं को 'जॉब ...

प्रस्तुतकिया। इस फोरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन सहित देश-विदेश की कई दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं।

2030 तक 5 हजार स्टार्टअप का लक्ष्य-मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ की नई अर्थव्यवस्था के केंद्र में युवा हैं। सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के युवा 'जॉब सीकर' (नौकरी चाहने वाले) नहीं, बल्कि 'जॉब क्रिएटर' (रोजगार प्रदाता) बनें।

नई औद्योगिक नीति ...

प्रक्रियाओं को बेहद सरल बनाया गया है, जिससे कम जोखिम वाले उद्योगों को समयबद्ध स्वीकृतियां मिल रही हैं। इन सुधारों के परिणामस्वरूप, नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद से प्रदेश को 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

1600 पद खाली, फिर भी दूसरी सूची का इंतजार; पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों ने कवर्धा में रोकी राह

कवर्धा / नवप्रदेश। भारत माता चौक से कलेक्ट्रेट तक पहुंचने निकले सैकड़ों अभ्यर्थी, बैरिकेडिंग पर सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन; बोले–पद रिक्त हैं तो नियुक्ति का रास्ता क्यों बंद?

छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती 2023-24 में रिक्त बताए जा रहे करीब 1600 पद अब उन अभ्यर्थियों के लिए सबसे बड़ा सवाल बन गए हैं, जो चयन की अगली सूची का इंतजार कर रहे हैं। इसी सवाल को लेकर शुक्रवार को प्रदेशभर के अभ्यर्थी कवर्धा की सड़कों पर उतर आए। भारत माता चौक से कलेक्टर कार्यालय की ओर रैली लेकर निकले अभ्यर्थियों को सर्किट हाउस के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी सड़क पर ही बैठ गए और दूसरी चयन सूची जारी करने की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। खबर लिखे जाने तक अभ्यर्थी मौके पर डटे रहे और दूसरी ओर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही।

सवाल सिर्फ नौकरी का नहीं, इंतजार की सीमा का

प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है कि वे भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों से गुजरने के बाद अब दूसरी सूची की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उनका कहना है कि यदि स्वीकृत पदों में से कुछ पद नियुक्ति के बाद भी खाली हैं तो उन पदों को लंबे समय तक रिक्त रखने के बजाय नियमों के तहत प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को अवसर दिया जाना चाहिए। लंबे इंतजार के कारण अभ्यर्थियों में असमंजस और निराशा बढ़ रही है।

रैली रोकी तो सड़क बनी प्रदर्शन स्थल

अभ्यर्थी भारत माता चौक से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ रहे थे। सर्किट हाउस के पास पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया। इसके बाद अभ्यर्थियों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान गृहमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपकर रिक्त पदों पर दूसरी सूची या प्रतीक्षा सूची के माध्यम से चयन की मांग की।

हाईकोर्ट के निर्देश का भी हवाला-अभ्यर्थियों ने अपने आवेदन में बिलासपुर हाईकोर्ट के निर्देश का हवाला देते हुए सरकार से मामले में जल्द निर्णय लेने की मांग की है। उनका कहना है कि भर्ती प्रक्रिया को काफी समय बीत चुका है और अब रिक्त पदों को लेकर स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए।

5967 पदों की भर्ती में 1600 पदों का सवाल

अभ्यर्थियों के अनुसार जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग भर्ती 2023-24 में कुल 5967 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई थी। उनका कहना है कि करीब 4367 पदों पर चयन और नियुक्ति हो चुकी है, लेकिन लगभग 1600 पद अब भी रिक्त बताए जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का तर्क है कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान कुछ अभ्यर्थियों का एक से अधिक जिलों की चयन सूची में नाम आने तथा अन्य कारणों से कई पद खाली रह गए। ऐसे में रिक्त पदों को प्रतीक्षा सूची के पात्र अभ्यर्थियों से भरने का अवसर दिया जाना चाहिए।

तहसीलदार ने लिया ज्ञापन

प्रदर्शनकारियों से तहसीलदार परमेश्वर मंडावी ने ज्ञापन लिया और उसे शासन तक भेजने की बात कही। हालांकि अभ्यर्थियों का कहना है कि केवल ज्ञापन से बात खत्म नहीं होगी। वे रिक्त पदों पर दूसरी सूची जारी होने का स्पष्ट निर्णय चाहते हैं। खबर लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी था और मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित रही।

न्यूज गैलरी

जिले की नवपदस्थ कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने किया कार्यभार ग्रहण

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिले की नवपदस्थ कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया।

श्रीमती तुलिका प्रजापति 2016 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं और वे कबीरधाम जिले की 21वीं कलेक्टर हैं। पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने जिले के प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी संभाल ली है।कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति इससे पूर्व मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी जिले की कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक, पशुपालन विभाग की उप सचिव के पद पर दायित्वों का निर्वहन किया है। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति बेमेतरा, बलरामपुर और कोरिया जिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के रूप में भी कार्य कर चुकी हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, सागर सिंह राज, रामप्रसाद आचला, एसडीएम पंडरिया श्री संदीप ठाकुर, कवर्धा चेतन साहू, लोहारा श्रीमती शिल्पा देवांगन, बोड़ला आशुतोष शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रुचि शार्दूल, अधीक्षक राजेंद्र धुर्वे सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

मंदिर में चोरी का खुलासा, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हेमसागर सिदार तथा अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया श्री भूपत सिंह के दिशा निर्देश में थाना पण्डरिया पुलिस ने मंदिर में चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शेरा उर्फकैलाश चंद्रवंशी (25 वर्ष), निवासी कंझेटा, थाना पाण्डातराई को गिरफ्तार किया है। थाना पण्डरिया में राम जानकी मंदिर, रैहा पण्डरिया से चांदी एवं कांसे की सामग्री चोरी होने पर अपराध क्रमांक 156/2026, धारा 331(4), 305 बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई थी। वरिष्ठ अधिकारीगणों के दिशा निर्देश पर विशेष टीम का गठन कर आरोपी के पता तलाश के लिए अलग-अलग क्षेत्र में रवाना किया गया था, साथ ही पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे कवर्धा क्षेत्र से पकड़ा।पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर 02 कांसे की थाली, 01 कांसे की घंटी, 01 प्लेट, 02 कांसे की कटोरी, 01 कांसे का दिया, घटना के समय पहने कपड़े एवं गमछा तथा 2,200 रुपये नगद बरामद किए गए।

आरोपी के कब्जे से 1,70,000 रुपये नगद बरामद

पेपर कप मशीन के नाम पर 1.81 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव / नव प्रदेश। थाना सोमनी राजनंदगांव पुलिस द्वारा वर्ष 2024 में दर्ज धोखाधड़ी के प्रकरण में लगातार फरार चल रहे आरोपी को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। आरोपी द्वारा पेपर कप बनाने की मशीन एवं कच्चा माल उपलब्ध कराने के नाम पर प्रार्थी से राशि प्राप्त कर निर्धारित मशीन के स्थान पर दूसरी मशीन भेजने तथा कच्चा माल उपलब्ध नहीं कराकर धोखाधड़ी की गई थी।

प्रार्थी द्वारा थाना सोमनी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 17.01.2024 को श्री श्याम इंडस्ट्रीज, जयपुर के मालिक बृजेश, निवासी जयपुर, थाना मेट्रोसिटी जयपुर से पेपर कप बनाने वाली 65 एमएल मशीन खरीदने का सौदा 8,20,000 रुपये में तय हुआ था। मशीन के साथ कच्चे माल का कोटेशन 10,03,000 रुपये का दिया गया था, जिसमें मशीन के अतिरिक्त कच्चे माल के लिए 1,81,000 रुपये आरोपी को भुगतान किया गया था।

दिनांक 02.05.2024 को आरोपी द्वारा मशीन भेजी गई, किंतु कच्चा माल नहीं भेजा गया। मशीन की जांच करने पर यह भी पाया गया कि आरोपी द्वारा 65 एमएल के स्थान पर 50 एमएल क्षमता की मशीन भेजी गई थी। इस संबंध में प्रार्थी द्वारा आरोपी से गलत मशीन भेजने एवं कच्चा माल उपलब्ध नहीं कराने के कारण राशि वापस करने कहा गया, किंतु आरोपी द्वारा राशि वापस नहीं की गई। इस प्रकार आरोपी द्वारा प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी की गई।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सोमनी राजनांदगांव में धारा 420 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव *सुश्री अंकिता शर्मा* के दिशा निर्देश पर , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री के.पी. मरकाम के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक एमन साहू द्वारा पुलिस टीम गठित कर आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी।

पतासाजी के दौरान आरोपी के जयपुर, राजस्थान में ही होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना की तस्दीक एवं गिरफ्तारी हेतु थाना सोमनी पुलिस की टीम तत्काल जयपुर राजस्थान रवाना की गई। टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए आरोपी बृजेश जिंजवारिया पिता स्व. बनवारी लाल जिंजवारिया, उम्र 26 वर्ष, निवासी टोड़ी, थाना मनोहरपुर, जिला जयपुर, राजस्थान को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से 1,70,000 रुपये नगद बरामद कर विधिवत जप्त किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा महापौर का जन्मदिन

महापौर के जन्मोत्सव की तैयारियॉ तेज, समर्थकों में झलक रहा है विशेष उत्साह

राजनांदगांव / नव प्रदेश। पूर्व सांसद एवं राजनांदगांव नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव का जन्मदिन 23 अगस्त 2026, रविवार को शहर में विभिन्न सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। महापौर के जन्मदिवस को लेकर उनके समर्थकों, शुभचिंतकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बधाई संदेशों वाले बैनर एवं पोस्टर भी लगाए जा रहे हैं।जन्मोत्सव कार्यक्रम के संयोजक एवं वरिष्ठ पार्षद सावन वर्मा ने बताया कि जन्मदिवस के अवसर पर सर्वप्रथम महापौर जी सपरिवार दिग्विजय कॉलेज रोड स्थित माता दिवाला मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे तथा ग्राम देवी शीतला माता का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।इसके बाद प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक महापौर श्री यादव रायपुर नाका स्थित समता वृद्धाश्रम पहुंचेंगे, जहां वे निवासरत बुजुर्गों के साथ समय बिताकर अपने जन्मदिन की खुशियां साझा करेंगे।

दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पुष्प वाटिका, रानीसागर स्थित योगा हॉल में जन्मदिन का मुख्य आयोजन रखा गया है। मोतीपुर रेजीमेंट के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में राजनांदगॉव शहर एवं जिला सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले नागरिक, शुभचिंतक एवं समर्थक महापौर को जन्मदिन की शुभकामनाएं देंगे।

शाम को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भी जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाम 5 बजे भदौरिया चौक, स्टेडियम रोड में राजनांदगांव शहर उत्तर मंडल भाजपा द्वारा जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शाम 5.30 बजे क्लब चौक, बसंतपुर में राजनांदगांव शहर दक्षिण मंडल भाजपा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इसी क्रम में शाम 6 बजे नंदई चौक में स्थानीय पार्षदों द्वारा, शाम 6.30 बजे लखोली चौक में क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा महापौर का जन्मदिन उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। शाम 7 बजे शहर के हृदयस्थल महाकाल चौक (मानव मंदिर चौक) में महापौर मधुसूदन अपने शुभचिंतकों एवं चाहने वालों के साथ जन्मदिन की खुशियां साझा करेंगे।

पुराना बस स्टैण्ड एवं गंज चौक व्यावसायिक परिसर का महापौर ने किया निरीक्षण

व्यावसायिक परिसर के प्रथम तल में दुकान निर्माण करने प्रक्रिया करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव / नव प्रदेश। महापौर मधुसूदन यादव आज पुराना बस स्टैण्ड एवं गंज चैक व्यावसायिक परिसर का आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम तथा तकनीकि अधिकारियो के साथ निरीक्षण कर पुराना बस स्टैण्ड के जर्जर यात्री प्रतिक्षालय व भवन तोडने तथा गंज चैक व्यावसायिक परिसर के प्रथम तल में दुकान निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार कर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। महापौर यादव पुराना बस स्टैण्ड का जायजा लिए और यात्री प्रतिक्षालय की जर्जर स्थिति देख प्रतिक्षालय एवं भवन को तोडने प्रक्रिया करने कहा। उन्होंने कहा कि बजट प्रावधान अनुसार सर्वसुविधायुक्त व्यावसायिक परिसर का निर्माण किया जाना है। निर्माण के लिए जर्जर भवन तोडने सामान्य सभा में पारित भी किया गया है। प्रथम चरण में निर्माण करने यात्री प्रतिक्षालय व भवन तोड़ा जाए तथा व्यावसायिक परिसर निर्माण हेतु की जा रही प्रक्रिया में गति लावे। निरीक्षण की कडी में महापौर ने गंज चैक के पास निर्मित व्यावसायिक परिसर का निरीक्षण कर परिसर के प्रथम तल में दुकान निर्माण के लिए प्राक्कल तैयार करने के निर्देश तकनीकि अधिकारियो को दिए।

गुरु रविदास चौक के सौंदर्यीकरण के लिए 25 लाख की घोषणा–

बेमेतरा/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की कृति और स्मृतियों को संजोए रखने के उद्देश्य से बेमेतरा शहर के बाजार पारा सब्जी मंडी के पास स्थित गुरु रविदास महाराज चौक के सौंदर्यीकरण के लिए 25 लाख रुपए की राशि से विकास कार्य कराने की घोषणा की है। इसमें उप मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा 15 लाख रुपए तथा बेमेतरा विधायक द्वारा 10 लाख रुपए की राशि की घोषणा की गई है।

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
(10th Call)

NIT NO. 811 / RAIPUR DATED-19.08.2026

Online bids are invited for the following works of works up to **31.08.2026 at 17:30 hours.**

Sr. No.	System Tender No.	Name of Work	Amount of the Estimate (In Lacs)
1	197884	शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड क्रमांक 62 अंतर्गत इंदिरा नगर शौचालय के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य।	15.00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **19.08.2026, 17:30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE:-
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
(ZONE NO. 06)
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

कार्यालय–कार्यपालन यंत्री, उपकेन्द्र संभाग–दो, रावणभाटा, रायपुर
छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(Address: 132 KV GIS S/s Building, Rawanbhata, Near Bhatagaon Chowk, Raipur)
Fax/Phone No. 0771-2576453, Email-eess2Trans.raipur@cspc.co.in

क्रमांक/52–68/क्रय/वाहन/1/594020/2026 रायपुर, दिनांक 20.08.2026

//निविदा आमंत्रण सूचना//

लाईट कॉमर्शियल वाहन पिकअप 3.4 टन अथवा समकक्ष वाहन के अस्थायी अल्पकालीन अनुबंध हेतु

कार्यपालन यंत्री, उपकेन्द्र, संभाग–दो, छ.स्टेट.पॉ.ट्रांस.कं. लिमि. रावणभाटा, रायपुर के लिये वाहन चालक सहित 01 नग लाईट कॉमर्शियल वाहन (पिकअप 3.4 टन) अथवा समकक्ष वाहन के अस्थायी अल्पकालीन अनुबंध (एक वर्ष) हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय	निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय
दिनांक 09.09.2026 समय 05:00 बजे तक	दिनांक 10.09.2026 समय 03:00 बजे तक	दिनांक 11.09.2026 समय 04:00 बजे तक

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cspc.co.in/csptcl_tendernotices से डाउनलोड की जा सकती है।नोट :– निविदा से संबंधित शुद्धिपत्र अथवा अन्य संसोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। उक्त सभी सूचनायें केवल कंपनी के अधिकारिक वेबसाईट में ही प्रकाशित की जायेगी।

कार्यपालन यंत्री
उपकेन्द्र संभाग–दो छ.रा.वि.पारे.क.मर्या, रायपुर

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें S-48833/2

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.CHIEF ENGINEER (S&P) DSPM TPS, KORBA EAST, DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
(An ISO: 9001-2015, ISO: 14001-2015, OHSMS ISO: 45001-2018, certified power station)
PHONE NO. -(07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepmw.dspmke@cspc.co.in

E-TENDER NOTICE NO.3262/2026

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced supplier/bidders for the supply as mentioned belowforDSPM TPS, CSPGCL, Korba (East):-

S. N.	Tender Specification No.	RFx No. E-Tender No.	Particulars	Qty	Last Date/Time of submission of bid.	E.M.D. (Rs)	Tender Cost
1.	16-06/DSPM TPS/S&P /CT/T-3343/2026	81000 53897	Procurement of shackle stone of BG Hopper wagons at CT division of DSPM TPS, Korba East	As per tender schedule	11.09.2026 15:30 Hrs	7910/-	590/-

NOTES:-(1)For more details, Tender Documents along with Annexures visit our website :-http://www. cspc.co.in > ebidding > ebidding web portal ORhttp://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. [Helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) between 11.00 AM to 05.30 PM on all working days]Any Corrizendum/amendment, if required, shall be displayed on above website only.

Superintending Engineer (Proc.)
DSPM TPS: CSPGCL KORBA EAST

SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION S-48834/1

गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती का आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। थान खम्हरिया के समीपस्थित ग्राम बनिया के शिवशक्ति विद्या धाम में आज दिनांक 19.08.2026 को गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती का आयोजन हुआ। आचार्य श्री राजेश्वर प्रसाद तिवारी जी के आगमन के पश्चात डॉ. आर पी शर्मा जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ,आचार्य राजेश्वर प्रसाद तिवारी जी द्वारा अपने प्रवचन में तुलसीदास जी के रचनाओं की महिमा बताते हुए कहा कि तुलसीदास जी लोकनायक थे उनकी अधिकतर रचनाएं ब्रज भाषा में रचित है,तुलसीदास जी ने अपने मन को रामायण कथा सुनाई, रामचरित मानस की रचना सकल मानवता के लिए है जिसका लाभ समस्त विश्व के जनमानस उठा सके।सनातन यदि जिंदा है भारत में भारतीयता है हिन्दू आज हिन्दू है तो उसका कारण तुलसीदास जी एवं उनकी रचनाएं है। विकट देशकाल परिस्थिति में जन्म लेने वाले तुलसीदास जी ने आजीवन मानव कल्याणकारी रचनाएं रची है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204, वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in

क्रमांक / GENS-2101/6670/2026/EXAM/DIS/673141/2026 नवा रायपुर, दिनांक 18/08/2026

सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर (मुख्य) परीक्षा-2024 के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग / प्लाटून कमाण्डर (मुख्य) परीक्षा-2024 की लिखित परीक्षा दिनांक 02, 03 एवं 04 नवंबर 2026 को जिला सरगुजा (अंबिकापुर), बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर (जगदलपुर) एवं रायपुर के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा की समय सारणी निम्नानुसार है-

DATE	DAY	TIME	SUBJECT
02.11.2026	MONDAY	09.00 AM TO 11.00 AM	Hindi and English Languages
		02.00 PM TO 05.00 PM	General Knowledge and Studies
03.11.2026	TUESDAY	09.00 AM TO 11.00 AM	Aptitude Test
04.11.2026	WEDNESDAY	09.00 AM TO 11.00 AM	Physics, Chemistry and Mathematics
		02.00 PM TO 05.00 PM	Computer Science

उक्त परीक्षा हेतु आयोग द्वारा प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि के 10 दिवस पूर्व जारी किया जावेगा। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र अथवा प्रवेश पत्र जारी किए जाने संबंधी कोई सूचना या SMS व्यक्तिशः नहीं भेजा जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर अटल नगर

जी-262702890/3

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)
निविदा सूचना

क्रमांक / लो.क.वि./ जोन-4/2026/ 734 192 भिलाई. दिनांक 19/8/26

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निमार्ण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र	कार्य का नाम	निविदा लागत (लाख में)	निविदा विभाग में प्राप्त होने की अंतिम तिथी
1	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 46 खुर्सीपार भिलाई प्रकाश व्यवस्था स्ट्रीट लाईट (ट्यूबलर पोल) (प्रस्तावित स्थल-शर्मा आश्रम, माझी चौक, गणेश मंदिर के पास, नंदगईया पारा, दुर्गा मंदिर सकूल मिलावट पारा) लगाने का कार्य।	3.00	08.09.2026
2	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 46 खुर्सीपार भिलाई दुर्गा मंदिर नहर किनारे के पास सार्वजनिक मंच सह सौदर्गीकरण कार्य।	4.00	08.09.2026
3	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 46 खुर्सीपार भिलाई में तरंगिनी नगर में 1 नग सार्वजनिक बोर खनन कार्य।	1.00	08.09.2026
4	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 47 न्यू खुर्सीपार पंडित जवाहर लाल नेहरू स्कूल प्रांगण पूर्व निर्मित डोमशेड में मंच निर्माण कार्य।	2.00	08.09.2026
5	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 47 न्यू खुर्सीपार शनि मंदिर के पीछे सार्वजनिक नाली सीमेंटीकरण निर्माण कार्य।	3.00	08.09.2026
6	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 47 न्यू खुर्सीपार पंडित जवाहर नेहरू स्कूल से काली मंदिर तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तारीकरण कार्य।	3.00	08.09.2026
7	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 48 खुर्सीपार भिलाई सतगुरू कबीर मंदिर के पास सर्वसुविधायुक्त महिला-पुरूष सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य।	2.00	08.09.2026
8	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 48 खुर्सीपार भिलाई ज्योति लिंगेश्वर मंदिर के पास सर्वजनिक शौचालय स्नानागार व छोटी पानी टंकी निर्माण कार्य।	3.00	08.09.2026
9	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 48 खुर्सीपार भिलाई केनाल रोड एकता नगर मंदिर के पीछे सार्वजनिक स्थान में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य।	4.00	08.09.2026
10	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 48 खुर्सीपार भिलाई छ.ग. राजभर मोहल्ला में 01 नग सार्वजनिक बोर खनन कार्य।	1.00	08.09.2026
11	विधायक निधि अतर्गत वार्ड क्र. 49 खुर्सीपार मछली मार्केट काली मंदिर के समीप पेयजल हेतु सार्वजनिक वाटर कूलर लगाने का कार्य।	1.00	08.09.2026
12	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 49 खुर्सीपार जोन-3 मस्जिद के पीछे गली में सीमेंटीकरण कार्य।	1.00	08.09.2026
13	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 49 खुर्सीपार सड़क नं. 1 से 9 तक प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य।	2.00	08.09.2026
14	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 49 खुर्सीपार गुजराती मोहल्ला शिव शंकर मोहल्ला के समीप पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तारीकरण कार्य।	3.00	08.09.2026
15	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 49 खुर्सीपार हार्डवेयर लाईन के समीप नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य।	3.00	08.09.2026
16	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 50 खुर्सीपार भिलाई श्रमिक बस्ती शासकीय स्कूल के पास सार्वजनिक डोमशेड निर्माण कार्य।	1.00	08.09.2026
17	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 50 खुर्सीपार भिलाई हनुमान मंदिर सड़क एम.पी.आर सेक्टर 11 में सार्वजनिक डोमशेड निर्माण कार्य।	1.50	08.09.2026
18	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 50 खुर्सीपार भिलाई एम.पी. आर. रोड नाग सर के घर के पास सार्वजनिक नाली निर्माण कार्य।	1.00	08.09.2026
19	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र 50 खुर्सीपार भिलाई सड़क 29, 33, 34 व दुर्गा मंच के पास 01 नग बोर खनन सह पाईप लाईन विस्तारीकरण कार्य।	3.50	08.09.2026

निविदा स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जायेंगे। उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त

विकास की अंधी दौड़ : बेमेतरा-मुंगेली सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हजारों हरे-भरे पेड़ों की 'बलि'

■ **नियमों को ताक पर रखकर पीडब्ल्यूडी ने मचाया तांडव**

बेमेतरा/ नवप्रदेश। मुंगेली सड़क मार्ग निर्माण में पीडब्ल्यूडी, राजस्व व वन विभाग की साझेदारी से 3123 पेड़ों की कटाई का रिकॉर्ड

पर्यावरण संरक्षण की बड़ी बड़ी बातें दिखाई पड़ रही सिर्फ हवाहवाई, जिम्मेदार विभाग व अधिकारी दिख रहे उदासीन

बेमेतरा/नवप्रदेश। एक तरफ जहां देश और प्रदेश में 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे बड़े अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का ढोल पीटा जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ शासकीय कार्यों की आड़ में पर्यावरण का गला घोंटने का एक बड़ा मामला सामने आया है। जिलें में बेमेतरा से मुंगेली के बीच चल रहे सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य की आड़ में हजारों हरे-भरे पेड़ों की बेरहमी से कटाई कर 'बलि' दे दी गई है। सड़क किनारे बचे पेड़ों के ठूंठ अब चिल्ला-चिल्लाकर इस विनाश की गवाही दे रहे हैं।

116 करोड़ का प्रोजेक्ट, पर्यावरण को अरबों का नुकसान

केंद्रीय सड़क निधि मद से स्वीकृत 116 करोड़ रुपए की भारी लागत से बेमेतरा-मुंगेली के बीच 43 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य प्रगति पर है। विकास का यह रास्ता लोक निर्माण विभाग की लापरवाही और मनमानी के कारण पर्यावरण के लिए विनाशकारी साबित हो रहा है।

कटाई आम से लेकर खास की

सड़क निर्माण में काटे गए पेड़ों में आम से लेकर खास, हर प्रजाति के पेड़ शामिल थे, जो दशकों से राहगीरों को छांव और क्षेत्र को ऑक्सीजन दे रहे थे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विकास जरूरी है, लेकिन इस तरह की अंधाधुंध कटाई ने पूरे इलाके व मार्ग को पर्यावरण विहीन में तब्दील कर दिया है।

पीडब्ल्यूडी ने ताक पर रखे नियम, बड़ी गड़बड़ी की आशंका

सूत्रों की मानें तो इस पूरी कटाई प्रक्रिया में पीडब्ल्यूडी ने स्थापित सरकारी नियमों को पूरी तरह ताक पर रख दिया है। जानकारों का कहना है कि यदि निम्नलिखित बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच की जाए, तो एक बहुत बड़ा घोटाला सामने आ सकता है

पेड़ों की वास्तविक संख्या कागजों में जितने पेड़ दिखाए गए हैं, जमीन पर उससे कहीं ज्यादा काटे गए हैं।

कटाई की मात्रा और भंडारण कटे हुए पेड़ों की लकड़ी की मात्रा और उसके भंडारण के हिसाब में भारी हेरफेर की आशंका है। पूरे सड़क मार्ग का अवलोकन करने पर पेड़ों की कटाई के पूर्व और बाद की स्थिति देखकर स्वतः ही अनुमान लगाया जा सकता हैं कि कितने पेड़ों की कटाई की गई होंगी। यदि इसका मिलान किया जाए, तो हकीकत की पोल खुल जाएगी।

शासकीय कार्य के नाम पर मनमानी

ठेकेदार और अधिकारियों की जुगलबंदी ने शासकीय कार्य का बहाना बनाकर नियमों की धज्जियां उड़ा दी हैं। वहीं पेड़ो की कटाई के संबंध में शामिल विभागो (pwd, राजस्व, वन) द्वारा जानकारी देने में एक दूसरे के ऊपर ठिकरा फोड़ा जा रहा हैं।

भरपाई की कोई योजना नहीं, खोखले साबित हो रहे सरकारी दावे-सबसे चौंकाने वाली और चिंताजनक बात यह है कि इस भारी तबाही के बाद हजारों पेड़ों की कटाई की भरपाई के लिए विभाग के पास कोई ठोस योजना नहीं है। एक तरफ आम जनता से पौधा लगाने की अपील की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ सरकार की नाक के नीचे चल रहे इस प्रोजेक्ट ने पर्यावरण को ऐसा जख्म दिया है जिसकी भरपाई मुमकिन नहीं दिखती। क्या सरकार व प्रशासन का यहीं हैं पर्यावरण संरक्षण की बातें।बड़ा सवाल क्या विकास की कीमत सिर्फ पर्यावरण को उजाड़कर ही चुकाई जा सकती है? आखिर नियमों को दरकिनार करने वाले पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई कब होगी?

इस मामले में अब देखना यह होगा कि पर्यावरण विभाग और उच्च अधिकारी इस मनमानी का संज्ञान लेते हैं या कागजी विकास के नीचे इस विनाश की कहानी को दबा दिया जाएगा।

> पेड़ो की कटाई संबंधी समस्त जानकारी वन विभाग के द्वारा दी जाएगी, क्योंकि पेड़ों की कटाई का कार्य उनके द्वारा ही किया गया हैं। इस संबंध में हमारे पास कोई जानकारी नहीं हैं।
>
> **– डीके चंदेल, ईई, पीडब्ल्यूडी बेमेतरा**
>
> बेमेतरा मुंगेली सड़क मार्ग निर्माण में आने वाले पेड़ों का पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मार्किंग कर दिया गया था, जिसके बाद वन विभाग द्वारा कटाई का कार्य किया गया। इस मार्ग पर कुल 3123 पेड़ों की कटाई की गई है। वृक्षारोपण की कार्य योजना अभी तक नहीं बनाई है।
>
> **राम पटेल, रेंजर, वन विभाग बेमेतरा**

संक्षिप्त खबरें

महिला मोर्चा भाजपा की बहनों ने चिकित्सकों और पुलिसकर्मियों को राखी बाँध मनाया गया रक्षा बंधन

कुरूद/नवप्रदेश। जो दिन-रात समाज की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहते हैं, उनके प्रति आभार और अपनेपन का भाव व्यक्त करते हुए कुरूद मंडल भाजपा महिला मोर्चा ने रक्षाबंधन का पावन पर्व अत्यंत आत्मीयता के साथ मनाया।त्योहारों के मौके पर भी अपने घरों से दूर रहकर कर्तव्य निभा रहे पुलिस जवानों व अधिकारियों के प्रति स्नेह प्रकट करने के लिए महिला मोर्चा की बहनें कुरूद पुलिस थाना पहुंचीं। बहनों ने खाकी वर्दीधारी वीर भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा, उनका मुंह मीठा कराया और उनके स्वस्थ, सुरक्षित व दीर्घायु जीवन के लिए मंगलकामना की।स्नेह और कृतज्ञता का यह सिलसिला यहीं नहीं थमा। महिला मोर्चा ने शासकीय अस्पताल और नगर पालिका परिषद पहुंचकर वहां दिन-रात जनसेवा में जुटे कर्मचारियों को भी विश्वास की डोर बांधी। सेवा में लगे भाइयों ने भी बहनों के इस आत्मीय व्यवहार पर कृतज्ञता व्यक्त की।इस भावपूर्ण आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर के साथ भारती पंचायन, धनेश्वरी निर्मलकर, कविता चंद्राकर, राजकुमारी ध्रुव, भूमिका सिन्हा, कमिथला साहू, विद्या शर्मा, ममता साहू, चित्ररेखा टंडन, अनुराधा साहू, वर्षा निर्मलकर, ममता साहू, निशा वैष्णव, रजनी साहू, गायत्री देवांगन, सीमा साहू और गीता साहू सहित बड़ी संख्या में बहनें उपस्थित रहीं।

नेशनल लोक अदालत में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार आगामी नेशनल लोक अदालत 12 सितम्बर 2026 के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण को लेकर न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा सरोज नंद दास ने की।बैठक में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वर्णलता ओम यादव एवं एडीएम प्रकाश कुमार भारद्वाज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक राजस्व एवं अन्य समझौता योग्य प्रकरणों के निराकरण के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय एवं प्रभावी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। प्रधान जिला न्यायाधीश ने पुलिस विभाग को न्यायालय द्वारा पक्षकारों को प्री-सिटिंग के लिए जारी किए जा रहे नोटिस की समय पर तामिली सुनिश्चित करने तथा प्रकरणों के निराकरण में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए।

हतबंद मे ऑटो स्टैंड की उठी मांग,पूरा नहीं करने पर जल्द DRM को सौंपेंगे ज्ञापन

हतबंद/नवप्रदेश। हतबंद ग्राम में रेलवे स्टेशन होने के नाते रेल यात्रियों की आवागमन सुबह, से देर रात तक लगी रहती है और करोना कल से ही हतबंद स्टेशन मे बस सेवा पूर्ण रूप से बंद है जिसे लेकर क्षेत्र की जनता तथा रेल सेवा का लाभ उठा रहे स्थानीय व दूर दराज क्षेत्र के यात्रीगण के पास घर पहुंचने के लिए अंतिम साधन नहीं होता था जिसे देखकर हथबंद गांव के व आसपास के युवा नवजवानो ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक अनोखी पहल आटो चालक बन शुरू किया था हुआ यह था कि रेल यात्रियों तथा आसपास के लोकल राहगीरों को बस नहीं आने के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था तथा जो रायपुर बिलासपुर तथा दूर दराज से आते थे वह भी रात के समय आने जाने मे समस्या का सामना करना पड़ता था जिसे लेकर युवाओं के मन में तकलीफमहसूस होती थी जिसे देखकर क्षेत्रीय युवाओं ने ऑटो चलाने का निर्णय ले लिया था आज भी कई वर्षों से इन्हीं ऑटो चालकों के द्वारा राहगीरों को अपने अंतिम गंतव्य तक पहुंचाया जाता है लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि हथबंद ग्राम में किसी भी प्रकार का ऑटो स्टैंड नहीं होने से ऑटो का परिचालन सही रूप से नहीं हो पा रहा है और साथ ही साथ ऑटो स्टैंड नहीं होने के कारण ऑटो चालक व राहगीरो को इस भरी बरसात में अनेको समस्या का सामना करना पड़ रहा है जिसे लेकर ऑटो चालकों ने बस स्टैंड की मांग की है मांग को जायज बताते हुए यह भी कहा है कि अगर ऑटो स्टैंड का निर्माण जल्द नहीं होगा तो ऐसी स्थिति में रेलवे डीआरएम को ज्ञापन सौपने की बात की है आटो चालक कृष्णा निषाद, सुरज थापा शंकर यादव चन्दा प्रकाश निषाद,बिरेन्द्र,वर्मा राजकुमार कुर्रे लखन मनिष कोसले जोहन दास आदि उपस्थित थे।

मामला-साजा के एकमात्र इंजीनियर को नवागढ़ में अटैच करने का

आरईएस विभाग साजा 4 माह से इंजीनियर विहीन, काम प्रभावित

■ **बेमेतरा जिले में अनोखा 'प्रबंधन' जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली व व्यवस्था पर उठें सवाल**

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पंचायत बेमेतरा के अजीबोगरीब प्रशासनिक प्रबंधन का खामियाजा साजा ब्लॉक के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। जिलें के चारों ब्लाक में चार आरईएस कार्यालय बेमेतरा, नवागढ़, बेरला, साजा हैं, जहां इंजीनियरों की स्थिति में भारी अव्यवस्था देखी जा रही हैं। इंजीनियर को देखा जाए तो कहीं नाममात्र तो कहीं अधिकता की स्थिति बनीं हुई हैं।

मुद्दा साजा कार्यालय का साजा के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग में बीते चार महीनों से एक भी नियमित इंजीनियर पदस्थ नहीं है। हद तो तब हो गई जब साजा में पदस्थ एकमात्र इंजीनियर दिलीप निर्मलकर को भी नवागढ़ अटैच कर दिया गया, जबकि नवागढ़ में पहले से ही पर्याप्त इंजीनियर मौजूद हैं। जिला पंचायत बेमेतरा सीईओ प्रेमलता पद्माकर के द्वारा 13.4.2026 को अटैच करने का आदेश जारी किया गया। जिस पर जनपद पंचायत साजा सीईओ सोमनाथ साहू के द्वारा 5.5.2026 को भारमुक्त किया गया। तब से आज तक साजा इंजीनियर विहीन हो गया हैं।

साजा के 106 पंचायतों के कार्य अधर में जिला पंचायत बेमेतरा सीईओ के इस फैसले से साजा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली 106 ग्राम पंचायतों के तमाम विकास एवं निर्माण कार्य पूरी तरह अधर में लटक गए हैं।

एक नजर में जिलें के कार्यालयों में इंजीनियरों की स्थिति

बेमेतरा जिला मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिलें के चारों ब्लाकों बेमेतरा, नवागढ़, बेरला, साजा के कार्यालयों में पदस्थ इंजीनियरों की स्थिति इस प्रकार हैं -

> इस संबंध में आरईएस बेमेतरा के ईई महाजन बांधड़े को फोन लगा कर संपर्क करने का प्रयास किया गया, मगर उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया जिससे उनका पक्ष नहीं मिल पाया।
>
> साजा के लिए बेरला से व्यवस्था किया गया था, मगर मेडिकल लीव के कारण वह प्रभार नहीं ले पाए। शासन से नियुक्त का इंतजार किया जा रहा था, मगर अब जिला स्तर पर व्यवस्था कर ईई आरईएस को बोला गया हैं। जल्द साजा एवं नवागढ़ में इंजीनियरों की व्यवस्था हो जाएगी।
>
> **– प्रेमलता पद्माकर, सीईओ, जिपं बेमेतरा**

उप जेल के सामने रील बनाना पड़ा भारी, दो युवक गिरफ्तार

■ **संवेदनशील सुरक्षा क्षेत्र में पुलिस की समझाइश के बावजूद नहीं माने युवक, धमतरी पुलिस ने की तत्काल कार्रवाई**

धमतरी/नवप्रदेश। उप जेल जैसे संवेदनशील एवं सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान के सामने रील बनाना दो युवकों को भारी पड़ गया। पुलिस की समझाइश के बावजूद रील बनाने से बाज नहीं आने पर सिटी कोतवाली पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

धमतरी पुलिस द्वारा संवेदनशील एवं सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक धमतरी श्रीमती भावना पांडेय के निर्देश पर 20 अगस्त को थाना सिटी कोतवाली पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को सूचना मिली कि उप जेल धमतरी के मुख्य द्वार के समीप दो युवक मोबाइल से रील बना रहे हैं।

सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को उप जेल क्षेत्र की संवेदनशीलता एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में समझाइश दी। पुलिस ने उन्हें वहां रील नहीं बनाने की हिदायत भी दी, लेकिन इसके बावजूद दोनों युवक सार्वजनिक स्थान पर लोगों की आवाजाही एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करते हुए रील बनाते पाए गए।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शेख आसिफ पिता शेख अजीम, उम्र 20 वर्ष, निवासी महंत घासीदास वार्ड, धमतरी तथा जसवंत सिंह हिरा पिता जसविंदर सिंह हिरा, उम्र 23 वर्ष, निवासी सुंदरगंज वार्ड, धमतरी के विरुद्ध धारा 170/126, 135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। दोनों को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को भी दी गई।

20 महीने बाद भी अधूरा है यात्री प्रतीक्षालय

■ **प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ा विकास**

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन की साप्ताहिक समीक्षा बैठकों के दावों की जमीनी हकीकत देखनी हो, तो बेमेतरा जिले के साजा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम गाड़ाडीह का रुख किया जा सकता है। यहाँ विकास कार्यों में बरती जा रही कछुआ चाल और प्रशासनिक उदासीनता का एक बड़ा मामला सामने आया है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए स्वीकृत किया गया 10 लाख रुपए के यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य योजना कार्य आदेश जारी होने के 19 महीने बीत जाने के बाद भी अधूरा पड़ा है, जबकि नियमानुसार इसे मात्र 3 महीने के भीतर पूर्ण किया जाना था।

क्या है पूरा मामला

मिली जानकारी के अनुसार, बेमेतरा जिलें के साजा ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों सहित गाड़ाडीह में 10 लाख रुपए की लागत से यात्री प्रतीक्षालय निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। स्वीकृति पश्चात इस कार्य का कार्य आदेश कलेक्टर कार्यालय बेमेतरा से 10.01.2025 को जारी कर 03 माह में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया था। साथ ही इस कार्य के लिए एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत साजा को बनाने का आदेश जारी किया गया था। जिसके बाद जनपद पंचायत साजा से ग्राम पंचायतो को एजेंसी बनाकर कार्य आदेश दिया गया था। इस निर्माण कार्य की मुख्य जिम्मेदारी (निर्माण एजेंसी) स्थानीय ग्राम पंचायत को सौंपी गई थी। लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं कार्य कराने के बजाय, यह निर्माण कार्य किसी बाहरी ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। इस लेटलतीफी ने ब्लॉक और जिले के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली को पूरी तरह कटघरे में खड़ा कर दिया है।

> यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण में ग्राम पंचायत नाम का एजेंसी हैं। अधिकारी व नेताओं के कहने पर कार्य को बाहरी ठेकेदार कर रहा हैं। अपनी पहुंच का धौंस दिखाता है, अब पूर्ण करने के लिए उसका अतापता नहीं हैं। अधूरे कार्य का सामना अब हमें करना पड़ रहा हैं। **– हिरेंद्र भारती,** सरपंच
>
> गाड़ाडीह (साजा)
>
> यात्री प्रतीक्षालय निर्माण के लिए एजेंसी ग्राम पंचायत हैं, हम उन्हें ही जानेंगे, पंचायतों में ठेकेदारी प्रथा नहीं चलती, अपूर्ण कार्य के लिए ग्राम पंचायत को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया हैं। उनके जवाब के बाद जल्द पूर्ण कराने का प्रयास किया जाएगा।
>
> **– सोमनाथ साहू,** सीईओ, जनपद पंचायत साजा, बेमेतरा

साइबर क्राइम के विरुद्ध छग पुलिस का 'साइबर जागृति अभियान'

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेशवासियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक एवं सुरक्षित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा 15 अगस्त से 02 अक्टूबर 2026 तक ÷साइबर जागृति अभियान÷ का प्रदेशव्यापी आयोजन किया जा रहा है। देश की आजादी की भावना से प्रेरित यह अभियान साइबर अपराध के विरुद्ध जनभागीदारी के माध्यम से व्यापक जागरूकता फैलाने तथा छत्तीसगढ़ को साइबर अपराध से सुरक्षित बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूपों, उनसे बचाव के उपायों तथा साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों की जानकारी देना है।

साइबर जागृति अभियान का प्रदेश स्तरीय शुभारंभ राजधानी रायपुर में माननीय मुख्यमंत्री महोदय श्री विष्णु देव साय जी एवं माननीय उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री महोदय श्री विजय शर्मा जी द्वारा किया गया।

प्रदेश स्तरीय शुभारंभ के साथ ही अभियान को प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तर पर व्यापक रूप से संचालित किया जा रहा है।

मामला गड्डवा-खैरझिटीकला-नवागांवकला मार्ग का, जिसमें अपूर्ण व गुणवत्ताहीन कार्य, अवैध खनन, लापवाही, भ्रष्टाचार शामिल

11 माह की समय सीमा में भी पूर्ण नहीं हो पाई 17 करोड़ की सड़क

■ **फिर समय सीमा निर्धारण व समीक्षा बैठकों की औचित्य क्या**

बेमेतरा/नवप्रदेश। सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और विकास के बड़े-बड़े दावे जमीनी हकीकत से कोसों दूर नजर आ रहे हैं। जिसका बेमेतरा जिलें के थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र के गड्डवा-खैरझिटीकला-नवागांवकला मार्ग का जीता-जागता उदाहरण है। जो 14 किमी लंबी सड़क निर्माण कार्य के लिए शासन ने 17 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान किया हैं, वहीं इस सड़क मार्ग के निर्माण के लिए 11 माह का समय सीमा निर्धारित किया था। मगर इतनी बड़ी लागत से बनने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क का काम 11 माह बीत जाने के बाद भी अधूरा पड़ा है।

विभाग व ठेकेदार की लापरवाही-इस सड़क मार्ग के अधूरे निर्माण में लोक निर्माण विभाग और ठेकेदार की लापरवाही के चलते यह सड़क तय समय सीमा में पूर्ण नहीं हो पाया। निविदा शर्तों के मुताबिक 29 जुलाई को तय समय सीमा भी निकल गई। अब बरसात में कीचड़ और गड्ढों ने ग्रामीणों को आवागमन मे बाधा पहूंचा रही है। 17 करोड़ की योजना पर आज हाल कच्चे रास्ते जैसा ही है।

मुख्य मार्ग के साथ दर्जनों ग्रामों की कनेक्टिविटी-बेमेतरा मार्ग से दुर्ग राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाला यह मार्ग क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे खैरझिटीकला, नवागांवकला, ठर्रकपुर, कांपा, जेवरा, मटिया, टिपनी, गोपालपुर, खाती, पतोरा, सौरी सहित दो दर्जन से भी अधिक गांवों को सीधी कनेक्टिविटी मिलनी थी। साथ ही बेमेतरा से दुर्ग की दूरी भी कम हो जाती हैं। लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क के लिए 17 करोड़ रुपए स्वीकृत किए। टेंडर प्रक्रिया के बाद दुर्ग की सुराना एंड कंपनी को 20त्न कम स्ह्रक्र दर पर कार्य सौंपा गया।

कागज व हकीकत में जमीन आसमान का अंतर-अनुबंध में स्पष्ट था कि काम गुणवत्तापूर्ण और समय पर पूरा होगा। लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट है। सूत्रों के अनुसार कंपनी ने निविदा की शर्तों को तांक पर रखकर काम किया। निर्माण सामग्री एवं गुणवत्ता को पूरी तरह दरकिनार किया गया हैं। कई जगह मिट्टी भराई अधूरी है, गिट्टी का स्तर सही नहीं है, अभी तक केवल बेस लैबल ही कार्य किया गया है। विभाग द्वारा जारी नोटिसों को भी कंपनी ने गंभीरता से नहीं लिया।

अधूरे निर्माण से सभी को समस्या व परेशानी

गौरतलब है कि गड्डवा-खैरझिटीकला-नवागांवकला मार्ग निर्माण की समय सीमा 29 जुलाई को समाप्त हो चुकी है, लेकिन मौके पर काम ठप पड़ा है। ऊपर से मानसून ने मुसीबत दोगुनी कर दी। पूरे 14 किमी मार्ग पर मिट्टी, कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं।इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों छात्र, किसान, मजदूर और मरीज गुजरते हैं। लेकिन अब दोपहिया वाहन चलाने में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा हैं।

सड़क निर्माण में अवैध खनन कर डाली गयी मुरूम, मिट्टी

आरोप है कि निर्माण एजेंसी ने निर्धारित 11 माह मे 14 किमी की लम्बी सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया है। सड़क की चौड़ाई तय मापदंड से कम रखी गई। नाली और पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिससे बरसात का पानी सीधे सड़क पर भर रहा है।

> कार्य की समय अवधि खत्म हो गई हैं, जिसके लिए ठेकेदार को पेनाल्टी लगेंगी। बरसात के बाद जल्द पूर्ण कराने की कोशिश की जाएगी।
>
> **– सागर साहू, एसडीओ पीडब्ल्यूडी साजा**

महिलाओं को 'मुद्रा लोन' का झांसा देकर 15 लाख की ठगी

भिलाई/नवप्रदेश। स्व-सहायता समूह में पैसा लगाकर अच्छा मुनाफा कमाने का लालच देकर महिलाओं को ठगने वाली एक महिला को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला ग्रामीणों को झांसा देकर उनके नाम पर मुद्रा और पर्सनल लोन निकलवाती थी। लोन की रकम मिलते ही वह पूरा पैसा खुद रख लेती थी। पुलिस के मुताबिक, महिला ने इस तरीके से करीब 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने आरोपी के पास से पासबुक, लोन कार्ड, आधार कार्ड और कई दूसरे जरूरी दस्तावेज भी बरामद किए हैं। जामुल पुलिस के मुताबिक, कुरुद के त्रिवेणी साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि गांव की ही रहने वाली विद्या साहू (33) ने स्व-सहायता समूह में निवेश के नाम पर कई महिलाओं को अपने झांसे में लिया। आरोपी महिलाओं को भरोसा दिलाती थी कि समूह में पैसे लगाने से उन्हें अच्छा मुनाफा मिलेगा। जब महिलाएं उसकी बातों में आ गईं, तो उसने उनके दस्तावेज ले लिए और उनके नाम पर बैंक से मुद्रा और पर्सनल लोन निकलवा लिया। लोन की रकम जैसे ही बैंक खाते में आती, आरोपी महिला कथित तौर पर पूरी रकम अपने पास रख लेती थी। आरोपी विद्या साहू निवासी भाठापारा बाजार चौक ग्राम कुरुद से पीड़ित महिलाओं के नाम कई दस्तावेज बरामद किए हैं।

कोतवाली टीआई समेत 8 के खिलाफ परिवाद दर्ज

■ **मारपीट मामले में थाना प्रभारी पर आरोपियों से सांठगांठ का आरोप, कोर्ट ने एसएसपी को सौंपी जांच**

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला न्यायालय ने 10 जून 2025 की रात हुई मारपीट के मामले में कोतवाली थाना प्रभारी समेत आठ लोगों के खिलाफ दायर परिवाद पर महत्वपूर्ण आदेश दिया है। अदालत ने मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की जिम्मेदारी दुर्ग एसएसपी को सौंपी है। कोर्ट ने माना कि थाना प्रभारी पर ही पक्षपात और जांच प्रभावित करने के आरोप होने के कारण उन्हीं के थाने से जांच कराया जाना उचित नहीं होगा। अधिवक्ता सौरभ चौबे के अनुसार, घटना 10 जून 2025 की रात करीब 10:30 बजे की है। निहाल जसवानी अपने साले सूरज ठाकुर के साथ हुए विवाद में बीच-बचाव करने पहुंचा था। आरोप है कि लक्ष्य यादव, राजा यादव और तिलक साहू ने निहाल पर नुकीली वस्तु से हमला किया, जिससे उसकी आंख के पास और पसली में चोटें आईं। परिवाद में आरोप लगाया गया है कि पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय दूसरे पक्ष का पक्ष लिया। निहाल का उचित मेडिकल परीक्षण नहीं कराने और बयानों में कथित तौर पर हेरफेर करने के बाद उसके और उसके साले के खिलाफ ही मामला दर्ज कर दिया गया। मामले में कुंती यादव पर भी झूठी एफआईआर और फर्जी शपथ पत्र के माध्यम से आरोपियों को बचाने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जब थाना प्रभारी पर ही जांच को प्रभावित करने और पक्षपात के गंभीर आरोप हैं, तो कोतवाली पुलिस से जांच कराना निष्पक्षता के अनुरूप नहीं होगा। आदेश के बाद अब दुर्ग एसएसपी किसी अन्य स्वतंत्र पुलिस अधिकारी से पूरे मामले की जांच कराएंगे।

कथा में पं. मिश्रा ने जेन-जी को अच्छे संस्कारों की दिलाई शपथ

■ **शिव महापुराण कथा सुनने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह**

भिलाई/नवप्रदेश। शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने दिल्ली के जेन-जी प्रोटेस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित गाली-गलौज को लेकर युवाओं के संस्कारों पर सवाल उठाए। उन्होंने व्यासपीठ से कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कह देना, ये कौन से संस्कार हैं? इसके बाद कथा सुनने आए जेन-जी लड़के-लड़कियों को खड़ा कर देश की मर्यादा और संस्कारों को बनाए रखने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने व्यासपीठ से अपील करते हुए कहा बच्चों को कार भले मत दिलाओ। कार दिलाओगे तो बच्चे बेचकर खा जाएंगे। बच्चों को संस्कार दिलाओ तो वे कारों की लाइन लगा देंगे।

प्रदीप मिश्रा ने कथा में मौजूद युवा लड़के-लड़कियों को खड़ा कराया और देश के प्रति जिम्मेदारी की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं से भारत की मर्यादा और संस्कारों को बनाए रखने का संकल्प लेने को कहा। शपथ के दौरान उन्होंने युवाओं से कहलवाया कि हम भारत के हैं और भारत हमारा है। भारत की मर्यादा और संस्कारों के लिए कभी हम अपनी शिक्षा को लज्जित नहीं होने देंगे। खूब पढ़ेंगे और छत्तीसगढ़ और देश को भी आगे बढ़ाएंगे।

प्रदीप मिश्रा ने पेरेंट्स से कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, महंगे से महंगे कॉलेज में पढ़ाएं, अच्छे कपड़े और अच्छा भोजन दें, लेकिन इसके साथ उन्हें अच्छे संस्कार और ज्ञान भी दें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को संस्कारों में ढालने से एक ऐसा इतिहास बनेगा, जिसमें हम गर्व से कह सकेंगे हमर छत्तीसगढ महान, मेरा छत्तीसगढ़, मेरा देश महान कहेंगे। भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शादी, धन और वैभव के प्रदर्शन से नहीं, बल्कि संस्कारों के साथ हुई थी। बच्चों के विवाह के लिए आप कर्ज नहीं लीजिए उनके विवाह सादगी के साथ करें। उन्होंने माता-पिता से बच्चों की शादी में दिखावे और ज्यादा खर्च से बचने की अपील की।

शिव महापुराण कथा सुनने आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पहुंचे। उन्होंने आम जनता के बीच बैठकर कथा श्रवण किया और महाआरती में शामिल होकर प्रदेश वासियों के खुशहाली के लिए भगवान भोले शंकर से कामना की। डॉ. सिंह ने प्रदेश की जनता की ओर से कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा का भिलाई आगमन पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मिनी इंडिया के नाम से प्रसिद्ध भिलाई के लोगों में सामप्रदायिक सामन्जस्य यहॉं की पहचान है। इस दौरान सांसद विजय बघेल, डॉ. रामप्रताप सिंह, मोना सेन, ताम्रध्वज साहू, रमशीला साहू तथा कौशिल्या देवी साय, आयोजन समिति के दयासिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

पीएम को गाली देने पर जेन-जी के संस्कारों पर सवाल

आज देखिए, क्या हो रहा है? कहीं न कहीं हमारे बच्चे संस्कारों से दूर हो रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले हमने दिल्ली का नजारा देखा था। क्या संस्कार थे? भारत को विश्वगुरु बनाने की पहल करने वाले और विदेशों में भी जिस भारत का डंका बज रहा है, जो हर सनातनी के दिल में निवास करते हैं, ऐसे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी, जो राजगद्दी पर बैठे हैं, उन्हें तुम अपशब्द कह रहे हो। ये जेन-जी है? क्या ये आज की जनरेशन है? इसे संस्कार कहेंगे?

रिमझिम सावन मेला का शुभारंभ, कौशल्या साय और सरोज पाण्डेय ने लिया सावन झूले का आनंद

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा आयोजित दो दिवसीय रिमझिम सावन मेला-2026 का शुभारंभ शुक्रवार को विवेकानंद सभागार में भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा डॉ. सरोज पाण्डेय रहीं। महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। साय एवं पाण्डेय का निगम की एमआईसी सदस्यों एवं पार्षदगण ने गरिमामय स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने महापौर के साथ सावन झूले का आनंद लिया। मेले में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल, प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं विभिन्न स्टॉल लगाए गए हैं, जिनका शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया।

कौशल्या साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की कला, संस्कृति एवं परंपराओं को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सावन उत्सव हमारी संस्कृति और सभ्यता की खूबसूरत पहचान है। दुर्ग का रिमझिम सावन मेला हर वर्ष नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आता है तथा मनोरंजन, संस्कृति और सामाजिक एकता का सुंदर संगम बन चुका है। उन्होंने महापौर बाघमार सहित निगम की पूरी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। पाण्डेय ने कहा कि सावन मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि दुर्ग की आत्मा, संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रमाण है। ऐसे आयोजन महिलाओं को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं। सावन मास में आयोजित यह कार्यक्रम समाज के सभी वर्गों को जोड़ने के साथ लोक संस्कृति के संरक्षण की भूमिका निभा रहा है।

न्यूज गैलरी

सीएम पोर्टल की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नागरिकों से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। सीएम पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर निगम की टीम ने आज जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में कार्रवाई की। शिकायत में शासकीय स्कूल की बाउंड्रीवाल से लगे हुए स्थान पर अवैध कब्जे की जानकारी मिली। निगम के संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थल का निरीक्षण किया। जांच के बाद शासकीय स्कूल की बाउंड्रीवाल से लगे अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई की गई। निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, भवन की रूपरेखा और कार्ययोजना पर हुआ मंथन

अहिवारा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के सांगठनिक ढांचे को और अधिक मजबूत करने की दिशा में अहिवारा में मंडल कार्यालय के नवनिर्मित भवन की तैयारी शुरू हो गई है। इसी सिलसिले में नगर के विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) में भाजपा अहिवारा मंडल अध्यक्ष रामजी निर्मलकर के नेतृत्व में विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तावित मंडल भवन की संरचना, आवश्यक संसाधनों और निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। उपस्थित नेताओं ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन पार्टी की गतिविधियों और कार्यकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। बैठक में अहिवारा विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाडा, भाजपा भिलाई जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिपं अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविशंकर सिंह, जनपद अध्यक्ष लिमन साहू, नपा उपाध्यक्ष अशोक बाफना, जिला उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो दाऊ आनंद ताम्रकार सहित मंडल अध्यक्ष रामजी निर्मलकर, अनुज साहू, ईश्वर शर्मा, भूपेन्द्र सिंह, वामन साहू, शिवशंकर कश्यप, मनोज तिवारी, पवन जैन, नंदलाल ताम्रकार और विकास जैन उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया हरियाली तीज मिलन

कुम्हारी। न्यू शान्ति नगर वार्ड 8 में महिला मंडल के तत्वावधान में हरियाली तीज मिलन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर तीज के गीतों, झूला और मेहंदी के साथ पर्व का आनंद लिया। वातावरण पूरी तरह हरियाली और भक्ति में सराबोर रहा। महिला मंडल की अध्यक्ष और सदस्यों ने बताया कि तीज का त्योहार महिलाओं के सौभाग्य, सुख-समृद्धि और आपसी एकता का प्रतीक है। इस दौरान निधी राजपूत, श्रद्धा वर्मा, संगीता द्विवेदी, सुरभि द्विवेदी, प्रिया वर्मा, अनीता वर्मा, जागेश्वरी, माया साहू, लक्ष्मी साहू, गुड्डी वर्मा, पूजा वर्मा, वर्षा वर्मा, कीर्ति वर्मा, रिया सिन्हा एवं सीमा सेन सहित कुल 15 महिलाओं ने सक्रिय रूप से भागीदारी की।

देशभर से जुटे रेडियो श्रोता और उद्घोषक, यादों को किया साझा

■ **अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन में शामिल हुए सांसद विजय बघेल**

भिलाई/नवप्रदेश। रेडियो श्रोता दिवस के अवसर पर भिलाई में छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ द्वारा दो दिवसीय अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देशभर से रेडियो उद्घोषक और श्रोता शामिल हुए। प्रतिभागियों ने रेडियो से जुड़ी अपनी यादें और अनुभव साझा किए। समापन समारोह में सांसद विजय बघेल शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रेडियो को लोकप्रिय बनाने में उद्घोषकों के साथ श्रोताओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे रेडियो श्रोताओं को सम्मानित किया गया।

दूरदर्शन समाचार से चर्चा के दौरान सांसद बघेल ने रेडियो से जुड़े अपने पुराने अनुभव साझा करते हुए कहा कि रेडियो का महत्व पहले भी था, आज भी है और भविष्य में भी बना रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'मन की बात' के माध्यम से रेडियो को देशवासियों से संवाद का प्रभावी माध्यम बनाया। सम्मेलन के संयोजक एवं छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ के संरक्षक अशोक बजाज ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य रेडियो के प्रति लोगों के जुड़ाव को बनाए रखना और श्रोताओं के बीच इसकी लोकप्रियता को जीवंत रखना है। सम्मेलन के दौरान लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। वहीं पुराने दौर के रेडियो सेटों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। देशभर से पहुंचे रेडियो प्रेमियों ने आयोजन के माध्यम से रेडियो से जुड़ी अपनी पुरानी यादों को फिर से जीवंत किया।

मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा करेंगे नवीन न्यायालय भवन का भूमिपूजन

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले की न्यायिक अधोसंरचना को मजबूत और आधुनिक बनाने की दिशा में 22 अगस्त को महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है। छग उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा दुर्ग में नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का भूमिपूजन किया जाएगा। न्यायालय भवन को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं तकनीकी सुविधाओं से युक्त न्यायिक परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों, पक्षकारों और आम नागरिकों की सुविधा के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा। नवीन परिसर में पर्याप्त पार्किंग, बेहतर कार्यस्थल, सुगम आवागमन तथा न्यायालयीन कार्यों के प्रभावी संचालन हेतु आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। समारोह में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायिक अधिकारी, जिला प्रशासन अधिकारी, अधिवक्तागण दुर्ग मौजूद रहेगें।

विधायक ललित ने किया भूमिपूजन

■ **चार वार्डों में होगा 2.55 करोड़ के विकास कार्य**

रिसाली/नवप्रदेश। निगम क्षेत्र के मैत्रीनगर, शक्ति विहार, लक्ष्मी नगर और इस्पात नगर वार्ड में दो करोड़ पचपन लाख पच्चीस हजार की राशि से सड़क, नाली, सड़क चैड़ीकरण, सामुदायिक भवन, सौंदर्यीकरण और उद्यान संधारण के कार्य किए जाऐंगे। शुक्रवार को दुर्ग ग्रामीण विधायक वार्डों तक पहुंचे और विकास कार्यों की नींव रखी। उन्होंने रिसाली निगम क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों को आम जनता को समर्पित किया। विधायक ललित चंद्राकर ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वपरि है। उन्होंने चुनावी दौरे का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें क्षेत्र के मतदाताओं ने जिताया है। जबसे वें विधायक बने है लगातार विकास कार्यो की भूमिपूजन प्राथमिकता के आधार मे कर रहे है। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद वें जल्द ही लोकार्पण करने भी आऐंगे। उन्होंने पूरे 40 वार्डों में बिना भेदभाव के स्वीकृत कार्यो को पूरा कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद सुनंदा चंद्राकर, डॉ. सीमा साहू, अनूप डे, विलास राव बोरकर, धर्मेन्द्र भगत, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, मनीष यादव, शीला नारखेड़े, सविता ढवस, रमा साहू, ईश्वरी साहू, सरिता देवांगन समेत मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल आदि उपस्थित थे। इस्पात नगर वार्ड पार्षद अनुप डे ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को विकास कार्य की सौगात देने के लिए अभार व्यक्त किया। पार्षद ने भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक ललित का नागरिकों की ओर से अभिनंदन किया।

इन वार्डों में होगा विकास कार्य

वाडे 27 मैत्रीनगर में 44 लाख 9 हजार से नाली, पॉथवे निर्माण, गार्डन निर्माण, सौंदर्यीकरण और पेवर ब्लॉक, वार्ड 28 शक्ति विहार में डोम शेड, नाली, पेवर ब्लॉक, पुलिया निर्माण, सड़क संधारण, उद्यान नवीनीकरण, नाली निर्माण कार्य 1.08 करोड़, वार्ड 29 लक्ष्मी नगर में 62.14 लाख और वार्ड 30 इस्पात नगर में 39.32 लाख के कार्य होंगे।

'नराकास, भिलाई-दुर्ग' की 63वीं छमाही बैठक एवं वार्षिक पुरस्कार समारोह संपन्न

भिलाई/नवप्रदेश। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' (नराकास) की 63वीं छमाही बैठक एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) एवं नराकास के कार्यकारी अध्यक्ष पवन कुमार थे। विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी (संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क) अमूल्य प्रियदर्शी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। स्वागत उद्बोधन में राघवेन्द्र कुमार गर्ग ने कहा कि नराकास के सदस्य संस्थानों द्वारा राजभाषा नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन में लगातार उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। बैठक में पिछली बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन और आगामी तिमाही की कार्यसूची का वाचन किया गया। इसके बाद विभिन्न विषयों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

मुख्य अतिथि पवन कुमार ने वर्ष 2025-26 के लिए नराकास भिलाई-दुर्ग को सर्वश्रेष्ठ श्रेणी में 'नराकास प्रोत्साहन सम्मान' मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सभी सदस्य संस्थानों के सामूहिक प्रयास, हिंदी के प्रति समर्पण और राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। उन्होंने नराकास स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों को हिंदी के प्रचार-प्रसार में उपयोगी बताया।

समारोह में विभिन्न संस्थानों को अग्रगण्य, अग्रदूत, ध्वजवाहक एवं आरोहण पुरस्कार प्रदान किए गए। हिंदी में सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को 'राजभाषा विशिष्ट सेवा सम्मान' से सम्मानित किया गया। बीएसपी को वर्ष 25-26 के लिए 'राजभाषा शिखर पुरस्कार' तथा एचएससीएल की राजभाषा अधिकारी वंदना चौधरी को 'राजभाषा उन्नायक सम्मान' प्रदान किया गया।

'उन्नयन' कार्यक्रम : रूंगटा यूनिवर्सिटी के 'उन्नयन' में 1000 स्कूली विद्यार्थियों ने निभाई सांसद, प्रतिनिधि और पत्रकार की भूमिका

जेन-जी की लोकसभा में छिड़ा घमासान, नशे और संस्कृति पर सवाल : डीपफेक पर भारत की हुंकार

भिलाई/नवप्रदेश। रूंगटा यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय 'उन्नयन' कार्यक्रम के पहले दिन कैंपस में लोकतांत्रिक बहस, खेल और रचनात्मक गतिविधियों का अनूठा संगम देखने को मिला। कक्षा 11वीं-12वीं के करीब एक हजार विद्यार्थियों ने 16 खेलों एवं रचनात्मक गतिविधियों के साथ मॉडल असेंबली, मॉक जेन-जी लोकसभा और मॉडल यूनाइटेड नेशन में हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने सांसद, प्रतिनिधि और पत्रकार की भूमिकाएं निभाते हुए सवाल करना, तर्क रखना, जवाब देना और नेतृत्व करना सीखा। मॉक जेन-जी लोकसभा में युवाओं में बढ़ती नशे की समस्या पर जोरदार बहस हुई। एक विद्यार्थी ने सरकार से नशे की समस्या रोकने के लिए ठोस रणनीति पर सवाल किया। जवाब में नशामुक्ति और पुनर्वास केंद्रों की जानकारी दी गई, जिस पर पूरक प्रश्न आया कि पुनर्वास तो नशे की चपेट में आने के बाद का उपाय है, रोकथाम के लिए क्या किया जा रहा है। इसके बाद चर्चा जांच चौकियों, बैरिकेडिंग मजबूत करने, आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण और अवैध नशीले पदार्थों पर टैरिफ लगाने के कानूनी आधार तक पहुंच गई। विद्यार्थियों ने विपक्ष की भूमिका निभाते हुए जवाबों पर सवाल उठाए और समाधान तक बहस को आगे बढ़ाया। दो दिवसीय उन्नयन का समापन आज होगा। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। समापन समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव और विधायक रिकेश सेन उपस्थित रहेंगे।

संस्कृति बचाने पर भी हुई बहस

जेन-जी लोकसभा में भारतीय संस्कृति और पारंपरिक कलाओं के संरक्षण पर भी चर्चा हुई। स्थानीय सांस्कृतिक केंद्रों के निर्माण और मौजूदा सुविधाओं को मजबूत करने का प्रस्ताव रखा गया। विपक्ष ने सवाल किया कि केवल केंद्र बनाने से युवा संस्कृति से कैसे जुड़ेंगे। जवाब में लोकप्रिय चेहरों और प्रभावशाली लोगों को सांस्कृतिक दूत बनाने तथा युवाओं और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के माध्यम से सांस्कृतिक संदेश नई पीढ़ी तक पहुंचाने की रणनीति सामने रखी गई। इस पर सदन में मेज थपथपाकर समर्थन किया गया।

खेलों और रचनात्मक गतिविधियों में भी दिखा उत्साह

प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों में उत्साह भर दिया। शतरंज, गली क्रिकेट, क्लच ई-स्पोर्ट्स, क्विज, एस्केप रूम और ट्रेजर हंट जैसी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने रणनीति, टीमवर्क और त्वरित निर्णय का प्रदर्शन किया।

यूएन में डीपफेक पर भारत ने उठाई आवाज

मॉडल यूनाइटेड नेशन की संयुक्त राष्ट्र महासभा में विद्यार्थियों ने एआई से बने डीपफेक और गलत सूचनाओं के बढ़ते खतरे पर बहस की। भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि डीपफेक का इस्तेमाल चुनावों को प्रभावित करने, धोखाधड़ी फैलाने और लोगों का भरोसा कमजोर करने के लिए किया जा सकता है। भारत ने एआई-जनित सामग्री की स्पष्ट पहचान, नुकसान पहुंचाने वाले डीपफेक को तेजी से हटाने और डीपफेक पहचानने वाली तकनीक साझा करने की मांग रखी। वहीं सिंगापुर के प्रतिनिधि ने कहा कि राष्ट्रीय कानून अकेले सीमा पार फैलने वाली गलत सूचनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। विद्यार्थियों ने वैश्विक मानकों, त्वरित तथ्य-जांच और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत पर भी चर्चा की।

नवप्रदेश राजरंग...55

कसीनो से सीखें कैसे रूक सकती है मंदिर में हेराफेरी

राममंदिर से कसीनो का कोई रिश्ता हो सकता है भला? कसीनो यानी जुआ खेलने-खिलाने की जगह..जहां लोग जुआ खेलते हैं, जीतते कम हैं, हारते ज्यादा है..सवाल यह है कि राम जी का मंदिर आस्था का केंद्र है और जुआ बर्बादी का..लेकिन हाल ही में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में राममंदिर के संदर्भ में कसीनो का जिक्र हुआ..दरअसल बैठक हो रही थी कि राम मंदिर मंद भविष्य में चोरी ना हो..इसके लिए कौन से उपाय किए जाएं..बैठक सर्वोच्च स्तर पर हो रही थी..उसमें रिजर्व बैंक के एक पूर्व अधिकारी भी मौजूद थे..देश के सबसे ताकतवर बैंक में हेराफेरी कैसे रूकती है..इसे लेकर उनकी राय और विशेषज्ञता की जानकारी मांगी गई थी..उन्होंने जो सुझाव देना था, वह दिया। लेकिन चलते-चलते उन्हें एक और सुझाव दे डाला कि चोरी रोकने के लिए कसीनों वालों से पूछना चाहिए कि आखिर वे कौन-सा उपाय करते हैं। उनका सुझाव सुन उच्च स्तरीय बैठक में मौजूद सभी बड़े लोग चौंक पड़े। रिजर्व बैंक के पूर्व अधिकारी ने समझाया कि कसीनों में जुआ खेलने वाला चाहे जितनी रकम हार जाए..लेकिन कसीनो चलाने वाले के यहां कभी-भी हेराफेरी नहीं होती। उनकी स्पेशियलिटी चोरी और हेराफेरी रोकने में है। अब आप यह मत पूछिएगा कि बैठक किसने बुलाई थी, बस इतना बता सकते हैं कि बैठक सर्वोच्च स्तर की थी। यह भी मत पूछिएगा कि रिजर्व बैंक के वे पूर्व अफसर कौन थे, जिन्होंने कसीनो से सीखने का सुझाव दिया। बस इतना जान लीजिए कि रिजर्व बैंक जाने से से पहले भी वे महत्वपूर्ण व्यक्ति थे।

माधव- वसुंधरा का पुनर्वास, बंसल को ईनाम

बीजेपी के युवा अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम का ऐलान हो चुका है। बंगाल के चुनावों में बीजेपी को जीत दिलाने का सुनील बंसल को ईनाम मिला है, उन्हें महासचिव बनाया गया है। राजस्थान की कुर्सी से मरहूम कर दी गई वसुंधरा राजे सिंधिया की संगठन में वापसी हुई है, उन्हें सबसे वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। अरसे से पार्टी में किनारे रहीं स्मृति ईरानी भी महासचिव बनाई गई हैं। संघ के कोटे से पार्टी में कार्यरत राम माधव की पार्टी में वापसी हुई है। उन्हें उपाध्यक्ष बनाया गया है। इन नियुक्तियों से दूसरी पार्टियों को बहुत लेना-देना नहीं है, लेकिन एक नाम की विदाई से कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने राहत की सांस ली होगी। सोशल मीडिया संयोजक के पद से अमित मालवीय की छुट्टी हो गई है। जब भी विपक्षी दलों पर सोशल मीडिया पर बीजेपी की ओर से हमले होते थे, विपक्षी दल अमित मालवीय पर हमलावर होते थे। उनकी जगह गुजरात के दीपक म्हस्के को नया सोशल मीडिया संयोजक बनाया गया है। अमित मालवीय संगठन महासचिव बीएल संतोष की खोज ही नहीं, चहेते भी थे। तो क्या अब मान लिया जाए कि पार्टी की सोशल मीडिया रणनीति आक्रामक नहीं रहने जा रही। दीपक म्हस्के के कामकाज को देखने के बाद यह पता चलेगा।

शाह को प्रियंका की ना !

संसद का मानसून सत्र बीत चुका है। इस सत्र के दौरान कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के लिए जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया, उसे लेकर सियासी हलकों में चर्चाएं खूब हैं। वैसे तो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सरकार के बीच कोई संवाद नहीं है। लेकिन सरकार ने प्रियंका गांधी वाड्रा से संवाद के रास्ते खुले रखे हैं। सत्र के दौरान संसद स्थित कांग्रेस के कक्ष में सांसदों के साथ राहुल और प्रियंका चर्चा में मशगूल थे। इसी दौरान प्रियंका के फोन की घंटी बजी। दूसरी तरफगृहमंत्री अमित शाह थे। गृहमंत्री के फोन को देख प्रियंका ने राहुल से बोला कि अमित शाह फोन कर रहे हैं। प्रियंका फोन उठातीं, उसके पहले ही राहुल ने प्रियंका से कह दिया कि तुम्हें जो करना हो, करो। लेकिन इस बातचीत में मैं शामिल नहीं हूं। प्रियंका ने फोन उठाया। अमित शाह ने उनसे कहा कि राहुल चाहे जितने भी हमले करें, लेकिन प्रधानमंत्री के खिलाफ एकदम निजी और अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल से बचें। प्रियंका को चूंकि पहले ही राहूल एक तरह से चेता चुके थे, लिहाजा प्रियंका ने कहा कि बीजेपी की तरफसे उनके परिवार पर बहुत निजी हमले हुए हैं। इसका पता नहीं चल पाया है कि प्रियंका को फिर अमित शाह ने क्या जवाब दिया।

मौसम वैज्ञानिक मौसमी

1991 बैच की भारतीय सूचना सेवा की एक रिटायर अधिकारी मौसमी चक्रवर्ती इन दिनों सत्ता के गलियारों में चर्चा के केंद्र में हैं। महज चार हमीने यानी मई से सितंबर 2024 तक आकाशवाणी की महानिदेशकरहीं मौसमी चक्रवर्ती अपने रिटायरमेंट के बाद एक अहम पद पर नियुक्ति पा गई हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट का ओएसडी मीडिया बनाया गया है। ओएसडी बनते ही उन्होंने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की छवि सुधारने की कोशिश तेज कर दी। अखबारों को धड़ाधड़ इंटरव्यू कराने लगीं। इस बीच बेंगलुरू के नालसर से जुड़ा विवाद आ गया। इसे संभालने में मौसमी नाकाम रहीं। सूर्यकांत फरवरी 2027 में रिटायर होंगे। इस लिहाज से मौसमी की कुर्सी तब तक बनी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट में एक परंपरा है, हर मुख्य न्यायाधीश अपने लिए नया मीडिया प्रमुख या ओएसडी लाता है। मीडिया और सत्ता के गलियारों में पूछा जा रहा है कि मौसमी को मुख्य न्यायाधीश तक पहुंचाया किसने। वैसे मौसमी प्रफुल्ल पटेल और स्मृति ईरानी की नजदीकी मानी जाती हैं। आकाशवाणी में अतिरिक्त महानिदेशक रहते उन्होंने स्मृति ईरानी से एंकरिंग कराते हुए एक प्रोग्राम ही शुरू कर दिया था। उसकी इतनी पब्लिसिटी उन्होंने कराई कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात की पब्लिसिटी फीकी पड़ने लगी थी। तब पीएमओ में मीडिया संभाल रहे हीरेन जोशी ने आकाशवाणी की तत्कालीन महानिदेशक वसुधा गुप्ता से सवाल-जवाब कर लिया था। तब वसुधा ने खुलकर कह दिया था कि उनकी अतिरिक्त महानिदेशक उनकी नहीं सुनतीं। कभी लालू यादव ने राम बिलास पासवान के लिए कहा था कि वे मौसम वैज्ञानिक हैं। मौसम का रूख देखकर उसके हिसाब से कदम उठा लेते हैं। कुछ उसी अंदाज में सूचना सेवा के अधिकारी मौसमी को चटखारे लेकर मौसम वैज्ञानिक बताने लगे हैं।

राजदार

परीक्षाओं की शुचिता से कोई समझौता नहीं गड़बड़ी पर होगी कठोर कार्रवाई : सीएम साय

आईजीकेवी की परीक्षा में प्रश्नपत्र प्रसारित होने के मामले को मुख्यमंत्री ने लिया गंभीरता से

मुख्यमंत्री के निर्देश पर पांच सदस्यीय जांच समिति गठित, पुलिस में एफआईआर दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की बीएससी एग्रीकल्चर द्वितीय वर्ष की एंटोमोलॉजी (कीट विज्ञान) विषय की परीक्षा का प्रश्नपत्र परीक्षा से पूर्व सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित होने के मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि प्रदेश में परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। परीक्षा प्रक्रिया को प्रभावित करने या विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रकरण की निष्पक्ष और विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। साथ ही प्रकरण में तेलीबांधा थाने में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामले की तकनीकी जांच में साइबर सेल की भी सहायता ली जा रही है, ताकि प्रश्नपत्र के प्रसारण की पूरी कड़ी का पता लगाया जा सके।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के भविष्य से जुड़े मामलों में पूरी संवेदनशीलता और दृढ़ता के साथ कार्य कर रही है। भर्ती हो या

शैक्षणिक परीक्षा, उसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर अनियमितता सामने आने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, ÷परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के प्रति हमारी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। विद्यार्थियों की मेहनत, उनका विश्वास और उनका भविष्य हमारे लिए सर्वोपरि है। इस मामले की पूरी तह तक जाकर जांच की जाएगी। प्रश्नपत्र कहां से बाहर आया, किसने इसे प्रसारित किया और इसमें किन लोगों की भूमिका रही, प्रत्येक तथ्य सामने लाया जाएगा। दोषी चाहे कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा।÷

प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की बीएससी एग्रीकल्चर द्वितीय वर्ष की एंटोमोलॉजी विषय की परीक्षा 20 अगस्त को आयोजित की गई थी। प्रदेश के 27 कृषि महाविद्यालयों के लगभग 1,200 विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रसारित होने की शिकायत सामने आई थी। मामले की गंभीरता और परीक्षा की निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा निरस्त कर दी है। निरस्त परीक्षा सितंबर के प्रथम सप्ताह में पुनः आयोजित की जाएगी।

गठित जांच समिति द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र और परीक्षा में उपयोग किए गए मूल प्रश्नपत्र का मिलान करने के साथ ही यह पता लगाया जाएगा कि प्रश्नपत्र सबसे पहले किस स्रोत से बाहर आया, किन माध्यमों से आगे प्रसारित हुआ और इसकी पहुंच कहां तक रही। पुलिस एवं साइबर सेल द्वारा उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर भी जांच आगे बढ़ाई जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने संबंधित अधिकारियों को जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने और प्रकरण से जुड़े सभी तथ्यों को सामने लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में विद्यार्थियों और अभिभावकों का विश्वास बनाए रखना सरकार और शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

विजय संचेती का इस वर्ष भी मासखमन

रायपुर/नवप्रदेश। पंचशील नगर निवासी एवं ÷तपस्वी रत्न÷ सुश्रावक श्री विजय संचेती ने नेपाल केसरी, राष्ट्र संत परम पूज्य गुरुदेव श्री



मणिभद्र मुनि जी के आशीर्वाद से एक माह का निराहार उपवास मासखमन आज पूर्ण किया। उनके इस कठिन तप की निरंतरता और साधना के प्रति समर्पण ने समाज के लोगों को प्रेरित किया है। विदित हो कि श्री विजय संचेती विगत 32 वर्षों से लगातार मासखमन की तपस्या करते आ रहे हैं। इस वर्ष उनका यह 33वां मासखमन है। जैन समाज में मासखमन को अत्यंत कठिन एवं विशिष्ट तपस्या माना जाता है। इसमें साधक पूरे एक माह तक अन्न एवं अन्य खाद्य पदार्थों का पूर्ण त्याग करते हुए केवल गरम जल का सेवन कर निराहार उपवास करता है। समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री विनय पटवा ने बताया कि लगातार 33 वर्षों से इस प्रकार की कठोर तपस्या करना अपने आप में एक असाधारण आध्यात्मिक उपलब्धि है। श्री संचेती की तपस्या धर्म के प्रति उनकी गहरी आस्था, आत्मसंयम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचायक है। उन्होंने कहा कि उनकी इस साधना से समाज के अन्य लोगों को भी संयम, त्याग और आध्यात्मिक जीवन की प्रेरणा मिलती है । श्री पटवा ने आगे बताया कि 33वें मासखमन का पारणा कुम्हारी स्थित जैन तीर्थ कैवल्य धाम में ÷बस्तर प्रहरी÷ परम पूज्य श्री राजेश श्री जी म. सा. आदि ठाणा के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। पारणा का कार्यक्रम प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 12:15 बजे के मध्य हुआ। इस अवसर पर जैन समाज के श्रद्धालु एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहकर तपस्वी श्री विजय संचेती का अभिनंदन तथा उनके तप की अनुमोदना की।

रायपुर एयरपोर्ट की 10 किलोमीटर परिधि में 41 वेस्ट डंप साइट चिन्हांकित

रायपुर/नवप्रदेश। विमानन एवं पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक में 13 अगस्त 2026 को दिए गए निर्देशों के अनुपालन में रायपुर एयरपोर्ट की 10 किलोमीटर की परिधि में स्थित वेस्ट डंप साइटों के चिन्हांकन, सफाई एवं समुचित प्रबंधन की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इसके तहत एयरपोर्ट की 10 किलोमीटर परिधि में कुल 41 स्थानों को वेस्ट डंप साइट के रूप में चिन्हांकित किया गया है। चिन्हांकित सभी स्थलों की सूची जियो-टैग लोकेशन, अक्षांश एवं देशांतर सहित तैयार की गई है। इससे प्रत्येक वेस्ट डंप साइट की सटीक पहचान एवं स्थलवार निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन के निर्देशानुसार जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), रायपुर की जिला एवं विकासखंड स्तरीय टीम द्वारा 21 अगस्त को चिन्हांकित स्थलों का स्थल निरीक्षण एवं सर्वेक्षण किया जा रहा है।

सीपेट रायपुर और डीटीआईसी दंतेवाड़ा द्वारा 'ग्रीन पैकेजिंग' पर कार्यशाला आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, सीपेट रायपुर ने भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय की ऋख्क योजना के अंतर्गत, डीटीआईसी दंतेवाड़ा के सहयोग से ÷एमएसएमई के लिए ग्रीन पैकेजिंगः अवसर एवं व्यवहार÷ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) द्वारा प्रायोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. आलोक साहू, प्रधान निदेशक एवं प्रमुख, सीपेट रायपुर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने ÷ग्रीन पैकेजिंगः एक व्यावहारिक रोडमैप÷ विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान भी प्रस्तुत किया। कार्यशाला में अन्य विशेषज्ञ वक्ताओं ने भी अपने विचार रखेः रेहान अली प्रधान, संस्थापक एवं सीईओ, मेटोल्यूशंस प्रा. लि., बैंगलोर ने ÷कृषि उप-उत्पादों से बने बायोपॉलिमर कंपाउंड्स फॉर ग्रीन पैकेजिंग÷ पर प्रस्तुति दी।

तेन्दुए की लगातार मौजूदगी को लेकर वन विभाग अलर्ट

- **13 गांवों में निगरानी बढ़ाई, ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील**
- **पिंजरे और ट्रैप कैमरे लगाए, तीन पालियों में वन अमले की गश्त**

गरियाबंद/नवप्रदेश वनमण्डल गरियाबंद के वन परिक्षेत्र गरियाबंद अंतर्गत बारूका एवं जड़जड़ा परिसर के विभिन्न ग्रामों में वन्यप्राणी तेन्दुए की लगातार मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। ग्रामीणों को संभावित जनहानि, जनघायल एवं पशुहानि से बचाने तथा लोगों को सतर्क करने के लिए वनमण्डल स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वन विभाग के अनुसार पंटोरा, चट्टानपारा, कोदोबतर, बारूका, जड़जड़ा, पेण्ड्रा, कोटरीघापर, भुईनाहाडेरा, कुर्रुभाठा, खट्टी, सढ़ौली, चिखली एवं आमदी सहित आसपास के गांवों में लगातार निगरानी की जा रही है। विभागीय अमले द्वारा गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को तेंदुए से बचाव के संबंध में आवश्यक सावधानियां बरतने की समझाइश दी जा रही है।

जिन गांवों के आसपास तेन्दुए को प्रत्यक्ष रूप से देखा गया है, उनके नजदीकी जंगलों में पिंजरे लगाए गए हैं। वहीं आसपास के जंगलों में ट्रैप कैमरे लगाकर तेन्दुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर वन कर्मचारियों की तैनाती के साथ नियमित गश्त भी कराई जा रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे रात्रि के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। विशेष रूप से छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों का ध्यान रखें और उन्हें अकेले बाहर न जाने दें। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा तीन पालियों में गश्ती की जा रही है, जिसमें प्रातः 5:00 बजे से पूर्वाह्न 11:00 बजे तक, पूर्वाह्न 11:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक तथा रात्रि 11:00 बजे से सुबह 5:00 बजे तक निगरानी शामिल है।

मोबाइल वाहन एवं अन्य सूचना तंत्रों के माध्यम से भी ग्रामीणों को तेंदुए से सुरक्षा के उपायों के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि तेन्दुए की गतिविधि अथवा किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर तत्काल वन विभाग को सूचित करें। तेंदुए से संबंधित सूचना के लिए वन मण्डल स्तर पर टोल फ्री नंबर 62681-77800 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा वनरक्षक श्री देवेन्द्र तिवारी के मोबाइल नंबर 70003-28264 तथा वनरक्षक श्री टेमन प्रसाद दुबे के मोबाइल नंबर 83193-00413 पर भी सूचना दी जा सकती है।

सीएम साय ने जेपी नड्डा से ली स्वास्थ की जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली । उन्होंने उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की।

धमतरी में 590 नशीली नाइट्राजेपाम गोलियां जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

धमतरी/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध नशीली दवाइयों की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नाइट्राजेपाम की 590 गोलियां, दो मोबाइल फोन और दो दोपहिया वाहन समेत कुल 69,720 रुपये का सामान जब्त किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(बी) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, 19 अगस्त की शाम मुखबिर से सूचना मिली थी कि बस स्टैंड धमतरी के पास एक युवक प्रतिबंधित नशीली गोलियां बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर पुलिस टीम और स्वतंत्र गवाहों के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान प्रियांशु महावर (21), निवासी जालमपुर वार्ड, धमतरी के रूप में हुई।

अशिक्षा का फायदा उठाकर 60 वर्षीय महिला की 21 डिसमिल जमीन हड़पी

डोंगरगांव/नवप्रदेश। ग्रामीण और अशिक्षित महिला की मजबूरी का फायदा उठाकर उसकी 21 डिसमिल जमीन हड़पने के आरोप में डोंगरगांव पुलिस ने 34 वर्षीय आरोपी मो. परवेज गोरी उर्फ ओमप्रकाश राजपूत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोप है कि आरोपी ने 7 डिसमिल जमीन के नाम पर महिला से दस्तावेजों में हस्ताक्षर कराकर 21 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करा ली। पुलिस के मुताबिक ग्राम अरसीटोला निवासी 60 वर्षीय जामबाई पति बलराम यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी मो. परवेज गोरी उर्फ ओमप्रकाश राजपूत ने उसकी जमीन खरीदने की बात कही थी। आरोपी ने 7-7 डिसमिल के हिसाब से कुल 21 डिसमिल जमीन खरीदने का इकरारनामा कराया। आरोप है कि रजिस्ट्री के दौरान महिला को 7 डिसमिल जमीन के दस्तावेज बताए गए, लेकिन उसके स्थान पर 21 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करा लिए गए।

शिकायतकर्ता के अनुसार, महिला की अशिक्षा और ग्रामीण होने का फायदा उठाकर पूरी प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। जमीन के एवज में दिए गए चेक में से एक चेक अनादरित होने के बाद मामले का खुलासा हुआ। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 237/2026 के तहत धारा 318(4), 3(5) बीएनएस में मामला दर्ज किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन : 0771-3526755, 6262188999